

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएँ

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.in

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

## एक के बाद एक परीक्षा देता बेचारा अभ्यर्थी, पेपर आउट!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

हिन्दू धर्म में श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें ईश्वर, कर्म, फल, ज्ञान, जीवन के बारे में बहुत ही विस्तृत और एक-एक बात को बड़े ही सलीके से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है। अर्जुन के माध्यम से गीता का ज्ञान मनुष्य को दिया गया है। गीता में एक श्लोक है :-

*कर्मण्येवाधि कारस्ते।*
*मा फलेषु कदाचनः।*

अर्थात कर्म तो करते जाओ, मगर फल की इच्छा मत करो। बात तो सही है क्योंकि कर्म करना ही हमारे हाथ है फल तो हमारे हाथ है नहीं, फल तो मिले तो मिले वरना असफलता मिलती है। अब अगर आज के पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं दिन-रात पढ़ते रहते हैं। ट्यूशन जाते हैं, कोचिंग करते हैं। दुनियाभर के पेपर, पुस्तकें पढ़ते रहते हैं और परीक्षाएं देते रहते हैं। मगर कभी परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं तो कभी पेपर आउट होने से दी हुई परीक्षा बेकार हो जाती है। घर वालों का ढेर सारा पैसा जो कोई घर से देता है तो कोई कर्ज लाकर बच्चों के भविष्य के लिए खर्च करता है। कई छात्र-छात्राएं ट्यूशन आदि करके अथवा पार्ट टाइम काम करके अपने खर्चे के लिए दो पैसे कमाते हैं और परीक्षाओं में बैठते हैं। परीक्षाएं रद्द होने पर जब छात्रों का दिमाग खराब होता है और वे निराश हो जाते हैं तो गीता का उपदेश कि-

*कर्म किए जा फल की इच्छा मत कर रे इंसान।*

को सुधार कर इस प्रकार पढ़ने को मजबूर होते हैं कि-

*फार्म भरे जा, नौकरी की इच्छा मत कर रे इंसान।*

क्या करे छात्र बेचारा। कुछ भर्तियों की जगह निकलती है और हजारों लाखों की संख्या में छात्र फार्म भरते हैं। वे पैसा तो छात्रों को वापस मिलता नहीं है। गया जो गया। इस प्रकार लाखों करोड़ों रुपए वैकेंसी निकालने वाली संस्थाओं के पास चला जाता है। तैयारियों पर खर्च होता है जो अलग। मगर नौकरी न मिले तो छात्र ठगा सा देखता रह जाता है। अगर नौकरी लग भी जाए तो भी बड़ी संख्या में फार्म भरे जाते हैं उनका पैसा जो कि लाखों-करोड़ों में होता है वह तो सीधे-सीधे संस्था की आय हो गई।

shivdayalmishra@gmail.com

### राजस्थान विवाह निवार्य पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2021

## हाईकोर्ट में चुनौती

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बालिका वधू सीजन -2 के सोशल कैंपेन को प्रमोट करने वाली सारथी ट्रस्ट की ट्रस्टी डॉ. कृति भारती ने राजस्थान सरकारर की ओर से हाल ही में लाए राजस्थान विवाह का अनिवार्य पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2021 को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी है। डॉ. कृति ने बाल विवाह पंजीकरण करने के प्रावधान पर आपत्ति जताकर संवैधानिक वैधता को राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच में जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी है।

### लखीमपुर खीरी : हिंसा की जांच के लिए UP सरकार ने 6 सदस्यीय SIT का गठन किया

# एफआईआर के बाद प्रियंका गांधी गिरफ्तार



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सीतापुर।** लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच के लिए 6 सदस्यीय स्पेशल इंवेस्टिगेटिंग टीम का गठन किया गया है। देर शाम यूपी सरकार ने जांच टीम की घोषणा की। इधर, हिंसा में मारे गए किसानों के परिवारों से मिलने पहुंचीं प्रियंका गांधी को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें सीतापुर स्थित पीएसी के गेस्ट हाउस में 30 घंटे हिरासत में रखने के बाद गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन और शांति भंग की आशंका जैसी धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस कुछ देर में उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। समचार लिखे जाने तक उन्हें कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। फिलहाल पुलिस ने गेस्ट हाउस को ही अस्थाई जेल के रूप में तब्दील कर दिया है। उधर प्रियंका की गिरफ्तारी से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता पीएसी गेस्ट हाउस के बाहर हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने गेस्ट हाउस के बाहर बैरिकेड्स तोड़ दिए और नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी झड़प हो गई, क्योंकि कार्यकर्ता खाना बनाने का सामान और टेंट लेकर पहुंच गए थे और पुलिस ने उन्हें रोक दिया। वहीं प्रियंका ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया है। उन्होंने किसानों को जीप से कुचलने का वीडियो शेयर करते हुए पूछा है, आप आजादी का अमृत उत्सव मनाने लखनऊ आए हैं। आपने लखीमपुर खीरी का यह वीडियो देखा है। जिसमें आपकी सरकार के एक मंत्री के बेटे की गाड़ी के नीचे किसानों को कुचलते हुए दिखाया गया है। प्रियंका ने पीएम से सवाल किया है कि मंत्री और उनका बेटा अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं हुए हैं? आप इस वीडियो को देखिए और देश को बताइए कि मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया गया? और मेरे जैसे विपक्षी नेताओं को बिना किसी एफआईआर के हिरासत में क्यों रखा हुआ है? कांग्रेस महासचिव ने पीएम मोदी से लखीमपुर आकर पीड़ित किसानों से मिलने का आग्रह किया है।

#### किसान के समर्थन में कांग्रेस

**उधर,** राजस्थान पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी के साथ हुए दुर्व्यवहार से आहत है और लखीमपुर में जो किसान मारे गए हैं उसी कांग्रेस पार्टी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। सभी ने कहा कि जिस तरह से यूपी में प्रियंका गांधी को रोका गया है उसी तरीके से प्रदेश सरकार ने किसानों के हित के लिए जो तीन कानून बनाए थे उनको भी राजभवन ने रोका हुआ है।

### धरना-प्रदर्शन : प्रियंका गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में जयपुर में कांग्रेस का मौन जुलूस

# किसान की आवाज नहीं दबने देंगे-गहलोत



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों के मामले को लेकर प्रियंका गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में कांग्रेस ने योगी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज सभी जिलों में धरने दिए है। वहीं जयपुर शहर कांग्रेस की ओर से कलेक्ट्रेट सर्किल से पीसीसी तक मौन जुलूस निकाला गया। पहले कलेक्ट्रेट सर्किल पर धरना देने का कार्यक्रम था। फिर इसमें बदलाव कर दिया गया और मौन जुलूस निकाला जाना तय किया। मौन जुलूस के बाद अब पीसीसी पर आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में सीएम अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा, जयपुर शहर के समस्त विधायक, मंत्री,मेयर-डिप्टी मेयर, पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष और अन्य नेता मौजूद रहे।

#### किसान की आवाज नहीं दबने देंगे-गहलोत

**सीएम** अशोक गहलोत ने इस मौके पर कहा कि देश का किसान एक साल से ज्यादा समय से आंदोलन कर रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। केंद्र और भाजपा की सरकारें किसानों पर अत्याचार कर रही हैं, केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसान धरने पर बैठा है लेकिन सरकार का ध्यान ही नहीं है। नेताओं ने कहा कि यूपी के पीलीभीत में किसान हिंसा के मामले में केंद्र के मंत्रियों पर लगे आरोप दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यूपी की पुलिस किसी भी तरह के अत्याचार से उनको नहीं रोक सकती है।

## इस बार घट स्थापना के लिए सिर्फ 47 मिनट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर शारदीय नवरात्र शुरू होंगे। इस बार घटस्थापना के लिए 47 मिनट मिलेंगे। दरअसल नवरात्र के पहले दिन दिनभर चित्रा नक्षत्र व वैधृति योग रहेगा। ऐसे में सुबह 11.52 से दोपहर 12.38 तक अभिजित मुहूर्त में ही घट स्थापना कर सकेंगे। वहीं 9 साल बाद शारदीय नवरात्र 8 दिन के ही होंगे। इससे पहले शारदीय नवरात्र साल 2012 में आठ दिन के आए थे। 8 साल बाद 2029 में आठ दिन के शारदीय नवरात्र रहेंगे। साकेत पंचांग के ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार प्रतिपदा के दिन सम्पूर्ण दिन चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग विद्यमान रहे तो देवी का आह्वान और घट स्थापना सिर्फ अभिजित मुहूर्त में ही कर सकते है। इस बार आश्विन प्रतिपदा के दिन चित्रा नक्षत्र रात 9.13 बजे तक रहेगा, वहीं वैधृति योग मध्यरात्रि बाद 1.39 बजे तक रहेगा। देवी पुराण में देवी का आह्वान, स्थापना व पूजन का समय प्रातः काल में बताया गया है, लेकिन प्रतिपदा के दिन चित्रा नक्षत्र व वैधृति योग में इसे वर्जित बताया गया है। हालांकि प्रतिपदा को सम्पूर्ण दिन चित्रा नक्षत्र व वैधृति योग विद्यमान रहे तो देवी का आह्वान व घट स्थापना अभिजित मुहूर्त में ही करने के निर्देश मिलते हैं।

### जयपुर पुलिस ने 6 घंटे में पेश किया था चालान : पॉक्सो कोर्ट ने 9 साल की बच्ची के दुष्कर्मी को 20 साल की सजा सुनाई

# प्रदेश का पहला केस : रेपिस्ट को 9 दिन में दिलाई सजा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में 9 साल की बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले 25 साल के युवक को पॉक्सो कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। फैसला मात्र 9 दिन में हो गया। राजस्थान पुलिस का यह पहला ऐसा मामला है, जिसमें आरोपी को महज 13 घंटे में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद 6 घंटे के भीतर कोर्ट में चालान पेश किया गया।मामला कोटखावदा का है। गिरफ्तारी से लेकर चालान पेश करने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी साउथ हरेंद्र महावर ने सहयोगियों के साथ मिलकर तेजी से काम किया। इसके लिए करीब डेढ़ सौ पुलिस कर्मियों की पांच अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं। 29 सितंबर को ट्रायल शुरू हुआ था। 19 लोगों की गवाही हुई थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीड़िता के बयान कराए गए थे। लोक अभियोजक ने आजीवन कारावास की सजा की मांग की थी। कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

#### दादा के लिए बीड़ी लेने गई थी बच्ची

डीसीपी हरेंद्र महावर ने बताया कि कमलेश मीणा को कोर्ट ने सजा सुनाई है। वह कोटखावदा थाना इलाके में बालमुकुंदपुरा उर्फ बासड़ा गांव का रहने वाला है। 26 सितंबर की शाम 9 साल की लड़की बाजार में दादा के लिए बीड़ी लेने गई थी। उसे अकेला पाकर शाम 6 बजे अपहरण कर लिया। सुनसान जगह ले जाकर कमलेश ने दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने पर उसे गला दबाकर मारने का प्रयास भी किया। उधर, कमलेश ने इस अपराध के लिए अफसोस जताया।

#### रात में थाने पहुंचा मामला

**रात** करीब 9:30 बजे मामला कोटखावदा थाने पहुंचा। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद तंवर के नेतृत्व में जांच शुरू हुई। डीसीपी हरेंद्र महावर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार शर्मा व चाकसू एसीपी देवीसहाय मीणा के नेतृत्व में 150 पुलिसकर्मियों की 5 टीमें बनाईं।

#### टीमों को अलग-अलग काम

पांचों टीमों को अलग-अलग काम सौंपा गया। एक टीम साक्ष्य इकट्ठा करने और अनुसंधान में जुटी तो दूसरी टीम को कमलेश की गिरफ्तारी में लगाया गया। तीसरी टीम को चालान पेश करने के लिए फाइल वर्क और पत्रावली तैयार करने का जिम्मा सौंपा। चौथी टीम को तकनीकी साक्ष्य जुटाने को कहा गया। पांचवीं टीम को विधिक सहायता और गठित की गई अन्य टीमों से समन्वय करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

#### 13 घंटे में गिरफ्तार हुआ

पुलिस ने 13 घंटे के भीतर फरार कमलेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ चालान भी पेश कर दिया। कोटखावदा थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद तंवर, पुलिस इंस्पेक्टर सज्जन सिंह, मनफूल सिंह, सांगानेर सदर से सब इंस्पेक्टर संग्राम सिंह, चाकसू थाना प्रभारी हीरालाल सैनी, सांगानेर सदर थाना प्रभारी हरिपाल सिंह राठौड़, रामकिशन विश्नोई ने टीम का नेतृत्व किया।

### दीपावली पर तुला राशि में होंगे चार ग्रह

## महालक्ष्मी के आगमन पर इस बार दुर्लभ योग लाएगा समृद्धि



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** निराशा, दरिद्रता और अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर समृद्धि का उजियारा करने वाले महापर्व दीपावली को सिद्धियों व निधियों की अधिष्ठात्री विष्णुप्रिया पूजन पर इस बार 4 नवम्बर को दुर्लभ योग बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार लक्ष्मी-गणेश पूजन पर चार ग्रहों का विशेष योग में एक ही राशि में चार ग्रह गोचर कर रहे होंगे। इसी दिन सूर्य, बुध, मंगल और चंद्रमा तुला राशि में गोचर करेंगे। चार ग्रहों की इस युति से दीपावली के दिन शुभ योग बन रहा है। इस शुभ योग में दीपावली का त्योहार सभी राशियों के लिए बहुत शुभ रहेगा।

#### चार प्रमुख ग्रहों की युति लाएगी सभी के लिए शुभता

**इस** बार दिवाली पर तुला राशि में सूर्य मौजूद रहेगा, जो 17 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे प्रवेश कर 16 नवंबर तक रहेगा। सूर्य ग्रहों का राजा है। इसके कारण ये हर किसी के लिए शुभता लेकर आएगा। तुला राशि में बुध ग्रह भी रहेगा। यह 2 नवंबर की सुबह 9.53 मिनट पर तुला राशि में गोचर करेंगे। मार्गी अवस्था में गोचर करते हुए ये 21 नवंबर की सुबह वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे। ज्योतिष अनीष व्यास के अनुसार बुध ग्रहों के राजकुमार हैं, जिसके कारण धन लाभ और व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। तुला राशि में मंगल ग्रह भी प्रवेश कर रहा है। यह ग्रह तुला राशि में 22 अक्टूबर से 5 दिसंबर तक रहेगा। मंगल ग्रहों का सेनापति है। तुला राशि में चंद्रमा भी प्रवेश कर रहा है। चंद्रमा को मन का कारक माना जाता है। वहीं सूर्य को पिता और चंद्रमा को माता का कारक माना जाता है। अमावस्या तिथि 4 नवंबर को सुबह 6.03 मिनट से 5 नवंबर की सुबह 2.44 मिनट तक होगी।

## गांधीनगर में भाजपा को 10 साल बाद बहुमत, नगर निगम की 44 में से 41 सीटें जीतीं

**गांधीनगर @ जागरूक जनता।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव के नतीजे आ गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस गढ़ में भाजपा ने 44 में से 40 सीटों पर जीत हासिल की है। इस तरह भाजपा म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन क 90त्न पर कब्जा करने में कामयाब रही है। वहीं, कांग्रेस को 3 और आम आदमी पार्टी यानी क्क को एक सीट ही मिली। गांधीनगर में महानगर पालिका चुनाव के लिए रविवार को वोटिंग हुई थी। नतीजे आने के बाद भाजपा कार्यालय कमलम पर पार्टी कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।




राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 33°C | 26°C |
| जोधपुर | 34°C | 26°C |
| अजमेर | 32°C | 24°C |
| उदयपुर | 31°C | 23°C |

सूर्योदय ▸ प्रातः 06:23 बजे सूर्यास्त ▸ सांय : 05:58 बजे चन्द्रोदय ▸ 05:53 बजे चन्द्रास्त ▸ 06:14 बजे

## जागरूक खबरें

### कैंसर से बचने के लिए जागरूकता रैली निकाली



**जयपुर @ जागरूक जनता।** द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लबस की 3233ई-1 के तत्वावधान में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह कल्याणम के तहत लायंस क्लब जयपुर विद्याधर नगर की तरफ से कैंसर जागरूकता व शांति मिशन के अंतर्गत एक रैली निकाली गई। क्लब की संरक्षक स्नेहलता भारद्वाज के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में लगभग 250 स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी ने लोगों को गुटका, बीड़ी सिगरेट आदि व्यसन से दूर रहने व सावधानी बरतने का संदेश दिया। साथ ही कैंसर से होने वाले गंभीर परिणामों के बारे में जानकारी दी। रैली में लायंस क्लब जयपुर विद्याधर नगर के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, राजेश भारद्वाज, पंकज पुलासरिया, जोन चेयरपर्सन रीना पुलासारिया, रेखा अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विकास चौधरी व जयप्रकाश गुप्ता सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### उदक पापड़ विकास समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर सेक्टर 10 स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में उदक पापड़ विकास सीमित ने रक्त दान शिविर का आयोजन किया। शिविर में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, कांग्रेस के जनसेवक सीताराम अग्रवाल, सेंट्रल स्पाइन व्यापार परिषद के संरक्षक महेंद्र गोयल, संस्थापक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष मुकेश बिवाल, रत्नाकर शर्मा एवं मनोज शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन के लिए अध्यक्ष राजेंद्र मीणा का आभार व्यक्त किया। शिविर में भूतेश्वर महादेव मंदिर के महंत बालकिशन महाराज ने आशीर्वाद दिया।

### खाचरियावास का किया अभिनन्दन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गुलाबी नगर विकास समिति सोडाला वार्ड 45 द्वारा क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का अभिनन्दन समारोह किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सचिव फिरोज खान उपसचिव प्रताप सिंह लीगल एडवाइजर राकेश कुमार और समिति के राम बाबू, असलम, पवन, विजय और शरद सहित अन्य पदाधिकारियों ने खाचरियावास का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समिति ने क्षेत्रीय समस्याओं व बीसलपुर पानी लाइन के बारे में एक ज्ञापन के द्वारा अवगत करवाया। मंत्री खाचरियावास ने जल्द ही समस्याओं के समाधान के आश्वासन के साथ क्षेत्र में सरकारी डिस्पेंसरी खोलने की भी बात कही।

### श्राद्ध तर्पण एवं पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर सेक्टर-6 स्थित गोविन्दम सामुदायिक केन्द्र में गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट जयपुर एवं भारत विकास परिषद मुरलीपुरा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक श्राद्ध, तर्पण एवं यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद की अध्यक्ष बीना पारीक ने बताया कि अपने पूर्वजों एवं दिवंगत आत्माओं की शांति एवं उद्धार के लिए श्राद्ध एवं तर्पण का हमारी संस्कृति में विधान है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. सुमन गुप्ता राजवंशी एवं स्नेहलता साबू महिला मोर्चा (भाजपा), नगेन्द्र वशिष्ठ, प्रांतीय मीडिया प्रकल्प प्रमुख भारत विकास परिषद, लोकचन्द हरिरामानी अध्यक्ष सिंधी समाज मुरलीपुरा सहित आसपास के अनेक प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

# राजधानी में लेन तोड़ने पर वाहनों का कटेगा चालान

## 67 फीसदी रोड एक्सीडेंट नेशनल हाईवेज पर होने से चिन्ता में परिवहन विभाग, टोल कम्पनियों पर सख्त कार्रवाई के लिए केन्द्र सरकार से मांग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के शहरी इलाकों की सड़कों पर लेन सिस्टम की कड़ाई से पालना करवाने की तैयारी की जा रही है। जिसकी शुरूआत राजधानी जयपुर से होगी। वाहन चालकों ने लेन सिस्टम तोड़ा, तो उन्हें चालान भरना पड़ेगा। दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में भी बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए लेन सिस्टम लागू करना जरूरी हो गया है। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के बस स्टैंडों, ऑटो स्टैंडों पर लेन सिस्टम की कड़ाई से पालना करवाई जाए, ताकि पब्लिक व्हीकल्स से बिना जगह ट्रैफिक जाम के हालत नहीं बनें।



### लेन तोड़ने वालों का चालान बनाया जाएगा

परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि विभाग की ओर से प्लान तैयार किया गया है कि लेन सिस्टम को कड़ाई से लागू करके ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जाए। इससे एक्सीडेंट भी रुकेंगे। जिस तरह से बस और ऑटो स्टैंडो के आस-पास मेन रोड पर घुमाव, मोड़ या कोनों में ही बसें,ऑटो और दूसरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन खड़े होकर सवारियों का इंतजार करने लग जाते हैं। उससे जाम के हालात बन जाते हैं। इस अव्यवस्था को रोकने के लिए लेन सिस्टम लागू करने किया जाएगा। लेन तोड़ने पर वाहनों का चालान बनाया जाएगा। सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी सड़क सुरक्षा को लेकर चिन्तित हैं। राजस्थान सरकार रोड एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए मॉडर्न टेक्नोलॉजी डवलप करने की योजना बना रही हैं। इसके लिए सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्यों से दूसरे राज्यों और राजस्थान में सड़क सुरक्षा में किए जा रहे कामों की रिपोर्ट भी पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इस तरह रहेगा लेन सिस्टम

टू व्हीलर्स और थ्री व्हीलर्स,ई रिक्शा, लाइट मोटर व्हीकल जिसमें कार,जीप आते हैं, उनके लिए अलग लेन और हैवी व्हीकल रोडवेज,लोक परिवहन,मिनी बसों औरर निजी ट्रैवल्स बसों के लिए अलग लेन तय रहेगी। फुटपाथ का एरिया पैदल राहगीरों के लिए खाली रखा जाएगा। फुटपाथ पर दुकान वालों को अतिॠ मण या वाहनों को पार्क नहीं करने दिया जाएगा।

### टोल कंपनियों पर सख्ती बरतें NHAI

खाचरियावास ने कहा कि टोल कंपनियों की लापरवाही से प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे ज्यादा 67 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन्हें रोकने के लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को टोल कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। टोल संचालन पर देने की नियम और शर्तों में पूरे क्षेत्र अधिकार में बैरिकेडिंग कराने, लाइट लगवाने और समय पर हाईवे की मरम्मत कराने को भी जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए परिवहन विभाग केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखेगा।

### परिवहन विभाग, जेडीए, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस करेंगे जॉइंट सर्वे

**खाचरियावास** ने कहा कि जयपुर में कई बस स्टैंड ऐसी जगह पर बने हुए हैं, जहां पर घुमाव और ज्यादा ट्रैफिक लोड की वजह से रोड एक्सीडेंट की ज्यादा आशंका रहती है। इसके लिए परिवहन विभाग, जेडीए, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस को एक जॉइंट सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। इस सर्वे में कहां-कहां पर बस स्टैंड बने हुए हैं, इन बस स्टैंडों के अलावा कौन-कौनसी जगहों से बसें यात्रियों को बैठाती-उतारती हैं, क्या बस स्टैंड सही जगह पर बने हुए हैं,रोड एक्सीडेंट रोकने के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे पॉइंट्स पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### वाहन चालक खुद भी निभाएं जिम्मेदारी

**स्टेट** रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कई प्रस्ताव लिए गए हैं। स्कूल शिक्षा के एसीएस पवन कुमार गोयल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तकनीक के साथ-साथ खुद भी जिम्मेदारी लेकर ट्रैफिक रूल्स के अनुसार वाहन चलाएं। परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अभय कुमार ने कहा कि इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस सिस्टम के जरिए सड़क दुर्घटनाओं के मौके रिपोर्ट देखकर कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सर्वपितृ अमावस्या पर 11 वर्ष बाद बना गजछाया योग

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पितृ पक्ष की अंतिम तिथि आश्विन मास की अमावस्या को पड़ती है और इस तिथि को सर्व पितृ अमावस्या भी कहा जाता है क्योंकि इस दिन उन सभी पूर्वजों की पूजा की जा सकती है, जिनकी मृत्यु की तिथि परिवार को ज्ञात नहीं होती है। इस साल 6 अक्टूबर बुधवार को सर्व पितृ अमावस्या 2021 पर्व मनाया जाएगा। सबसे खास बात ये है कि इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या को ऐसा शुभ योग बन रहा है, जो कई वर्षों में बनता है। 2021 की सर्वपितृ अमावस्या के बाद यह शुभ योग 8 साल बाद 2029 में बनेगा।

### 12 वर्षों तक पितरों की भूख शांत करता है गजछाया योग

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि पितृ पक्ष 2021 की अमावस्या के दिन गजछाया योग निर्मित हो रहा है। इससे पहले गजछाया योग 11 साल पहले 2010 में बना था। इस खास दिन 6 अक्टूबर को सूर्य और चंद्रमा दोनों ही हस्त नक्षत्र में सूर्योदय से शाम 04:34 तक रहेंगे। ग्रह नक्षत्रों की यह स्थिति ही गजछाया योग बनाती है। पौराणिक मान्यता है कि इस योग में श्राद्ध करने से पितरों की प्रसन्नता होती है और कर्ज से मुक्ति मिलती है। घर में सुख-समृद्धि आती है। माना जाता है कि गजछाया योग में श्राद्ध और दान करने से अगले 12 वर्षों तक पितरों की भूख शांत होती है। श्राद्ध के लिए गजछाया योग का काफी शुभ माना जाता है। इस योग के दौरान पितरों का श्राद्ध करें और घी मिश्रित खीर का दान करना शुभ होता है। ऐसा करने से पितृ कम से कम 12 वर्ष तक तृप्त होते हैं। साथ ही जरूरतमंद व गरीब को दान करना चाहिए और ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए। उन्हें अन्न और वस्त्र दान करें।

## सैल्यूट तिरंगा के प्रद्रेश अध्यक्ष आशुतोष को किया सम्मानित



**जयपुर/नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** वेस्टर्न कोर्ट जनपथ नई दिल्ली में आयोजित सैल्यूट तिरंगा के 4थे स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष शर्मा को सामाजिक क्षेत्र में किए अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। शर्मा को राज्यसभा में भाजपा सांसद एवं महामंत्री दुष्यंत कुमार एवं उदयपुर से सांसद अर्जुनलाल मीना एवं सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने सम्मानित किया।

### 'केकई के राम' विमोचित



**अमित** तिवारी (आजाद) लिखित पुस्तक 'केकई के राम' पुस्तक का सांसद मनोज तिवारी और उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीना ने विमोचन किया। इन्होंने लेखक का हौंसला बढ़ाते हुए पुस्तक की सराहना की।

## 31 दिसम्बर तक रजिस्ट्री पर 2 प्रतिशत की छूट

### वित्त विभाग ने बहुमंजिला बिल्डिंग में फ्लेट या खाली भूखण्ड के लिए आदेश जारी किया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बहुमंजिला बिल्डिंग में फ्लेट या खाली भूखण्ड की रजिस्ट्री कराने पर 2त्र स्टांप ड्यूटी में छूट मिलेगी। यह छूट 31 दिसम्बर तक मिलेगी, जिससे अभी 4त्र स्टांप ड्यूटी ही चुकानी होगी। वित्त विभाग ने इस बारे में दो अलग–अलग आदेश जारी किए है। आदेश के तहत बहुमंजिला बिल्डिंग में 50 लाख रुपए बाजार मूल्य तक के फ्लेट और 25 लाख रुपए बाजार मूल्य तक के खाली भूखण्ड की रजिस्ट्री पर छूट का लाभ मिल सकेगा। आदेश में स्पष्ट किया कि बहुमंजिला भवन के दायरे में चार से ज्यादा मंजिल वाली इमारतों को शामिल किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुमंजिला बिल्डिंग में 50 लाख रुपए बाजार मूल्य तक के फ्लेट पर इस छूट की अवधि को बढ़ाया गया है, जबकि 25 लाख बाजार मूल्य तक के खाली भूखण्ड को छूट के दायरे में अभी लिया गया है। बिना छूट अभी 6 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी निर्धारित है, जो छूट के बाद 4 प्रतिशत हो गई है।

## 4 बड़े ग्रहों के राशि परिवर्तन से बाजार का बदलेगा रूख, बढ़ेंगे रोजगार अवसर

# बुध, शुक्र मंगल और सूर्य ग्रह की बदलेगी चाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रहों की दशा के हिसाब से अक्टूबर का महीना काफी अहम रहने वाला है। इस महीने कई ग्रह अपनी स्थिति बदल रहे हैं और दीपावली के समय पर तुला राशि में एक साथ 4 ग्रहों के रहने से बेहद शुभ योग बन रहा है। इसके अलावा सभी चार ग्रहों के राशि बदलने से अलग-अलग राशि के लोगों को शुभ परिणाम मिलेंगे। जब-जब ग्रहों का राशि परिवर्तन होता है तब तब इसका व्यापक असर सभी 12 राशियों के जातकों पर पड़ता है। ज्योतिषियों के अनुसार इस महीने अक्टूबर में चार ग्रह बुध, शुक्र, मंगल और सूर्य ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। चार ग्रह राशि परिवर्तन से आम जनमानस के साथ.साथ अर्थव्यवस्था और वातावरण पर भी प्रभाव देखने को मिलेगा। सूर्य का अपनी नीच राशि तुला में गोचर करना कई महत्वपूर्ण बदलावों का कारण साबित हो सकता है। ग्रहों की स्थिति में हो रहे इन बदलावों से विभिन्न राशियों पर शुभ प्रभाव होगा।



### शुक्र ग्रह का राशि परिवर्तन

वैदिक ज्योतिष में शुक्र ग्रह को सुख, समृद्धि और वैभव प्रदान करने वाला ग्रह माना गया है। शुक्र का राशि परिवर्तन वृश्चिक राशि में 2 अक्टूबर को सुबह 9.35 बजे हो चुका है। और 30 अक्टूबर को 3.56 बजे तक शुक्र इसी राशि में रहेंगे। शुक्र ग्रह का प्रभाव आय, खर्चा, शारीरिक सुख-सुविधाएं, शौक और भोग-विलास पर होता है। बुध ग्रह के शुभ प्रभाव से शिक्षा, गणित, लेन-देन, निवेश और बिजनेस में फायदा मिलता है।

### सूर्य का तुला राशि में प्रवेश

सूर्य को सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। कुंडली में सूर्य ग्रह के मजबूत होने पर व्यक्ति का समाज में मान-सम्मान और यश में बढ़ोतरी होती है। तुला राशि में सूर्य का गोचर 17 अक्टूबर को दोपहर एक बजे होगा और यह ग्रह इस राशि मे 16 नवंबर को दोपहर 12.49 बजे तक रहेगा। तुला राशि में मंगल का गोचर 22 अक्टूबर को सुबह 1.13 बजे से होकर 5 दिसंबर तक होगा। मंगल का असर शारीरिक ऊर्जा और धातुओं में तांबे और सोने पर होता है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री के अनुसार अक्टूबर माह में शुक्र, बुध और सूर्य के राशि परिवर्तन से व्यापार में तेजी आएगी। रोजगार के अवसर बढ़ेगे। लोगों की आय में इजाफा होगा। राजनीति में बड़े स्तर पर परिवर्तन देखने को मिलेगा।

## 4 आवासीय योजनाओं में पंजीयन 12 अक्टूबर तक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान आवासन मण्डल ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत सेक्टर-8 व 26 प्रताप नगर, जयपुर व अरावली विहार आवासीय योजना, भिवाड़ी के साथ ही स्टूडियो अपार्टमेंट, प्रताप नगर, जयपुर में पंजीकरण की अंतिम तिथि बढा दी है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने बताया कि अब जनता इन योजनाओं में 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगी।




ANCHOR | पटाखों पर पाबंदी

# 5 हजार करोड़ का करोबार प्रभावित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शहर को रोशन करने वाले खुद अंधेरे में डूब गए है। सरकार ने लगातार दूसरे साल दिवाली से पहले ही पटाखों पर पाबंदी लगा दी है। सरकार के इन आदेशों से पटाखा कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है। पिछली दिवाली पर भी सरकार ने पटाखे बेचने और चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि मामला अब कोर्ट में पहुंच चुका है, लेकिन कोरोना के कम होते असर को देखते हुए जिन कारोबारियों ने पटाखे खरीद लिए या बुक करा दिए, उन्हें इस पाबंदी से भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इस बार भी सरकार ने प्रदेश में पटाखे बेचने पर 10 हजार रुपए और चलाने पर 2 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा।

### पटाखे नहीं अब बेच रहे है कपड़े

पटाख कारोबारी राजेश और उनका परिवार पिछले 50 साल से पटाखों के कारोबार से जुड़ा हुआ है। हर साल दिवाली से पहले अगस्त में ही इनका कारोबार शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार ये पटाखों की जगह कपड़े बेच रहे हैं। पटाखों की दुकान का साइन बोर्ड साइड में पड़ा है। अमूमन सभी पटाखा कारोबारियों का पिछले साल से यही हाल है। कोरोना महामारी को देखते हुए पिछली बार भी सरकार ने प्रदेश में पटाखे चलाने और बिक्री पर पाबंदी लगा दी थी।




### प्रदेश में पटाखा कारोबारियों की हालत

यहां करीब 5 हजार व्यापारी स्थाई लाइसेंस वाले हैं। इसमें पारम्परिक आतिशबाजी करने वाले शोरगर भी शामिल हैं। दिवाली पर लगभग 35 हजार अस्थाई लाइसेंस जारी किए जाते हैं। 10 से 15 पटाखा निर्माता यूनिट्स भी हैं। अनुमान है कि प्रदेश में दिवाली के मौके पर करीब 20 लाख लोगों को पटाखा व्यवसाय से रोजगार मिलता है। दिवाली के साथ सालभर होने वाले शादी समारोह को भी शामिल करें, तो यह सालाना करीब 5 हजार करोड़ का करोबार है।

### एडवांस पेमेंट, अब डूबा पैसा

देश में सबसे ज्यादा पटाखे बनाने वाली फैक्ट्रियां तमिलनाडू के शिवाकाशी में हैं। यहां सालभर पहले ही पटाखों की बुकिंग हो जाती है। थोक व्यापारी एडवांस पेमेंट कर पटाखे बुक कराते हैं। प्रदेश में सरकार ने पिछले साल जो पाबंदी लगाई गई थी, उसे इस साल फरवरी में हटा लिया गया था। इसके बाद प्रदेश के व्यापारियों ने दिवाली के लिए एडवांस पेमेंट जमा करा कर पटाखे बुक करा दिए। अब सरकार ने पाबंदी लगा दी। इससे व्यापारियों को करोड़ो का नुकसान तय है।

### ग्रीन पटाखे बड़ा विकल्प

देश में राजस्थान के साथ दिल्ली और हरियाणा में भी पटाखों की बिक्री पर रोक लगा रखी है। इसके पीछे दिल्ली में फैलने वाला प्रदूषण भी एक कारण है। इन राज्यों के अलावा देश में और कहीं भी अभी तक पटाखों के व्यापार पर सरकार की ओर से पाबंदी की सूचना नहीं है। अब प्रदेश में सरकार चाहे तो केवल ग्रीन पटाखों के लिए लाइसेंस जारी कर सकती है। इसमें प्रति लाइसेंस पटाखे बेचने की मात्रा भी तय हो सकती है। इसके लिए पटाखा व्यवसायी भी सहमत हैं।

कोरोना ने करोड़ों के इस कारोबार को ठप कर दिया और इससे जुड़े लाखों लोगों से उनका रोजगार को छीन लिया है। प्रदेश के बीस लाख लोग जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े है वह दूसरा काम करने के लिए मजबूर हो गए है।

**- जहीर अहमद,** अध्यक्ष, फायरवर्क्स आर्टिस्ट एसोसिएशन

**कुछ** दिन पहले सरकार ने व्यापारियों ने अस्थाई लाइसेंस के आवेदन मांगे थे और व्यापारियों ने आवेदन भी कर दिए थे। इसी को देखते हुए व्यापारियों ने एडवांस में पटाखे भी खरीद लिए है। अब रोक लगने से इन व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।

**- ललित सिंह सांचौर,** अध्यक्ष, जयपुर व्यापार मंडल

## गहलोत का दो दिवसीय चुनावी दौरा

# कल धरियावद और 8 को वल्लभनगर में करेंगे जनसभाएं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीमारी से रिकवर होने और 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले सीएम गहलोत अब एक्शन मोड में हैं। प्रशासन शहरों के संग और गांवों के संग अभियान की प्रदेश स्तरीय लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विरोधियों पर खूब गरजे तो अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2 दिन के चुनावी दौरे पर भी जाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री 7 अक्टूबर को धरियावद और 8 अक्टूबर को वल्लभनगर उपचुनाव क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा करेंगे।सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वल्लभनगर



और धरियावद दोनों ही जगहों पर तीन-तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 7 अक्टूबर को धरियावद के लसाडिया, झल्लारा और धरियावद में जनसभा करेंगे तो 8 अक्टूबर को वल्लभनगर का चुनावी दौरा करेंगे।

### नामांकन दाखिले भी रहेंगे साथ

**8** अक्टूबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान भी मौजूद रहेंगे। सीएम गहलोत दोनों प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी अजय माकन भी रहेंगे।

### प्रशासन शहरों के संग-गांवों के संग अभियान का करेंगे निरीक्षण

**वहीं** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 4 जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों में चल रहे प्रशासन शहरों के संग और गांवों के संग अभियान का भी औचक निरीक्षण करेंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत धरियावद और वल्लभनगर चुनावी सभा के बाद कहीं भी औचक निरीक्षण के लिए जा सकते हैं, जहां वे अभियान शिविरों में चल रहे हैं कामकाज का जायजा लेंगे और लोगों से चर्चा भी करेंगे।

## सीएम गहलोत ने गांधी जयंती पर किया प्रशासन गांवों के संग-शहरों के संग अभियान का आगाज

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलना चाहिए सरकार के कामों का लाभ: गहलोत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर एक प्रदेश स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रशासन शहरों के संग और प्रशासन गांवों के संग अभियान का आगाज किया।उन्होंने पांच लाभान्वितों को पट्टे वितरित कर दोनों अभियानों का राज्य स्तर पर आगाज किया। इस मौके पर गहलोत मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और कांग्रेस विधायक भी समारो में मौजूद रहे। इस दौरान ही मुख्यमंत्री गहलोत ने गांधी दर्शन म्यूजियम का शिलान्यास और महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गर्वेनस एंड सोशल साइंस का लोकार्पण भी किया। गांधी दर्शन म्यूजियम सेंट्रल पार्क में बनेगा, जबकि कनक भवन में 1.07 करोड़ की लागत से बने महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गर्वेनस एंड सोशल साइंस में महात्मा गांधी से जुड़े शोध कार्य होंगे। वहीं दोनों अभियानों के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी फैसलों का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलनी चाहिए। इसी भावनाके साथ 'प्रशासन गांवों के संग' एवं 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान की शुरूआत हुई है। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से गांधी जयन्ती के अवसर पर दोनों अभियानों के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों को उनके आवासों के पट्टे देकर उन्हें राहत देने का फैसला लिया है उम्मी है कि आमजन के सहयोग से ये अभियान सफल होंगे।

### अगले साल किसानों के लिए अलग से बजट

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार कल्याणकारी कार्यों के प्रति समर्पित है। युवाओं, बेरोजगारों, किसानों और पिछड़े वंचित वर्गों के लिए पिछले 3 बजट में हमारी सरकार ने कई योजनाओं और कार्यक्र मों की घोषणा की है। अगले वर्ष से किसानों के लिए पृथक से बजट पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 31 माह में से करीब 18 महीने कोरोना की चुनौती से निपटने में निकले। हमारी बजट घोषणाओं की पक्ष ही नहीं विपक्ष ने भी जमकर तरीफ की।

मुख्यमंत्री ने रीट परीक्षा के आयोजन का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार के आह्वान पर प्रदेश की जनता ने परीक्षार्थियों के लिए रहने एवं खाने की व्यवस्थाओं में आगे आकर सहयोग किया। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि अभियान में लगने वाले शिविरों में आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के लिए नियमों एवं परिपत्रों का सरलीकरण किया गया है। शिविरों में लाभार्थियों को भू-उपयोग के अनुसार अलग-अलग रंग के पट्टे दिये जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकेगा। जलदाय मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाओं और उनके संदेशों को जीवन में अपनाकर गरीबों एवं दीन-दुखियों की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दें।शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पट्टा वितरण का यह संवेदनशील निर्णय लेकर गरीबों को राहत देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हर विभाग में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

### इन्हें दिए पट्टे

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश स्तरीय समारोह में कौशल्या देवी और पुष्पा देवी को जेडीए का आवासीय पट्टा, जेसी प्रसाद को आवासन मण्डल, जड़ाव देवी को नगर-निगम ग्रेटर और नेहा को नगर-निगम हैरिटेज का पट्टा वितरित किया।सीएम ने प्रशासन गांवों के संग और शहरों के संग अभियान की मार्गदर्शिका, सर्वोदय विचार परीक्षा से संबंधित ई-बुकलेट और भवन विनियम कम्पेडियम का विमोचन भी किया। साथ ही राजस्थान आवासन मण्डल के मोबाइल एप की लॉन्चिग और इंदिरा गांधी शहरी ₹ डिट कार्ड योजना के लाभार्थी पंकज शर्मा को कार्ड वितरित किया।

# पंजाब सीएम चन्नी का जयुपर दौरा रद्द

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का जयुपर दौरा रद्द हो गया है। स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए चन्नी ने दौरा रद्द किया है। इसके पीछे सियासी वजह को मुख्य कारण बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लखीमपुरखीरी की घटना को देखते हुए पंजाब सीएम का दौरा रद्द हुआ है। चरणजीत सिंह चन्नी का 11 बजे जयपुर पहुंचने का कार्यक्रम था। चन्नी करीब सवा तीन घंटे जयपुर रुकने वाले थे। मंगलवार सुबह सामान्य प्रशासन विभाग को पंजाब सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री चन्नी का जयपुर दौरा रद्द होने की सूचना दी गई। चन्नी के आगे जयुपर दौरे की भी कोई तारीख नहीं दी गई है। अचानक चन्नी का जयपुर दौरा रद्द करने की सियासी हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं।



### सियासी भोज से गलत मैसेज जाने के डर से दौरा रद्द

किसानों को कुचलकर मारने की घटना के खिलाफ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को कल यूपी पुलिस ने लखीमपुरखीरी जाने से रोक दिया, वे धरने पर बैठ गई थीं। कांग्रेस आज प्रियंका को रोकने और किसानों को केंद्रीय मंत्री के बेटे की जीप से कुचलकर मारने की घटना के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन कर रही है। ऐसे समय चन्नी जयपुर आकर सीएम निवास पर भोज में शामिल होते तो गलत मैसेज जाता। यह मैसेज राजस्थान और पंजाब दोनों मुख्यमंत्रियों के लिए सही नहीं था। बताया जा रहा है कि इसी के डर से चन्नी ने जयपुर दौरा रद्द किया है।

### गहलोत की सियासी मैसेज देने की थी रणनीति

पंजाब कांग्रेस में जारी विवाद के बीच सीएम चरणजीत सिंह चन्नी की जयपुर यात्रा और उनके सम्मान में भोज देकर गहलोत ने हाईकमान और पार्टी को मैसेज देने का प्रयास किया था। इस भोज सियासत के जरिए गहलोत पार्टी में खुद को मजबूत और हाईकमान की इच्छा अनुरूप चलने वाले नेता की छवि को मजबूत करना चाहते थे। गहलोत दो अक्टूबर को एक समारोह में पांच साल तक सरकार चलने और सरकार के रिपीट होने का दावा कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ के सीएम भी कह चुके हैं कि पंजाब की तरह यहां कुछ नहीं होगा, इसी तर्ज पर अब गहलोत भी उसी लाइन पर हैं।

### गहलोत ने लखीमपुरखीरी की घटना का हवाला देकर भोज रद्द करने की बात कही

**सीएम** अशोक गहलोत ने ट्वीट करके लखीमपुर खीरी की घटना का हवाला देकर चन्नी के सम्मान में दिया जाने वाला भोज रद्द करने की घोषणा की है।

# 15 अक्टूबर तक विदा लेगा मानसून, बढ़ेगा तापमान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य में पिछले कई दिनों हो रही अच्छी बरसात के बाद अब मौसम बदल रहा है। भरतपुर में बूंदाबांदी के अलावा पूरा प्रदेश सूखा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 6 अक्टूबर से जोधपुर और बीकानेर संभाग के जिलों से मानसून विदाई लेना शुरू करेगा और करीब 15 अक्टूबर तक राजस्थान से मानसून के पूरी तरह से विदा होने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों का मौसम शुष्क रहने के चलते तापमान में हल्की सी बढ़ोतरी हुई। दिन के साथ रात का तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान परिस्थिति के अनुसार प्रदेश के ज्यादातर भागों में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। ऐसे में आने वाले दिनों में प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। तापमान की बात करें तो राजधानी जयपुर का दिन का तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि सबसे अधिक तापमान श्रीगंगानगर का 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## तीर्थ यात्रा: अयोध्या से रामेश्वरम् तक होंगे राम के दर्शन

# IRCTC कराएगी श्री रामायण यात्रा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आईआरसीटीसी अब प्रभु श्री राम की राह पर चलने को तैयार है। इसके तहत प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े स्थलों के पर्यटन स्थलों के दर्शन की योजना तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या से रामेश्वरम् तक तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराई जाएगी। इसे ÷श्री रामायण यात्रा÷ का नाम दिया गया हैं। इसके अंतर्गत नवंबर में मदुरै, पुणे, श्रीगंगानगर और अहमदाबाद से रवाना होंगी। इस दौरान भोजन, ठहरने की व्यवस्था, टूर गाइड एवं बसों द्वारा भ्रमण की व्यवस्था आईआरसीटीसी ही करेगा।

कोरोना काल को देखते हुए इन ट्रेनों में कोविड-19 के बाद सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया गया है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मेहमानों के लिए कोविड-19 टीका करण अनिवार्य है। इसके अलावा आईआरसीटीसी सभी को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगा। श्री रामायण यात्रा की संपूर्ण जानकारी के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट: https://www.irctc-tourism.com पर जा सकते हैं। यहां टिकट बुकिंग की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है।




### ये है श्री रामायण यात्रा का भ्रमण मार्ग

श्रीरामायण यात्रा के अंतर्गत अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर (नेपाल) श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और रामेश्वरम आदि अति महत्वपूर्ण तीर्थ-स्थलों का दर्शन भी शामिल किया गया है। यह पर्यटक ट्रेन देश के विभिन्न भागों से चलाई जाएगी। नवम्बर माह में इन ट्रेनों का संचालन मदुरै, पुणे, श्री गंगानगर व अहमदाबाद से प्रारम्भ होंगी।

### ये है किराया

» 16 से 27 नवंबर, प्रति व्यक्ति किराया - 11,340 रुपए
» 25 नवं से 11 दिसं प्रति व्यक्ति किराया- 16,065 रुपए
» 27 नवं से 04 दिसं प्रति व्यक्ति किराया-7,560 रुपए

### IRCTC ने कार्डिलेया क्रूज कांड से झाड़ा पल्ला

**भारतीय** रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम ने कार्डिलेया क्रूज कांड से अपना पल्ला झाड़ लिया है। आईआरसीटीसी ने साफ कहा है कि वह केवल कार्डिलेया क्रूज में पर्यटन के लिए सीटें बुक करता है। इन सीटों के आरक्षण को लेकर ही इस कार्डिलेया क्रूज से अनुबंध किया गया है। इसके अलावा कंपनी के साथ आईआरसीटीसी का कोई संबंध नहीं है।

## देव दर्शन के साथ प्रकृति के भी दर्शन

# अब धार्मिक स्थलों के साथ गोवा की भी होगी सैर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आईआरसीटीसी एक बार फिर पिछली यात्रा के सफल होने के बाद धार्मिक स्थलों की सैर कराएगा। लेकिन इस बार ये सफर सिर्फ धार्मिक स्थानों का ही नहीं होगा। क्योंकि इस 12 दिन के टूर पैकेज में चार ज्योतिर्लिंग के साथ गोवा की प्राकृतिक सैर भी होगी। 3 साल बाद एक बार फिर जयपुर से गोवा की सैर करवाई जाएगी। आईआरसीटीसी के डिप्टी जीएम योगेंद्र सिंह गुर्जर के अनुसार इस पैकेज में लोगों को एसी और नॉन एसी कोच में रिजर्वेशन कराने का विकल्प दिया जाएगा।

### नॉन एसी 11,340 व एसी का 18,900 रुपए किराया होगा

नॉन एसी के लिए 11,340 और एसी के लिए 18,900 रूपए किराया वसूला जाएगा। ट्रेन 17 अक्टूबर को पठानकोट से रवाना होकर चंडीगढ़, अंबाला, दिल्ली, रेवाड़ी, अलवर, बांदीकुई होते हुए जयपुर पहुंचेगी। जिसके बाद सबसे पहले ट्रेन गोवा की सैर करवाएगी। फिर महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, द्वारका, नागेश्वर, सोमनाथ, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी और साबरमती आश्रम का भ्रमण कराएगी। ट्रेन में बुकिंग शुरू होने बाद इसमें लोग गोवा की सैर ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस किराए में लोकल ट्रासंपोर्ट, ठहरना, नाश्ता, दोनों वक्त का भोजन शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए ऑनलाइन या बनी पार्क, कलेक्ट्री सर्किल स्थित आईआरसीटीसी के ऑफिस में भी ऑफलाइन भी टिकट बुक करवाए जा सकते हैं। गौरतलब है कि इस यात्रा में केंद्रीय कर्मचारी एलटीसी भी क्लेम कर सकते हैं। जिसके लिए उन्हें आईआरसीटीसी द्वारा अलग से सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा।




ANCHOR

## विधानसभा में अलग-अलग सवालों पर सामने आई जानकारी

# तीन राज्यों में नौकरी के लिए स्थानीय भाषा की परीक्षा पास करना जरूरी

### राजस्थान में एक प्रतिशत पदों पर बाहरी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कहने को संविधान नागरिकों को देश में कहीं भी नौकरी प्राप्त करने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन पंजाब, गुजरात व तमिलनाडू में नौकरी के लिए स्थानीय भाषा की परीक्षा पास करने का प्रावधान है।

तीनों राज्यों में सिविल सेवा में भर्ती के नियमों में इसका उल्लेख है, जबकि राजस्थान में पांच साल में करीब एक प्रतिशत पदों पर अन्य राज्यों के युवक–युवती चयनित हुए। विधानसभा में बजट सत्र में पूछे गए सवालों पर राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी आई। राज्य सरकार का कहना है कि गुजरात, पंजाब तथा तमिलनाडू में नौकरी के लिए राज्?य के मूल निवासी होने की बाध्?यता नहीं है, लेकिन राजकीय सेवा में स्?थानीय भाषा में टंकण परीक्षा या अन्?य परीक्षा पास करने का प्रावधान है। इस मुद्दे पर विधायकों की चिंता का अंदाजा लगाने को यह काफी



है कि अकेले बजट सत्र में चार विधायकों ने प्रश्न पूछकर यह मुद्दा उठाया।

### आरपीएससी ने 427 का चयन किया

विधानसभा में आइ जानकारी के अनुसार पिछले पांच साल में राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 43683 पदों के लिए भर्ती की, जिनमें से 427 पद यानि 0.97 प्रतिशत पदों पर प्रदेश के बाहर के अभ्यर्थियों का चयन हुआ। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से की गई भर्तियों में यह प्रतिशत 1.10 प्रतिशत रहा।

### यह भी जानकारी आई

» प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगार (31 दिसम्बर 2020 तक)– 1481878
» राजस्थानी भाषा बोलने वाले– देशभर में 25806344 व प्रदेश में 25279304

### विधानसभा में यह बताया गया

**विधायक बलजीत यादव का सवाल– क्या सरकार का प्रदेश के मूल निवासियों को ही नौकरियां देने का विचार है?**

**जवाब–** गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी और तमिलनाडू में तमिल भाषा में टंकण या अन्य परीक्षा पास करने का प्रावधान है, लेकिन मूल निवासी को ही नौकरी देने का कहीं प्रावधान नहीं है। विभिन्न राज्यों के विधिक प्रावधानों के अध्ययन के बाद ही कोई निर्णय संभव है।

**शकुंतला रावत का सवाल– क्या सरकार का बाहरियों को रोकने का इरादा है?**

**जवाब** – सेवा नियमों में भारतीय नागरिकों को सेवा में लेने का प्रावधान है, इसलिए बाहरियों की नियुक्तियां रोकने की मंशा नहीं है।

**इन्होंने भी पूछे सवाल– पानाचंद मेघवाल व अमित चाचान।**

'**हर** नागरिक को हर राज्य में नौकरी करने का समान अधिकार प्राप्त होना चाहिए।
'– **बी एल जाटावत,** पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

सीखने की बात

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# सपना साफ-सफाई का

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 और कायाकल्प व शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) 2.0 का शुभारंभ किया। इन दोनों प्रमुख योजनाओं का लक्ष्य भारत के शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। ये दोनों ही योजनाएं, इसलिए भी स्वागतयोग्य हैं, क्योंकि गंदगी के मामले में भारतीय शहरों की गिनती ऊपर होती है। कई बड़े शहरों में ऐसे-ऐसे गंदे इलाके हैं कि वहां से गुजरना भी खतरे से खाली नहीं होता। कचरा, गंदगी, बीमारी, दूषित पेयजल, दूषित हवा, ध्वनि प्रदूषण इत्यादि से कई शहरी इलाकों की हालत खराब है। अतः केंद्र के दोनों ही अभियानों की देश को बड़ी जरूरत है। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई को भी कचरा मुक्त शहर नहीं कहा जा सकता। स्वच्छता अभियान का लाभ देश ने पहले देखा है, लेकिन अब स्वच्छता पर नए सिरे से ध्यान देने की जरूरत है। नए अभियान में अगर पिछले अभियान जैसा जोश दिखा, तो कम से कम छोटे शहरों का कायाकल्प हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वच्छ भारत 2.0 मिशन के साथ उनकी सरकार शहरी क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इस अभियान में निचले स्तर पर अधिकारियों और स्थानीय निकायों को भी अपना पूरा योगदान देना पड़ेगा। अक्सर यह देखा गया है कि किसी भी अच्छी योजना को स्थानीय स्तर पर लापरवाही या उदासीनता के चलते नाकाम कर दिया जाता है। यह ध्यान रखना होगा कि स्थानीय स्तर पर समर्पण का अभाव नए अभियान के समय भी सामने आएगा। मूलभूत ढांचा वही है, उसी ढांचे का उपयोग शहरों को सुधारने के लिए करना है। ताजा अभियानों में शहरी अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों को आईना दिखाना भी जरूरी है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना होगा कि जिन देशों में साफ-सफाई की हम दुहाई देते हैं, उन देशों में गंदगी फैलाने पर कैसी कड़ाई होती है, कैसे दंड या जुर्माना लगता है। अभियान के दूसरे चरण में सीवेज, जल निकासी, पेयजल पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था की गई है। अनेक शहरों में सीवेज व जल निकासी का ढांचा फिर से खड़ा करने की जरूरत है, ताकि नए ढांचे के साथ शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री बोल रहे हैं कि शहरों में कचरे के ढेर को संसाधित किया जाएगा और पूरी तरह से हटा दिया जाएगा। लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारी वाकई ऐसा कर सकेंगे? क्या दिल्ली जैसे शहरों से भी कचरा के पहाड़ अब हट जाएंगे? प्रधानमंत्री के अनुसार, अभी भारत हर दिन लगभग एक लाख टन कचरे का निपटारा कर रहा है। जब 2014 में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था, तब 20 प्रतिशत से भी कम कचरे को निपटारा किया जाता था। आज दैनिक कचरे का लगभग 70 प्रतिशत प्रसंस्करण हो रहा है, अगला कदम इसे पूर्ण 100 प्रतिशत तक ले जाना है। जो लक्ष्य अब इन अभियानों के लिए तय किए गए हैं, उन्हें युद्ध स्तर पर पूरा करना चाहिए। विकसित व स्वस्थ्य देश के लिए स्वच्छता सबसे जरूरी है। हमें गांधी जी का उदाहरण भी हमेशा सामने रखना चाहिए। गांधी जी कहीं भी आंदोलन के लिए जाते थे, तो उनके काम की शुरुआत सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई से ही होती थी। इसमें कोई शक नहीं कि सभ्य इंसान बनने की पहली सीढ़ी साफ-सफाई ही है।

## सम्पादकीय

# कोई लापरवाही नहीं

केन्द्र सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई यह सूचना राहत देने वाली है कि देश में 18 साल से ऊपर की कुल आबादी का 69 फीसदी हिस्सा टीके का कम से कम एक डोज ले चुका है। एक चौथाई यानी 25 फीसदी आबादी को टीके के दोनों डोज लग चुके हैं। तय किए गए लक्ष्य के हिसाब से भले ही कम हो, लेकिन जिन सीमाओं और मजबूरियों के बीच टीकाकरण अभियान चलाना पड़ा है उन्हें देखते हुए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं कही जाएगी। देश में अब तक 88.9 करोड़ शॉट लगाए जा चुके हैं। प्रति सौ व्यक्तियों पर 63 शॉट का यह अनुपात 79.4 शॉट के वैश्विक औसत के लिहाज से बुरा नहीं है। इस बीच कोरोना संक्रमण के मोर्चे पर भी देश में हालात संतोषजनक दिख रहे हैं। सितंबर में पूरे महीने कोरोना से हुई मौत का प्रतिशत एक से कम (0.97 फीसदी) रहा। इस साल अप्रैल के बाद से यह पहला मौका है जब सीएफआर (मौत दर) इतनी कम पाई गई हो। पिछले हफ्ते कोरोना संक्रमण के कुल मामलों का 59.66 फीसदी केवल केरल में रेकॉर्ड किए गए हैं। यानी बाकी पूरे देश में हालात काफी हद तक काबू में हैं। निश्चित रूप से ये सारे तथ्य उत्साह बढ़ाने वाले हैं। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि यह वायरस न केवल रूप बदलने बल्कि जाते-जाते भी पलटकर हमला करने की अपनी क्षमता दिखा चुका है।दुनिया के कई देशों में जब इस चुनौती को करीब करीब समाप्त मान लिया गया, तब इसका पहले से भी ज्यादा गंभीर रूप सामने आ गया। अपने देश में भी जब कोरोना से सफलतापूर्वक निपटने की घोषणाएं होने लगीं, उसके लिए बधाइयां दी जाने लगीं, तब इसकी दूसरी लहर आई, जिसने पहली लहर के कहर को पीछे छोड़ दिया। इसलिए ठीक ही सरकार ने टीकाकरण मुहिम की उपलब्धियां दर्शाते हुए भी लोगों को आगाह किया है कि किसी भी सूरत में सावधानियां बरतना कम न करें।अभी त्योहारों का सीजन आने वाला है। सामूहिकता इन त्योहारों की खास विशेषता होती है। बाजारों में जाकर खरीदारी करना भी इन त्योहारों का अनिवार्य माना जाने वाला हिस्सा होता है। लेकिन यह भी साफ है कि सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ संक्रमण फैलाने का सबसे बड़ा जरिया होती है। चुनाव रैलियों का रेला और कुंभ में जुटी भीड़ दूसरी लहर के लिए खास तौर पर जिम्मेदार माने जाते हैं। ऐसे में खास ध्यान रखने की जरूरत है कि इस बार वायरस को हमारी लापरवाहियों की ढाल न मिले। दुर्गापूजा से लेकर छठ तक तमाम त्योहारों में भीड़भाड़ से बचने को लेकर गाइडलाइन सरकार ने जारी कर दी है। मगर उस पर पालन हम सबको ही सुनिश्चित करना होगा। आखिर इसका नफा-नुकसान भी प्राथमिक तौर पर हमारे ही हिस्से में आना है।

**एक तरफ हम नौजवानों का देश होने का दम भर रहे हैं, दूसरी तरफ देश में उम्रदराज आबादी आज तमाम समस्याओं का सामना कर रही है। आधुनिक जीवनशैली में बुजुर्गों का अकेलापन बढ़ता जा रहा है। अकेलेपन के कारण बुजुर्ग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं और इसकी वजह से उनमें निराशा और अवसाद की भावना घर करती जा रही है।**

# जिनके लिए एक अभिशाप है बुढ़ापा!



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**शारीरिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार के अलावा परेशान करने वाली बात यह है कि देश में दो-तिहाई बुजुर्ग अकेलेपन का दंश झेल रहे हैं। ज्यादातर बुजुर्गों की दास्तान इतनी सी है कि नौकरी से रिटायर होने के बाद चूंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं था, ऐसे में उनके घर वाले भी उनकी उपेक्षा करने लगे और यहीं से उनके एकाकीपन की यात्रा शुरू होती है।**

मौजूदा दौर में हम लगातार इस बात पर गर्व करते रहे हैं कि हमारा देश युवाओं का देश है, क्योंकि देश की आधी से ज्यादा आबादी नौजवानों की है। लेकिन इस उजली तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि आधुनिक जीवनशैली में बुजुर्गों का अकेलापन बढ़ता जा रहा है। अकेलेपन के कारण बुजुर्ग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं और लंबे समय तक कायम रहने वाली बीमारियों के कारण उनमें निराशा और अवसाद की भावना घर करती जा रही है। ऐसे बुजुर्ग मरीजों की इच्छा रहती है कि परिवार के लोग ही उनकी देखभाल करें। परन्तु ऐसा हमेशा संभव नहीं हो पाता। बदलती जीवनशैली के साथ या आर्थिक कठिनाइयों के कारण पति-पत्नी दोनों को ही नौकरी करनी पड़ती है। उन्हें न तो इतना समय मिलता है और न सुविधा कि वे बुर्जुग मां-बाप की देखभाल कर सकें। इस कारण वे अपने बुजुर्गों को ओल्ड-एज होम में छोड़ देते हैं और समय-समय पर मिलने जाते रहते हैं। लेकिन ऐसे स्थानों पर बुजुर्ग अपने को असहाय व उपेक्षित महसूस करते हैं।

एक राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 3 प्रतिशत बुजुर्ग अकेले रहते हैं। 9.3 प्रतिशत ऐसे हैं, जो पति या पत्नी के साथ और 35.6 प्रतिशत ऐसे हैं, जो बच्चों के साथ रहते हैं। विदेशों के उदाहरण लें, तो कई देशों में बुजुर्गों की स्थिति अच्छी नहीं है। चीन में तो छह में से एक व्यक्ति 60 से अधिक उम्र का है। वहाँ के तमाम बुजुर्ग 'डिमेंसिया' से पीड़ित हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के बुजुर्गों में 'अल्जाइमर' की विकराल समस्या है। इसका इलाज लंबे समय तक चलता है। सभी देशों में इतनी सुविधा नहीं है कि वे मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में रख सकें। इसके समाधान के रूप में जापान ने 'केयर होम' का रास्ता निकाला है। प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अस्पतालों के डॉक्टर या नर्स बुजुर्गों से दिन में दो-तीन बार उनका हालचाल और दवाई लेने के बारे में पूछते रहते हैं।

अपने आपसपास आपको अनेक बुजुर्ग ऐसे मिल जाएंगे, जो कहते हैं कि दरअसल बुढ़ापा एक अभिशाप है। बुढ़ापे में जिंदगी जीने के लिए उन्हें हर पल संघर्ष करना पड़ता है। सामाजिक मूल्यों और आदर्शों को लोगों ने मानो तिलांजलि दे दी है। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक भारत की 20 प्रतिशत जनसंख्या वृद्ध हो जाएगी, जो कि वर्तमान में 6 प्रतिशत है। इसके बावजूद हमारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में बुजुर्गों और उनसे जुड़े रोगों के प्रति बेरुखी दिखाई गई है। बढ़ती उम्र के साथ अनेक प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। साथ ही पुराने रोग हरे हो जाते हैं। फिलहाल हमारे देश में बुजुर्गों में गैर संक्रामक रोगों एवं किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता की समस्या सबसे ज्यादा है। राष्ट्रीय स्तर के एक सर्वे के अनुसार बुजुर्गों की 80 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। इस कारण उन तक पर्याप्त सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं। हमारे 30 प्रतिशत के लगभग बुजुर्ग गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में आते हैं। हमारी स्वास्थ्य प्रणाली बुजुर्गों में बढ़ती गैर संक्रामक बीमारी जैस अल्ज़ाइमर डिमेंसिया (इन रोगों में याददाश्त प्रभावित होती है) आदि से निपटने के लिए पर्याप्त साधन नहीं रखती। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी इस प्रकार के रोगियों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित नहीं हैं। ऐसे मामलों में स्वास्थ्य सेवाएं अपर्याप्त तो हैं ही, साथ ही अस्पताल में भर्ती होने का खर्च भी बहुत ज्यादा है। इंडिया ह्यूमन डेवलपमेंट सर्वे के अनुसार हाल के दौर में पुराने और असंक्रामक रोगों से पीड़ित बुजुर्गों की संख्या दुगुनी हो गई। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। हमारे देश में भी ऐसे बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जिन्हें अपने लोग ही सता रहे हैं। काफी संख्या में ऐसे बुजुर्ग हैं जो शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तरीके से शोषण का शिकार हो रहे हैं। देश के बड़े शहरों में वृद्धाश्रम खुलने की रफ्तार तेज हो रही है और पिछले एक साल में ऐसे वृद्धाश्रमों में कई नए लोग भी आए हैं। वजह यह है कि महामारी के बाद देश में लगे लॉकडाउन के दौरान बुजुर्गों की देखभाल करने को लेकर परिवार में काफी ज्यादा झगड़े हुए हैं। ज्यादातर बुजुर्गों की दास्तान इतनी सी है- 'नौकरी से रिटायर होने के बाद मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। बहू मेरी देखभाल नहीं करना चाहती थी। मेरे बेटे ने सोचा कि इस जगह पर रहना मेरे लिए सबसे अच्छा होगा क्योंकि उसे लगा कि मैं एक बोझ हूं।' जाहिर है कि अनेक परिवारों में कोरोना महामारी से पैदा हुए नकारात्मक माहौल की वजह से बुजुर्गों को ताने दिए गए। उनके साथ गलत व्यवहार किया गया और कई बार उनका शोषण भी किया गया। बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में जाने के लिए मजबूर किया गया। हाल में हुए राष्ट्रीय सर्वे 'लॉन्जिटूडनल एजिंग स्टडीज ऑफ इंडिया (एलएएसआई)' में भी गंभीर मामलों का पता चला है। सर्वे के नतीजों में बताया गया कि देश में 60 और उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 5 प्रतिशत लोगों के साथ पिछले एक साल में शारीरिक और भावनात्मक शोषण हुआ है। उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। यह समस्या बिहार, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में सबसे अधिक देखी गई। दुर्व्यवहार करने वाले कोई और नहीं, बल्कि वे लोग ही थे जिन्हें इन बुजुर्गों ने पाल-पोस कर बड़ा किया था। यानी उनके बच्चे और पोते-पोतियां।



सामाजिक कलंक और किसी तरह की सहायता न मिलने के डर से ये बुजुर्ग अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार के मामलों की शिकायत नहीं करते हैं। दरअसल बुजुर्गों का समूह एक कमजोर समूह है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दुर्व्यवहार का तरीका क्या है, लेकिन इसका असर काफी ज्यादा होता है। व्यक्ति को लगातार मानसिक चोट पहुंचती है। ये लोग पहले से ही अपनी उम्र की वजह से कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे होते हैं। बुजुर्गों का अपमान करना, दुर्व्यवहार का सबसे सामान्य तरीका है। जब उनके परिवार के सदस्य और रिश्तेदार उनसे बात नहीं करते, समय नहीं बिताते या उनकी जरूरतों का ख्याल नहीं रखते हैं, तो ऐसे में बुजुर्ग अपमानित महसूस करते हैं।

## आत्म चिंतन

# जितनी चादर उतने पाव, मन में हो सुख शांति का भाव



नविता मिश्रा
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

**आजकल** ज्यादातर युवाओं का जीवन किसी ना किसी सेलिब्रिटी के इर्द-गिर्द घूम रहा है, क्योंकि इंटरनेट ने इन सब की दिनचर्या या लाइफस्टाइल हमारे मोबाइल तक या कहे हमारे सपनों तक पहुंचा दी है। चाहे उनके खाने का मैन्यू हो, या उनका पसंदीदा ब्रांड, उनका पसंदीदा पर्यटक स्थल। या उनके अच्छे बुरे शोख। युवा अपने सितारे को बहुत ज्यादा फॉलो करना चाहते हैं। उन्हीं की तरह बोलते हैं, कपड़े पहनना ,या यूं कहें उनकी परछाई सा बन जाना उन्हें लुभा रहा है। उन से प्रेरित होकर हर कोई खास बनने की दौड़ में लगा हुआ है। आम बने रहना तो स्वभाव में ही नहीं रहा। खास बनने की होड़ युवाओं के मानसिक और शारीरिक विकास को बाधित कर रहा है या यू कहे, मानसिक और शारीरिक विकार का कारण बनता जा रही है। जिसके चलते युवा गलत दिशा में चल पड़ते है। यह एक वैश्विक समस्या होती जा रही है। हर कोई दुनिया को मुट्ठी में करना चाहता है। जबकि वह भूल जाता है कि वह भी इसी दुनिया का हिस्सा है, कहां से आ गई एकदम से यह बड़े बनने की होड़ ,क्या इसने आपका सुख चैन नहीं छिना? हर कोई मंच पर आना चाहता है. अरे भाई हम सब मंच पर आ गए तो सुनने वाला कौन होगा, तालियां कौन बजाएगा? खास बनने की यह होंड़ हमारी आने वाली पीढ़ी में अवसाद का कारण बनती जा रही है। मन अहंकार से भरे जा रहे हैं और स्वभाव में अधीरता आ रही है. क्योंकि हम जो नहीं हैं हम वह बने बैठे हैं। हमने दुरुस्त करने की आदत छोड़ दी चाहे कपड़े हो, जूते हो, समान हो या रिश्ते जो थोड़ा बिगड़ गया हैं,टूट गए हैं या फट गए हैं , ठीक करने-कराने के स्थान पर बदलने की आदत आ गई है, हो रहा है ना यह सब आपके भी आसपास?

पहले जब कोई कपड़ा फट जाता था उसे ठीक कर उपयोग में लिया जाता था। चप्पल टूटने पर मोची उसे दोबारा पहनने लायक बना देता। घर का सामान ठीक होकर फिर अपने स्थान पर आ जाता. शायद लगाव था निर्जीव वस्तुओं से भी और कुछ बचत की आदत भी थी। मगर न जाने कब इसी लगाव को या बचत की आदत को कंजूसी या निचले दर्जे में बदल दिया गया। हम रिपेयर करके पर्यावरण को भी लाभ पहुंचा सकते हैं सब जानते हैं, मगर कही ना कही अंदेखा कर रहे है।हमें कतारों में खड़े रहना पसंद नहीं चाहे मंदिर की हो या शादियों में दूल्हा दुल्हन के साथ फोटो खिंचवाने के लिए.हां किसी महंगे फोन को लेने के लिए कतार में लगकर उसको अपने स्टेटस पर लगाना अपनी शान समझने लगे हैं। जीवन से स्थिरता कहीं चली गई है, हमें हमेशा कुछ नया या यू कहे अपडेटेड वर्जन चाहिए। जीवन में स्थिरता का बहुत बड़ा महत्व है ,जो भी हमारे पास है चाहे वस्तुएं, पैसा, रिश्ते चाहे बड़े ना मगर स्थिर बने रहे तो भी हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है। न्यूनतावादी यानी कम में काम चलाना आजकल स्कूलों में भी पढ़ाया जाता है, उपलब्ध रिसोर्स का उपयोग करके व्यापार करने से नुकसान का खतरा कम होता है, यह व्यापार में ही नहीं व्यवहार में भी आ जाए तो धरती स्वर्ग बन जाए और हमारा सुखचैन हमें मिल जाए । क्या हमें फिर कोशिश नहीं करनी चाहिए भविष्य को थोड़ा सा भूतकाल से प्रेरणा देने की। हम वह कड़ी बन जाए जिससे गुजरे हुए कल की सीख, समझ, धैर्य को भविष्य तक पहुंचा सके। युवाओ के तकनीकी दिमाग में मानवता, अच्छाई और उत्साह का बीज बो सकें ,ताकि भविष्य की फसल में भी सुख, शांति, स्थिरता और अपनापन खिल सके!

## ओपिनियन

# राज्यों को मिले किसानों की जिम्मेदारी



यामिनी अय्यर
प्रेसिडेंट, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च
@jagrukjanta.net

देश के ग्रामीण परिवारों के पास उपलब्ध भूमि और पशुधन के अलावा किसान परिवारों की स्थिति का आकलन करने वाला एसएएस, 2019 (इसे हाल में जारी किया गया है) भारत में खेती-किसानी के विविध व क्षेत्रोन्मुख चरित्र को प्रमुखता से उजागर करता है। यह बताता है कि कृषि आय और कृषि व गैर-कृषि गतिविधियों के अंतर्संबंध राज्य-दर-राज्य अलग-अलग हैं। लिहाजा, 'किसानों की आमदनी दोगुनी करने' या बाजार में प्रतिस्पर्द्धा के जरिये पैदावार बढ़ाने के रास्ते राज्यों की हकीकत समझने के बाद तय किए जाने चाहिए। यही वह मूल वजह है कि आखिर क्यों कृषि राज्य का विषय है और नए कृषि कानूनों में बुनियादी रूप से क्या गलत है।आंकड़ों के मुताबिक, साल 2018-19 (जून-जुलाई) में एक कृषि परिवार की औसत मासिक आमदनी 10,829 रुपये (पेंशन और प्रेषित-धन सहित) थी। इसमें कृषि आय (फसल उत्पादन और मवेशी पालन) की हिस्सेदारी परिवार की औसत आय में 50त्न से भी कम थी। मगर इस अखिल भारतीय आंकड़े में जिसकी जानकारी नहीं मिलती है और जिसकी ओर 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' इशारा करता है, वह है राज्यवार विविधता। मसलन, केरल (22%), पश्चिम बंगाल (28%) व ओडिशा (35%)जैसे राज्यों में कुल आय में कृषि की हिस्सेदारी एक तिहाई है, जबकि पंजाब (61%) और मध्य प्रदेश (66%) में यह 60त्न से अधिक है। आय के स्रोतों पर करीब से नजर डालने पर उलझन और बढ़ जाती है। बिहार में औसत मासिक कृषि आय 4,478 रुपये थी, जबकि झारखंड में 1,929 रुपये। हालांकि, मजदूरी से औसत कमाई लगभग समान थी। बिहार में कुल आय में कृषि का हिस्सा 57 फीसदी है, जबकि झारखंड में यह बमुश्किल 37%। झारखंड में औसतन कृषि परिवार की कुल आमदनी बिहार की तुलना में बहुत कम है। यहां एक चौंकाने वाला आंकड़ा भी है। दरअसल, केरल में कृषि से होने वाली औसतन मासिक आमदनी 4,688 रुपये है, जो बिहार से बहुत ज्यादा नहीं है। कर्नाटक के किसान महाराष्ट्र के किसानों की तुलना में करीब 26 प्रतिशत अधिक कमाते हैं। इतना ही नहीं, जोत के आकार पर कृषि आय निर्भर करती है। देश भर की बात करें, तो जमीन का आकार जब एक हेक्टेयर से अधिक हो जाता है, तब कुल आमदनी में कृषि आय की हिस्सेदारी 50 फीसदी की सीमा तक पहुंच पाती है। मगर इसमें भी राज्यवार भिन्नताएं हैं। मसलन, केरल में लगभग 87 फीसदी किसान परिवारों के पास .01 से एक हेक्टेयर के बीच जमीन थी, और वहां कुल मासिक आय में कृषि का योगदान सिर्फ 19 प्रतिशत है। दिलचस्प बात यह है कि केरल में बड़ी जोत (दो-चार हेक्टेयर) वाले परिवार भी अपनी आय का केवल 36 फीसदी हिस्सा खेती से कमा पाते हैं। तमिलनाडु में यह आंकड़ा 47 प्रतिशत, बिहार में 78 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 80 फीसदी है। बिहार में 80 प्रतिशत परिवारों के पास .01 से एक हेक्टेयर के बीच भूमि है। यहां की कुल आय में कृषि कर्म का योगदान 45 फीसदी है। मध्य प्रदेश में बहुत कम 52 फीसदी परिवारों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है और उनकी आमदनी में खेती की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत है। मगर वहां औसतन कृषक परिवार खेती से अपनी कुल आय का 66 प्रतिशत हिस्सा कमाता है। वैसे, कृषि उत्पाद बाजार समितियों (एपीएमसी) और बाजारों के उलझे सवालों पर एसएएस डाटा एक सच्चाई की पुष्टि करता है, जिसकी तरफ पिछले सर्वेक्षण और जमीनी अध्ययन, दोनों ने इशारा किया है। पूरे देश में, एकाधिकार होने की बातों से कहीं दूर, बाजार समिति की मंडियां बिक्री के लिहाज से महत्वहीन हैं और सच्चाई यही है कि ज्यादातर किसान अपनी कृषि उपज को राज्यों की मंडियों के बाहर स्थानीय बाजार में बेचते हैं।

# ध्यान योग (ध्यान का तरीका)

## अध्याय -5



डॉ. संजय बियानी
मोटिवेशनल स्पीकर
@jagrukjanta.net

ये अध्याय उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है जिनकी उम्र 15 से 25 के बीच है, जिनकी एकाग्रता कम है जिसके कारण उनका मन पढाई में नहीं लगता और उनका काम भी प्रभावित होता है।इस अध्याय में अर्जुन और कृष्ण का संवाद आपके जीवन में बदलाव लाने वाला है। इस इस अध्याय में छह बिन्दुओं पर बात की गई है-

1. योगी कौन है?
2. योगी कैसे सोचता है?
3. योग क्रिया कैसे की जाती है?
4. मन क्या है और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है?
5. मन प्रशांत होने का क्या मतलब है?
6. श्रद्धा और योग का क्या संबंध है?

अर्जुन द्वारा पूछे गये ये छह प्रश्न ही इस अध्याय का सार है। आईये इन बिन्दुओं को गहराई से समझते हैं। मुझे लगता है कि यदि किसी ने कुछ बडा पाया है तो वो सिर्फ योगी बनकरही प्राप्त किया है। श्रीकृष्ण भी तो योगी ही हैं, जो युद्ध भूमि पर खडे हैं उसके बावजूद मुस्करा रहे हैं। मुझे लगता है कि पूरी तरह से समर्पित होना, फल की इच्छा से ऊपर उठ जाना ही योगी बनना है। आईये इस अध्याय को और गहराई से समझें और अपने जीवन में बदलाव लायें। अर्जुन का कृष्ण से सवाल है कि योगी कौन है? तब कृष्ण जवाब देते हैं कि जो बिना फल की इच्छा किए कर्म किया जा रहा हो वही सच्चा योगी है। कर्म फल का त्याग करना एक गहराई की बात है। हम अक्सर डरते हैं क्यूंकि हमारा ध्यान कर्म करने से ज्यादा उसके फल पर रहता है। शरीर, मन और इन्द्रियों को योगी ही नियंत्रित कर सकता है और जब इंसान योगी बन जाता है तो वो सुख-दु:ख, गर्मी-सर्दी से विचलित नहीं होता, ज्ञान और विज्ञान की खोज करते-करते कुछ ऐसे बन जाते हैं कि वो बाहर की वस्तुओं से प्रभावित नही होते है और त बवह कर्मयोगी बन जाता है। योग क्रिया की चर्चा करते हुए कृष्ण कहते हैं कि योग क्रिया को समझने के लिए कुछ बिन्दुओं को समझना चाहिए-

1. योग क्रिया के लिए एकांत में बैठना बहुत जरूरी है।
2. जिस भूमि का अपने चयन किया है वो न तो ज्यादा ऊंची होनी चाहिए और न ही ज्यादा नीची।
3. उस जमीन पर आसन बिछाना चाहिए।
4. आप अपने शरीर को सीधा करके बैठें और आपका ध्यान आपकी नाक की सीध में होना चाहिए।
5. कृष्ण कहते हैं कि ध्यान के समय आपके भाव शून्य होने चाहिए। ध्यान लगाते समय आपको अपने विचार शून्यता की स्थिति में जाना है क्यूंकि ऐसा करते समय आपका मन शांत हो जायेगा, मन भटकेगा नहीं, मन निर्मल हो जायेगा, एकाग्रता बढेगी। मुझे लगता है कि यह प्रक्रिया इस ध्यान योग का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन अर्जुन कह रहे हैं कि कृष्ण ये तो बहुत कठिन कार्य है, मन तो भटकता है। कृष्ण कहते हैं कि तुम्हें इस बात का ध्यान रखना है कि तुम्हें न तो अधिक खाना है और न ही अधिक सोना, न कम खाना है और न ही कम सोना। ऐसा करते-करते आप समत्व स्थिति में आ जायेंगे। कृष्ण कहते हैं कि अर्जुन तुम्हें आहार-विहार का भी ध्यान रखना है। जब आहार-विहार, मन और शरीर की स्थिति समतल होगी तब आप योगी बनने लगेंगे। तब अर्जुन कहते हैं कि ऐसी स्थिति में क्या मन नियंत्रित हो जायेगा। मुझे लगता है कि आज जो भी समस्या है वो मन की उपज है फिर वो चाहे घरों में बढता हुआ विवाद हो जिस कारण एकल परिवारों की संख्या बढती जा रही है। ऐसी स्थिति में कृष्णने मन को नियंत्रित करने की दो विधियाँ बताई है- कृष्ण कहते हैं कि हमारा मन चंचल है जिसे नियंत्रित करने के लिए निरंतर अभ्यास करना होगा। कृष्ण कहते हैं कि मन पर विजय पाने के लिए किसी जंगल में जाने की जरूरत नहीं है बल्कि इसके लिए जरूरी है कि जितनी वस्तु की आवश्यकता है उतना ही उपयोग करें। ये जरूरी है कि जीवन में हर चीज में संतुलन हो।

मुझे लगता है जब हम इन छोटी-छोटी चीजों से आगे बढ जाते हैं तब हम ऐसे फैसले लेने लगते हैं जो समाजोपयोगी हो और जिससे समाज में बदलाव आये। मन को नियंत्रित करने के लिए अभ्यास और वैराग्य चाहिए और जब दोनों साथ चलेंगे तो योगी बनना सहज हो जायेगा। कृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! जब मन को नियंत्रित कर लिया जाता है, तब मन शांत से प्रशांत बन जायेगा। प्रशांत से तात्पर्य ऐसी स्थिति से है जिसमें असीमित खुशियाँ समा जाती है। उस दौरान किया गया जप, चिंतन और युद्ध हमें ईश्वर की प्राप्ति कराता है, मुझे लगता है कि ये भी तो एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है और ब्रह्मचर्य इसका अनिवार्य रूप है। आखिर में कृष्ण बताते हैं कि व्यक्ति दो मार्गों से गुजरता है-एक है ज्ञान मार्ग और दूसरा है अज्ञान मार्ग। ज्ञान मार्ग से तात्पर्य चेतना, ऊर्जा और ईश्वर की समझ से है, जिससे मोक्ष की प्राप्ति होती है और अज्ञान मार्ग से तात्पर्य पदार्थों की खोज से है जिसके बाद पुनर्जन्म मिलता है। हम सभी देवताओं की पूजा करते हैं जबकि कृष्ण का कहना है कि देवताओं की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी। अगर वास्तव में हमें अपने जीवन की खोज करनी है और पुनर्जन्म की प्रक्रिया से पार जाता है तो हमें कृष्ण के संदेश को जानना पडेगा। अर्थात ऊँ का उच्चारण और सिमरन करना पडेगा और ऐसा करते-करते जब हमार मन हृदय में स्थित हो जायेगा तब हमें ऐसे आनंद की प्राप्ति होगी जिससे हमारे आस-पास की प्रकृति बहुत सामान्य प्रतीत होने लगेगी। हम फिर मिलेंगे अगले अध्याय में जिसका नाम है- 'ज्ञानविज्ञान योग' जिसमें हम एक रहस्य को जानेंगे। क्या है वह रहस्य जो श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं उस रहस्य को जानने के लिए बने रहिये इस यात्रा में जिसका नाम है श्रीमद् भगवद गीता संजय की नजर से.....

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



व्यक्तों में व्यापक नाम राम, कृष्ण, हरि, शिव, आदि सब ओम् रूप नाद ही है। ऋषियों ने इसे विभिन्न नामों से पुकारा है जैसे ओम्, प्रणव, आदि नाम, रामनाम, सत्नाम, सार शब्द, शब्द, अनाहतनाद, ब्रह्मनाद आदि। इसकी साधना को औंकारोपासना, ज्योति, बिन्दु साधना, नादानुसंधान, सुरत शब्द योग, शब्द साधना, नाम, भजन आदि कई नामों से पुकारा है। नाद शब्द की प्राप्ति बाहरी साधनों से सम्भव नहीं है। शरीर की तीन अवस्थाएं- जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति से ऊपर, तुरीय अवस्था की स्थिति में हमें इसकी अनुभूति होती है। इसी तरह शरीर के चार प्रकार के आवरण, स्थूल, सूक्ष्म, कारण, महाकारण जो मायिक और जड़ हैं, उनसे श्रेष्ठ जो कैवल्य अर्थात् चेतन रूप है उससे नाद के स्वरूप की अनुभूति होती है। क्योंकि वही नाद का मूल स्थान है। नाद की साधना में पहले साधक मंत्र जाप और ध्यान की सहायता से चित्तवृत्ति का निरोध करता है अर्थात पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त होकर उसके बाद चित्तवृत्ति को सूक्ष्म किया जाता है। पहले चित्त वृत्ति स्थूल शरीर के नाद को ग्रहण करती है, उसके बाद चित्तवृत्ति सूक्ष्म, कारण और महाकरण शरीरों में क्रमः सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होते जाते नाद को ग्रहण करती जाती है। अंत में शरीर के चेतन रूप में पहुंचकर साधक अधिकाधिक सूक्ष्मतम आदि नाद को प्राप्त करने में सफल होता है। वह नाद इतना सूक्ष्म बताया गया है कि यदि केश के नोंक को सौ हजार से भाग करें तो उसका फिर भाग करने पर जो आधा भाग होगा, वह नाद का स्वरूप होगा और जब वह नाद भी लीन हो जाता है तो योगी निरंजन ब्रह्म को प्राप्त करता है। ऐसे बारीक ध्वन्यात्मक नाद का उच्चारण कैसे किया जा सकता है?

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद सन



गांधी जी की वेशभूषा में 4 वर्षीय देवांश पौत्र प्रदीप शर्मा @ ग्रुमवेल स्कूल, विद्याधर नगर, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 06/10/2021**

**सूर्योदय** : 06:23 **सूर्यास्त** : 17:58 **चन्द्रोदय** : 05:53 **चन्द्रास्त** : 18:14 **शक सम्वत** : 1943 पलवा **अमान्ता महीना** : भाद्रपद **पूर्णिमांत** : आश्विन **सूर्य राशि** : कन्या **चन्द्र राशि** : कन्या **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : अमावस्या, 16:32 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1943 प्लव **विक्रम सम्वत** : 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत** : 2077 परिधावी

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : हस्त, 23:12 तक
**योग** : ब्रह्मा, 08:23 तक
**प्रथम करण** : नागा, 16:32 तक
**द्वितिय करण** : किमस्तोगना, 27:11 तक

## शुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त** : 04:39 ए एम से
**प्रातः सन्ध्या** : 05:03 ए एम से
**अभिजित मुहूर्त** : कोई नहीं
**विजय मुहूर्त** : 02:06 पी एम से
**गोधूलि मुहूर्त** : 05:50 पी एम से
**सायाह्न सन्ध्या** : 06:01 पी एम से
**अमृत काल** : 05:47 पी एम से
**निशिता मुहूर्त** : 11:45 पी एम से
**सर्वार्थ सिद्धि योग** : 06:17 ए एम से

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण में
होमाहुति : शुक्र

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 06:22 - 07:49 | उद्वेग : 05:57 - 07:30 |
| अमृत : 07:49 - 09:16 | शुभ : 07:30 - 09:04 |
| काल काल वेला : 09:16 - 10:43 | अमृत : 09:04 - 10:37 |
| शुभ : 10:43 - 12:10 | चार : 10:37 - 12:10 |
| रोग वार वेला : 12:10 - 01:37 | रोग : 12:10 - 01:43 |
| उद्वेग : 01:37 - 03:03 | काल : 01:43 - 03:16 |
| चार : 03:03 - 04:30 | लाभ :03:16 - 04:50 |
| लाभ : 04:30 - 05:57 | उद्वेग : 04:50 - 06:23 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अमावस्या

### आज कौन सा कार्य करें

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

**आश्विन, कृष्ण, चतुर्दशी, 2078 बुधवार, 6 अक्टूबर - 12 अक्टूबर, 2021**

### मेष
चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

**अनुभवी** की राय बेहतर साबित हो सकती है। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। कारोबार में आपको फायदा हो सकता है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए।

### तुला
रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

**परिवार** वालों के साथ खुशियों के पल बिता सकते हैं। प्रेम-संबंधों में मजबूती आयेगी। विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ सकती है। आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना है।

### वृषभ
ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

**आर्थिक** समस्यायें खत्म होंगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। इससे आपको फायदा भी जरूर होगा।

### वृश्चिक
तो,ना,नी, नू,या,यी,यू

**आर्थिक** पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे। आप बड़े ही खुश नजर आयेंगेकोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी।

### मिथुन
क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह

**जिस** काम को करने का प्रयास करेंगे, उसमें कामयाबी मिलेगी। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा।

### धनु
ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे

**बिजनेस** में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। ऑफिस में सीनियर आपके काम से खुश होंगे। काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि लेंगे।

### कर्क
हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

**समस्या** को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल सकता है आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीद सकते हैं। आप जीवनसाथी की मदद कर सकते हैं। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे।

### मकर
भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,

**कोई** भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए, बेहतर रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आपका पैसा कहीं अटक सकता है। बढ़ता खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकता है।

### सिंह
मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे

**किस्मत** का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा।

### कुंभ
गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा

**करोबार** में परेशानिया खत्म होंगी। रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रूचि ले सकते हैं। घर पर अचानक मेहमान आ सकते हैं। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरा हो सकता है।

### कन्या
टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

**काम** को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जा सकते हैं। वहां आपको देखकर कुछ लोग खुश होंगे।

### मीन
दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

**समाज** में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। आपको अचानक धन लाभ होगा। कई योजनाएँ समय से पूरे हो जायेंगे। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर**

---

**नवरात्र : सर्वार्थ सिद्धि-अमृत सिद्धि योग से शुरुआत**

# इस बार आठ दिन के ही रहेंगे शारदीय नवरात्र

### इस बार ग्रह बना रहे है विशेष योग, एक दिन में पड़ेंगी दो तिथि

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** साल 2021 में 6 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ ही पितृ पक्ष का समापन के ठीक अगले दिन यानि 7 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो जाएंगी। देवी मां के नौ रूपों के नौ दिनों को नवरात्र के रूप में जाना जाता है।

श्री साकेत पंचांग के ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया की इस साल पितृ पक्ष के दौरान एक दिन की वृद्धि (पितृ पक्ष में 26 सितंबर का दिन ऐसा रहा जिस दिन कोई श्राद्ध तिथि नहीं थी) हो गई, वहीं नवरात्रि में इस बार नवरात्र नौ की बजाय आठ ही दिनों के ही होंगे। इसका कारण यह है कि इस बार चतुर्थी और पंचमी तिथि एक साथ पड़ रही हैं। ऐसे में 7 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र 14 अक्टूबर तक रहेंगे। नवरात्र के संबंध में जानकारों का कहना है कि नवरात्र सभी प्रकार की खरीदारी सहित सभी शुभ कार्यों के लिए विशेष शुभ माने जाते हैं, लेकिन इस बार ग्रह, नक्षत्रों के मेल से बन रहे कई शुभ संयोग इसे और अधिक शुभता प्रदान करते दिख रहे हैं। वहीं इस बार दशहरा पर्व 15 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जबकि शारदीय नवरात्र 2021 के दौरान आठ दिनों तक श्रद्धालु माता रानी की आराधना करेंगे। जिले में अनेक स्थानों पर पंडाल सजाकर मां दुर्गा की स्थापना की जाएगी। नवरात्र में 4 दिनों तक रवि योग का संयोग रहेगा। शुभ कार्यों के लिए यह योग काफी शुभ माना गया है। नवरात्र कई शुभ संयोगों से युक्त-इस बार नवरात्र कई शुभ संयोगों से युक्त होंगे। नवरात्र के नौ दिन तो वैसे ही काफी शुभ माने गए हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र 2021 में कई शुभ योग आने से इसका महत्व और बढ़ जाएगा। शारदेय नवरात्र की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग में होगी। इसी प्रकार नवमी पर भी सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा।



### डोली में सवार होकर आएंगी माता रानी-

पंडित जगदीश शर्मा के अनुसार इस बार माता रानी का आगमन डोली में होगा। इस लिहाज से महिलाओं का वर्चस्व बढ़ेगा और मान सम्मान में वृद्धि होगी, लेकिन महामारी से लोग परेशान रहेंगे। नवरात्र सभी शुभ कार्यों के लिए और देवी आराधना के साथ विशेष शुभ माने गए हैं। नवरात्र में नौ देवियों की आराधना का विधान है। कई बार तिथि भेद के कारण एक ही दिन दो-दो तिथियां आती है, ऐसे में अनेक बार आठ दिन के नवरात्र की स्थिति भी बनती है। नवरात्र में स्थायी संपत्ति की खरीदारी करना विशेष शुभ माना गया है।

### शारदीय नवरात्रि की तिथियां

2021 में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत मां शैलपुत्री की पूजा से गुरुवार, अक्टूबर 07 को शुरू होगी। जिसके अगले दिन यानि शुक्रवार, अक्टूबर 08 को मां ब्रह्मचारिणी। वहीं शनिवार अक्टूबर 09 को मां चंद्रघंटा। जबकि रविवार अक्टूबर 10 को चतुर्थी और पंचमी तिथि एक साथ पड़ने के चलते इस दिन मां कुष्मांडा मां स्कंदमाता दोनों की की पूजा होगी। फिर सोमवार अक्टूबर 11 को यानि 5वें दिन षष्ठी तिथि के चलते मां कात्यायनी की पूजा की जाएगी। मंगलवार अक्टूबर 12 को नवरात्रि के छठे दिन सप्तमी तिथि होने के चलते मां कालरात्रि की पूजा होगी। इसके बाद बुधवार अक्टूबर 13 को मां महागौरी की पूजा अष्टमी तिथि को की जाएगी। जबकि गुरुवार अक्टूबर 14 यानि नवरात्रि के आंठवे दिन नवमी तिथि के चलते मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाएगी। वहीं शुक्रवार को अक्टूबर 15 को दशमी के दिन नवरात्रि व्रत का पारण किए जाने के अतिरिक्त दशहरा पर्व भी मनाया जाएगा।

---

**सांसद बोहरा की प्रेरणा से सेवा समर्पण अभियान**

# राज्यपाल मिश्र ने किया निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारम्भ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा समर्पण अभियान के तहत सांसद रामचरण बोहरा की प्रेरणा से पद्म नेत्र ज्योति चिकित्सालय पदमपुरा बाडा में 71 व्यक्तियों के लिए आयोजित निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का राज्यपाल कलराज मिश्र के कर-कमलों द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने लैंस प्रत्यारोपण शिविर का सुक्ष्मता से अवलोकन कर लैंस प्रत्यारोपण के लिए भर्ती हुए व्यक्तियों को कम्बल वितरण कर उनसे बातचीत भी की। इसी दौरान सांसद बोहरा ने गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट की समस्त गतिविधियों एवं मानव हितार्थ किये जा रहें निःशुल्क कार्यो से महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया। सांसद बोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री के 71 वे जन्मदिवस के उपलक्ष में 17 सितम्बर से से 7 अक्टूबर तक सेवा समर्पण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं निर्धन व असहाय परिवारो को राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। आज पहली बार 71 निर्धन एवं असहाय व्यक्तियों के लिए निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पदम नेत्र ज्योति चिकित्सालय पदमपुरा में किया गया है। सांसद बोहरा की प्रेरणा एवम प्रयासों से इस चिकित्सालय में अब तक लगभग 46,000 व्यक्तियों का निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी/अध्यक्ष नरेश मेहता, ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जैन समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाओं सहित अनेक क्षेत्रीय ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# कॉलेज की गुणवत्ता सुधार हेतु नैक सेमिनार आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेलकी ओर से क्वालिटी एन हैंसमेंट नैसेसरी फॉर नैक विषय पर 5 दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ नेहा पांडे ने बताया कि सेमिनार में मुख्यवक्ता पुणे, महाराष्ट्र के यूजीसी नैक कमीशन के शिक्षाविद् और सदस्य डॉ धर्माधिकारी एन.एस रहे। सेमिनार में डॉ धर्माधिकारी ने कॉलेज स्तर और विभाग स्तर पर नैक मान्यता में गुणवत्ता हासिल करने के तरीकों के बारे में बताया। इसके तहत नैक समिति के द्वारा तैयार किए गए मापदण्डों पर कैसे काम करना है और खरा उतरना है, इस बारे में बताया गया। सेमिनार में बियानी गर्ल्स कॉलेज के विभागाध्यक्षो और स्टाफ मेंबर्स ने भाग लिया। सेमिनार की शुरुआत में कॉलेज के विभिन्न विभागों जैसे साइंस, सोशल साइंस, कॉमर्स, जर्नलिज्म आदि के विभागाध्यक्षो ने अपने विभाग के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की जिसमें सुधार और विकास के बारे में चर्चा की गई। सेमिनार के अंत में कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ संजय बियानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाना आसान, जन आधार पोर्टल से ली जा सकेंगी सूचनाएं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार ने मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को आसान कर दिया है। अब आवेदकों को अत्यधिक संख्या में दस्तावेज ई-मित्र केंद्र पर अपलोड करवाने नहीं होंगे बल्कि जन आधार पोर्टल से सीधे ही लिए डेटा लिए जा सकेगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी। इस संबंध में जिलों को निर्देश भी जारी किए गए हैं। अभी तक आवेदन पत्र के साथ लोगों को मूल निवास के संबंध में दस वर्षो से निवासरत होने के सबूत के तौर पर पानी-बिजली के बिल, राशनकार्ड, मार्कशीट, पिता का मूल निवास सहित कई अन्य दस्तावेज मूल कॉपी में अपलोड़ करने पड़ते हैं। जिसके अनुसार अभी तक आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले सभी दस्तावेजों के माध्यम से आवेदक को आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करनी होती थी, अब ऐसी समस्त सूचनाएं, जो आवेदक के संबंध सत्यापित करनी आवश्यक हो उन्हें स्टेट रेजीडेंट डेटा हब, जन आधार डेटा, राज ई-वेल्ट आदि राज्य सरकार के पोर्टल्स से सत्यापित की जा सकेगी। जिन आवेदकों का डेटा ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है, उनकी सूचनाएं व जानकारी हार्ड कॉपी के माध्यम से ही ली जाएगी।

---

# माई लॉर्ड 50% महिला जज

## सुप्रीम कोर्ट में कहां से आएंगीं?



# 71 साल में सिर्फ 11 महिला बनीं जज

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमन्ना ने हाल ही में कहा था कि ज्यूडिशियरी में महिलाओं को 50त्न आरक्षण मिलना चाहिए। इसके अलावा देशभर के लॉ कॉलेजों में भी महिलाओं को इतना ही आरक्षण मिलना चाहिए। ये महिलाओं का अधिकार है, कोई चैरिटी नहीं है। आइए समझते हैं, अब तक सुप्रीम कोर्ट में कितनी महिलाएं जज बन चुकी हैं? हाईकोर्ट में कितनी महिलाएं चीफ जस्टिस बन चुकी हैं? देश को पहली महिला CJI कब मिलेगी? और 50त्न रिजर्वेशन हो गया तो क्या होगा।

### अब तक सुप्रीम कोर्ट में कितनी महिलाएं जज बन चुकी हैं?

**भारत** का संविधान लागू होने के बाद 26 जनवरी 1950 को जस्टिस हरिलाल कानिया देश के पहले चीफ जस्टिस बने। उनके साथ कुल पांच जजों की नियुक्ति हुई। तब से अब तक सुप्रीम कोर्ट में 256 जज नियुक्त हो चुके हैं, इनमें सिर्फ 11 जज महिला हैं। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 33 है, जिनमें केवल 4 महिलाएं हैं। जस्टिस इंदिरा बनर्जी, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस हिमा कोहली फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में जज हैं। इनमें से इंदिरा बनर्जी को छोड़ बाकी तीन महिला जजों की नियुक्ति हाल ही में की गई है। मार्च 2021 में जस्टिस इंदु मल्होत्रा के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस इंदिरा बनर्जी सुप्रीम कोर्ट में अकेली महिला जज थीं।

### देश को पहली महिला CJI कब मिलेगी?

**फिलहाल** सुप्रीम कोर्ट में जज जस्टिस बीवी नागरत्ना वरिष्ठता के आधार पर 2027 में भारत की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। हालांकि उनका कार्यकाल केवल 36 दिनों का ही होगा। यानी देश को अपनी पहली महिला सीजेआई की नियुक्ति के लिए 2027 तक इंतजार करना होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना को फरवरी 2008 में कर्नाटक हाईकोर्ट की एडिशनल जज और फिर फरवरी 2010 में परमानेंट जस्टिस के तौर पर नियुक्त किया गया था। जस्टिस नागरत्ना के पिता भी 1989 में सुप्रीम कोर्ट के 19वें चीफ जस्टिस रह चुके हैं।

### हाईकोर्ट में कितनी महिलाएं चीफ जस्टिस हैं?

सरकार द्वारा सितंबर 2020 में लोकसभा में पेश आंकड़ों के मुताबिक, देशभर के 25 हाईकोर्ट में केवल 78 महिला जज हैं। वहीं, पुरुष जजों की संख्या 1079 हैं। यानी हाईकोर्ट में केवल 7% महिला जज हैं। सबसे ज्यादा 11 महिला जज पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?

- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज के तौर पर न्यायमूर्ति फातिमा बीबी ने 1989 में शपथ ली थी। साल 1950 में भारत के बार काउंसिल की परीक्षा को टॉप करने वाली फातिमा पहली महिला थीं।
- अन्ना चांडी देश के किसी भी हाईकोर्ट की जज बनने वाली पहली महिला थीं। अन्ना ने अपने करियर की शुरुआत बतौर बैरिस्टर की थी। 1937 में केरल के दीवान सर सीपी रामास्वामी अय्यर ने चांडी को मुंसिफ के तौर पर नियुक्त किया। 1959 में अन्ना चांडी केरल हाईकोर्ट की पहली महिला जज बन गईं। केरल हाईकोर्ट के न्यायाधीश के पद पर जस्टिस अन्ना ने 1967 तक अपनी सेवाएं दीं।
- अब तक बने कुल 256 जजों में महिला जज की संख्या 11 यानी 0.4% है। मौजूदा 33 जजों में से 4 यानी 1.2% महिला जज हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में ये महिला जजों की एक वक्त में सबसे ज्यादा संख्या है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में कभी भी एक साथ दो से ज्यादा महिला जज नहीं रही हैं।

### अब तक महज 11 महिलाएं ही सुप्रीम कोर्ट की जज बनीं

| महिला जज | कार्यकाल |
|---|---|
| जस्टिस एम. फातिमा बीबी | 06 अक्टूबर 1989 से 29 अप्रैल 1992 तक |
| जस्टिस सुजाता वी मनोहर | 08 नवंबर 1994 से 27 अगस्त 1999 तक |
| जस्टिस रूमा पाल | 28 जनवरी 2000 से 02 जून 2006 तक |
| जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा | 30 अप्रैल 2010 से 27 अप्रैल 2014 तक |
| जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई | 13 सितंबर 2011 से 29 अक्टूबर 2014 तक |
| जस्टिस आर भानुमति | 13 अगस्त 2014 से 19 जुलाई 2020 तक |
| जस्टिस इंदु मल्होत्रा | 27 अप्रैल 2018 से 13 मार्च 2021 तक |
| जस्टिस इंदिरा बनर्जी | 07 अगस्त 2018 से 23 सितंबर 2022 तक |
| जस्टिस हिमा कोहली | 31 अगस्त 2021 से 1 सितंबर 2024 तक |
| जस्टिस बीवी नागरत्ना | 31 अगस्त 2021 से 29 अक्टूबर 2027 तक |
| जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी | 31 अगस्त 2021 से 09 जून 2025 |

सोर्स: main.sci.gov.in

### सुप्रीम कोर्ट में 4 महिला जज, अब तक सबसे ज्यादा




### 50% महिला जज होने में अड़चनें क्या हैं?

**सुप्रीम कोर्ट के वकील और संविधान के जानकार विराग गुप्ता के मुताबिक...**

- संविधान के अनुच्छेद 243-ष्ठ के तहत पंचायतों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है, लेकिन न्यायपालिका में महिलाओं के लिए 50 फीसदी प्रतिनिधित्व का हक संविधान में संशोधन या फिर न्यायिक आदेश से ही हासिल हो सकता है।
- संसद की सीटों में महिलाओं के आरक्षण पर कानून पिछले कई दशकों से लटका हुआ है, क्योंकि उसमें अन्य वर्गों के आरक्षण की मांग हो रही है। इसलिए न्यायपालिका में महिलाओं के 50 फीसदी आरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक आदेश पारित करना पड़ सकता है।
- जज बनने के लिए वकील होना जरूरी है। फिलहाल क्लैट के तहत हो रही प्रवेश परीक्षा में कॉलेजों में महिलाओं के आरक्षण के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं, पर पूरे देश के सभी लॉ कॉलेजों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का कोई नियम नहीं है।
- निचली या जिला अदालतों में राज्य न्यायिक सेवाओं में 5 फीसदी से 35 फीसदी तक आरक्षण का नियम है। बिहार में पांच साल पहले 35 फीसदी आरक्षण का कानून बना, उसके बावजूद वहां की निचली अदालतों में महिला जजों की संख्या लगभग 11.5 फीसदी ही है। दूसरी ओर गोवा और मेघालय जैसे छोटे और प्रगतिशील राज्यों में आरक्षण के बगैर महिला जजों की संख्या 65 और 73 फीसदी है।
- निचली अदालतों से जजों का हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में प्रमोशन होता है, लेकिन कॉलेजियम के तहत होने वाली जजों की सीधी नियुक्ति में महिलाओं के आरक्षण के लिए अभी तक कोई नियम या कानून नहीं बनने की वजह से देश की आधी आबादी का न्यायपालिका में प्रतिनिधित्व बहुत ही कम है।




### तो क्या सिर्फ भारतीय सुप्रीम कोर्ट में ऐसी स्थिति है?

- नहीं, ऐसा नहीं कह सकते हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका में ज्यूडिशियरी सिस्टम की स्थिति भारत से भी खराब है। अमेरिकी ज्यूडिशियरी सिस्टम 232 साल पुराना है। यहां के सुप्रीम कोर्ट में अब तक कुल 115 जज हुए हैं। इन 115 जजों में केवल 5 महिलाएं हैं। यानी अब तक बने कुल जजों का महज 4% जज महिलाएं हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज सांड्रा डे ओ'कॉर्नर थी। सांड्रा 1981 में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त हुई थीं। यहां के मौजूदा नौ जजों में तीन महिला जज हैं।
- पड़ोसी देश पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में अब तक एक भी महिला जज नहीं बन सकी है। हाल ही में पाकिस्तान में लाहौर हाईकोर्ट की जस्टिस आयशा मलिक को सुप्रीम कोर्ट का जस्टिस बनाने की सिफारिश पाकिस्तान के चीफ जस्टिस ने की थी, लेकिन उनकी नियुक्ति का विरोध शुरू हो गया था। बाद में पाकिस्तान के ज्यूडिशियल कमीशन में उनके नाम को मंजूरी नहीं मिल सकी। *(साभार)*

## जागरूक खबरें

### बियानी कॉलेज में महात्मा गांधी और शास्त्री को किया याद



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया गया। संस्था के एजुकेशनल डॉयरेक्टर ड़ा संजय बियानी ने कॉलेज के शिक्षक गण को याद दिलाया कि इन दोना विभुतियों को इनके सिम्प्लीसीटी की वजह से भी याद किया जाता है इसलिए हमे इनके टीचिंग और सिद्धान्तों को रूह के कतरे में उतारना होगा । अपने लिए नही और दूसरों के लिए करना ही प्रेम होता है। हमें वास्तव में गांधी जी को नए विजन से देखने की जरूरत है। लाल बहादुर शास्त्री जैसे साधारण लोगो को जमाना याद करता रहेगा। इनसे सीख लेकर हर टीचर को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए सोचना होगा। इस सभा में उपस्थितसी.एस. श्याम अग्रवालने कहा कि संसार मे कुछ व्यक्तिव जाति धर्म विचारधारा से ऊपर रहे है। गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत्र है। टीचर्स समाज के ओपिनियन मेकर्स हे । इस अवसर पर कॉलेज के सभी टीचर्स के सामने कॉलेज की प्रीसिपल नेहा पांडे ने भी अपने विचार रखे।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के दिशानिर्देशनुसार आयोजित किये जा रहे प्रशासन शहरों के संग शिविर के अंतर्गत सोमवार को नगरपालिका परिसर में आये गए विभिन्न प्रकरणों का मोके पर ही निस्तारण कर आमजन को लाभान्वित किया गया। अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा ने किया। पालिकाध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि राज्य सरकार की पहल पर आयोजित यह शिविर आमजन के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। इस शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत दी जायेगी। पालिकाध्यक्ष ने परिसर में लगाई गई विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। शिविर निरीक्षण के दौरान पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद, पार्षदगण बंशीलाल राईवाल, मनोज पारख, रविप्रकाश सोनी, राधाकिशन गवारिया, खेमराज कुमावत, प्रदीप पोरवाल, मोहम्मद कुरैशी, सलीम चाचा, राजेश सांड तथा योगेश बाहेती, धर्मपाल जाट, मुकेश लोट, राजेश भानावत, रामकिशन चौधरी, पंकज शर्मा, राजेश शर्मा, मोहम्मद नूर खान, पप्पू आगर सहित अन्य उपस्थित थे। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही उपस्थित रहकर प्रार्थी को राहत प्रदान की जाएगी व कई लम्बित प्रकरणों का निस्तारण भी किया जाएगा।

### गौतम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में स्वास्थ्य सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौतम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, लीनेस क्लब आरएम 1 स्वयंसिद्धा एवं यंग साइकेट्रिस्ट सबकमिटी आईपीएस के संयुक्त तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी ई ओ गौतम हॉस्पिटल राज्यश्री गौतम, प्रांतीय अध्यक्षा लीनेस उषा भंडारी, सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर लीनेस आशा शर्मा थे। मेधावी न्यूट्रिफिट की संस्थापक डॉक्टर मेधावी ने कैंसर रोगियों के पोषण एवं खानपान संबंधी जानकारी दी। दंत चिकित्सक एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर महिमा गौतम ने मुँह एवं दांत संबंधी कैंसर के बारे में बात की। यंग साइकैटरिस्ट सब कमेटी की चेयरपर्सन डॉ अनीता गौतम ने कैंसर रोगी एवं परिजनों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में परिचर्चा की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन लीनेस क्लब ड्रीम प्लेनेट की अध्यक्षा शिवाली गुप्ता ने किया।

### सरिता बनी कृषि विवि से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाली प्रथम छात्रा



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के अधिन संचालित कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के शस्य विज्ञान विभाग की छात्रा सरिता कुड़ी ने आज पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। सरिता ने शस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रसार शिक्षा निदेषक प्रो. ईष्वर सिंह के मार्गदर्शन मे "उर्वरता स्तरों और विभिन्न शाकनाषियों का गेंहुँ फसल की उत्पादकता पर प्रभाव" विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण करने के पश्चात यह उपाधि प्रदान की।। इस अवसर पर विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. चौधरी के साथ-साथ कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. एस.आर. कुम्हार, जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. मोती लाल मेहरिया व डॉ महेन्द्र कुमार ने सरिता को कृषि विष्वविद्यालय, जोधपुर से प्रथम पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त करने पर बधाई दी।

### सावा में पहला श्याम वंदना महोत्सव 16 को, सजेगा विराट श्याम दरबार

**निम्बाहेड़ा /शंभूपुरा @ जागरूक जनता।** सावा में प्रथम श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल व ग्रामवासी सावा द्वारा 16 अक्टूम्बर को किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े दीपक आगाल ओर कमलेश न्याति ने बताया कि 16 अक्टूम्बर को राधा कृष्ण मंदिर के पास सावा सामुदायिक भवन में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजेगा जिसमे श्याम दरबार सेवा श्री श्याम रंगीला बजरंग मित्र मंडल शंभूपुरा की रहेगी।

# पेपर लीक हो या नकल फिर से नहीं होगी रीट!

## गहलोत बोले- अगर किसी सेंटर की शिकायत सही पाई गई तो वहां पेपर वापस करवा देंगे, लेकिन उसकी आड़ में लाखों का वापस पेपर करवाना कहां की समझदारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि रीट परीक्षा को लेकर अगर कोई शिकायत मिलेगी तो सच्चाई का पता लगाने के बाद उस सेंटर पर वापस पेपर करवा देंगे। लेकिन उसकी आड़ लेकर लाखों लोगों को वापस बुलाओ, परीक्षा दिलवाओ, ये कहां की समझदारी है। ये समझ के परे है। यानी गहलोत ने साफ संकेत दे दिए हैं कि चाहे नकल हो या पेपर लीक हो। वो पेपर लीक और स्कैम के आरोपों से घिरी प्रदेश की इस सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा को दोबारा नहीं करवाएंगे।

#### सरकार जिंदाबाद नारे विपक्ष को डायजेस्ट नहीं हो रहे

गहलोत ने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि रीट की परीक्षा में राजस्थान के लोगों ने इतिहास बनाया है। अभी भी हमने कहा है कि चाहे बीजेपी का राज हो या कांग्रेस का राज हो, पेपर आउट होने की खबरें आती रहती हैं। हमने इस बार काफी कड़ाई बरती है। सरकारी अधिकारी-कर्मचारी के लिप्त पाए जाने पर उसे नौकरी से बर्खास्त करने की बात पहले ही डिक्लेयर कर दी थी। जिन सेंटर पर नकल करते हुए पाया गया, ऐसे स्कूलों की मान्यता समाप्त करने और कार्रवाई करने की बात कह दी थी। करीब 15 से 17 लाख नौजवान छात्र परीक्षा में बैठे थे। उनके लिए सभी ने मदद की,रसोईयां चला दीं। फ्री खाना और ठहरने की व्यवस्था करवाई गईं। लेकिन ये हमारे विपक्ष के साथियों को पच नहीं रहा है। क्योंकि वहां रीट देने आए नौजवान लोगों ने सरकार, समाजसेवियों, एक्टिविस्टों के जिन्दाबाद के नारे लगाए । वो विपक्ष को डायजेस्ट नहीं हो रहा है। इसलिए समाज में कुछ लोग ऐसे हैं, जो युवाओं को भड़का रहे हैं।

#### जिनकी नौकरी नहीं लगने वाली उन्हें भड़का कर भीड़ इकट्ठी करना गलत परम्परा

गहलोत ने कहा कि 33 हजार युवाओं की इस परीक्षा से नौकरी लगेगी। यह बहुत बड़ी संख्या है,जिन युवाओं को हमने नौकरी का एक अवसर दिया। लेकिन विपक्ष को लगता है कि 33 हजार पदों ही नौकरी लगेगी, बाकी के लाखों युवाओं की नौकरी नहीं लगेगी जो परीक्षा में बैठे थे, इसलिए उन्हें भड़काने में आसानी रहती है। गहलोत ने कहा आज-कल पेपर ओमएमआर शीट से आते हैं। उसी वक्त बेरोजगार स्टूडेंट को मालूम पड़ जाता है कि मैं पास होऊंगा या फेल होऊंगा। जिन्हें मालूम है कि मेरा नंबर नहीं आने की संभावना है और मैं पास नहीं हो पाऊंगा। ऐसे लोगों को पेपर आउट हो गए बोलकर भड़काकर कितनी ही भीड़ इकट्ठी कर लें। यह अच्छी परम्परा नहीं है।

#### बीजेपी शासन में भी कई बार पेपर आउट हुए, हमने बहुत अच्छे ढंग से मैनेज किया

गहलोत ने कहा अगर भर्तियां साल-दो साल के लिए रुक गईं। मामला हाई कोर्ट-सुप्रीम कोर्ट में चला गया। क्योंकि ऐसा पहले भी हुआ है, हमें कई बार सुप्रीम कोर्ट से केस विड्रॉ करना पड़ा है। अगर यही परम्परा रही तो मैं समझता हूं कि आगे भर्तियां कैसे होंगी? ये विपक्ष को समझना चाहिए कि ऐसी गलती नहीं करें। क्योंकि जब बीजेपी का शासन था, तब भी कई बार पेपर आउट हुए हैं। हमने इस पूरे प्रोसेस को बहुत अच्छे ढंग से मैनेज किया है। लेकिन कुछ लोग नेता बनने के लिए लगे हुए हैं। वो कई अफवाहें चला रहे हैं। हमारा कहना है कि पहले सच्चाई को हमारे सामने लाओ, सच्चाई एसओजी को दो, हम वादा करते हैं कि किसी को नहीं बख्शा जाएगा और बख्शना चाहिए भी नहीं। क्योंकि आप लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हो।

#### रीट 2021: परिणाम से पहले ही मामला पहुंचा हाईकोर्ट, सुनवाई आज

**जयपुर।** रीट–2021 को लेकर सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है। इसमें रीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई या राज्य से बाहर की जांच एजेंसी से जांच की गुहार की गई है। इसी के साथ पेपर लीक पाए जाने की स्थिति में पुन: परीक्षा का आयोजन करने की मांग की है। याचिका में कहा है कि आरपीएस, शिक्षक, पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। परीक्षा से पहले ही पेपर कांस्टेबल के मोबाइल में मिला है। मधु कुमारी नागर व पांच अन्य अभ्यर्थियों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राम प्रताप सैनी ने कहा कि सवाई माधोपुर, बीकानेर, जयपुर सहित अजमेर में रीट पेपर में धांधलियां, डमी अभ्यर्थी सहित अन्य अनियमिकता को लेकर थानों में एफआइआर दर्ज है। मामले की एसओजी जांच कर रही है इसमें कुछ आरपीएस, आरएएस, पुलिसकर्मी और शिक्षकों के नाम सामने आए हैं। परीक्षा से करीबन 16 लाख अभ्यर्थी जुड़े हुए हैं ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। इसके लिए सीबीआई या राज्य के बाहर की एजेंसी को जांच सौंपी जानी चाहिए। याचिका में मुख्य सचिव, प्राथमिक शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव, रीट परीक्षा संयोजक सहित अन्य को पक्षकार बनाया है। याचिका पर छह अक्टूबर को सुनवाई होगी। इसी मामले में जनहित याचिका भी दायर की गई है।

**आठ दिन बाद ही कोर्ट पहुंचा मामला :** राजस्थान में 26 सितंबर को प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा का आयोजन हुआ था। लेकिन परिणाम से पहले ही मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। परीक्षा के दौरान नकल और गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद अब कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा को रद्द करवाने की मांग करना शुरू कर दिया है। याचिका में कोर्ट का फैसला आने तक परिणाम जारी करने पर भी रोक लगाने की गुहार की है।

# ओम् साईं सेवा समिति ने किया भामाशाहों का सम्मान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**जयपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत सेवा संस्थान मुरलीपुरा स्कीम के बैनर तले ओम् साईं सेवा समिति ने भामाशाहों का सम्मान किया। प्रत्येक माह की 6 तारीख को निशक्त महिलाएं जिनमें गरीब विधवा एवं अकेली बेसहारा महिलाएं शामिल हैं, को एक माह का राशन वितरित किया जाता है। इसमें सहयोग करने वाले लगभग 90 भामाशाहों का सम्मान किया गया। मात्र 16 महिलाओं को राशन वितरित कर प्रारम्भ किए गए कार्यक्रम में इस समय 102 महिलाओं को राशन वितरित किया जा रहा है। समारोह में उपस्थित भामाशाहों का दुपट्टा ओढ़ाया इसके बाद प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। संस्था के छबलदास नवलानी ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद अध्यक्ष लोकचन्द हरिरामानी ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश खेतानी, श्रीचन्द लोकवानी, ईश्वरलाल मेहरचंदानी, डॉ. मुकुल माथुर, रमेश लालवानी, सुरेश खंडेलवाल, भवानीसिंह राठौड़, शशि, गोपी हरिरामानी, टहल सिंह खत्री, दशरथ सिंह बन्ना, नारायण रामचंदानी, शिवदयाल मिश्रा, दिनेश लालवानी, भरत त्रिलोकानी, पुष्पा वशिष्ट एवं मंजू खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रारंभ में भगवान झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान संस्थान की वरिष्ठ समाज सेविका भूमिका कृपलानी का केक काट कर जन्म दिन भी मनाया गया।

# दो दिन नहीं चलेगी रोडवेज बसें, यात्री होंगे परेशान

## दो दिन शहर में बंद रह सकती हैं जेसीटीएसएल की बसें, कर्मचारी यूनियन ने 20 व 21 को हड़ताल करने का निर्णय लिया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर में दो दिन 20 व 21 अक्टूबर को जेसीटीएसएल की लो-फ्लोर व मिडी बसें बंद रह सकती हैं। जेसीटीएसएल एम्पलॉईज यूनियन ने 21-22 अक्टूबर को दो दिवसीय हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों के प्रति सरकार व प्रबंधन लंबे समय से उदासीनता बरत रहा है। जेसीटीएसएल प्रबंधन ने राजस्व संग्रहण सप्ताह की आड़ में तानाशाहीपूर्ण, अव्यवहारिक एवं विधि विरुद्ध नियम थोप दिए है, जिससे कर्मचारियों के सामने नौकरी बचा पाने का संकट खड़ा हो गया है।

#### ये हैं मांगे

- » राजस्व संग्रहण सप्ताह की आड़ में बनाए गए तानाशाहीपूर्ण, अव्यवहारिक एवं विधि विरुद्ध नियमों सहित नियुक्ति की शर्त संख्या 10 को अपास्त/निरस्त की जाएं। साथ ही राजस्व मूलक निरीक्षण प्रणाली बनाई जाएं।
- » मुख्यालय में लगे परिचालकों को तुरन्त हटाकर रुट पर ड्यूटी ली जाए।
- » सातवें वेतमान को लागू किया जाए।
- » बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान किया जाए।
- » नॉन-रेगुलर को रेगुलर, अपील सुनवाई एवं अपील से बहाल हुए कर्मचारियों का पदस्थापन किया जाएं।



# पिंकसिटी प्रेस क्लब की वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब लि. जयपुर की 30वीं वार्षिक साधारण सभा प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में बीते दिनों रजिस्टर्ड कार्यालय 54, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर में आयोजित हुई। क्लब महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की ऑडिट रिपोर्ट, बैलेन्ससीट, लेखा-जोखा पास किया। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षक अनिल शेखावत एण्ड कम्पनी और कम्पनी सचिव जितेन्द्र गोयल को नियुक्त किया।

क्लब कोषाध्यक्ष डी.सी.जैन ने क्लब की वित्तीय स्थिति की जानकारी दी। जिन सदस्यों की लम्बे समय से सदस्यता राशि बकाया चल रही थी। बार-बार सूचना देने के उपरान्त भी राशि प्राप्त नही होने पर 62 साधारण सदस्य, 29 सम्बद्ध सदस्य बी, 43 सम्बद्ध सदस्य ए की सदस्यता समाप्त की गई। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा और महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का ब्यौरा देते क्लब संचालन एवं पत्रकार साथियों के हितों पर सार्थक चर्चा के लिए बैठक में उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। पत्रकार हितों के लिए पत्रकार अवास योजना, पत्रकार सुरक्षा कानून, कैशलेस मेडिक्लेम योजना, लघु समाचार पत्रों की विज्ञापन नीति, अधिस्वीकरण का सरलीकरण, पत्रकार पेंशन योजना, डिजीटल मीडिया पॉलिसी पर चर्चा की गई। साधारण सभा की बैठक में उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मुकेश पारीक, कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज गुर्जर, पुष्पेन्द्र राजावत, नमोनारायण अवस्थी, मांगी लाल पारीक, अनिता शर्मा, निखलेश कुमार शर्मा, ओमवीर भार्गव, वसीम अकरम कुरैशी सहित साधारण सदस्यों ने भाग लिया। क्लब महासचिव रामेन्द्र सिंह सोलंकी ने वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्ति किया।

# गांधी दर्शन प्रदर्शनी का मिड़ियाकर्मियों ने अवलोकन कर विचार गोष्ठी में भाग लिया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**निम्बाहेड़ा।** पंचायत समिति सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती एवं स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में गांधी सप्ताह के तहत् उपखण्ड प्रशासन एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति द्वारा गांधी दर्शन पर लगाई गई प्रदर्शनी का मीडियांकर्मियों ने अवलोकन कर विचार गोष्ठी में भाग लिया। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के ब्लॉक संयोजक महेश धूत ने बताया कि मिड़ियाकर्मियों ने गांधी दर्शन समिति के द्वारा राज्य सरकार के निर्देश पर दो वर्ष से क्षेत्र में की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। पंचायत समिति के विकास अधिकारी कुशलेश्वर सिंह, ब्लॉक संयोजक महेश धूत एवं अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविन्द्र उपाध्याय ने उपस्थित पत्रकारों का गांधी जी के अनमोल वाक्य की तस्वीर एवं उपरणा ओढ़ा कर स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेश झंवर, मानवेन्द्रसिंह, तरूण सालेचा, खुर्शीद एजाजी, मनोज सोनी, जमील अहमद मंसूरी, जाकीर हुसैन, बिहारीलाल सोंलकी, प्रमोदपाल सिंह, एसएस अग्रवाल आदि ने विचार गोष्ठी में भाग लिया। सभी पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान समिति के राकेश कुम्हार एवं तख्त सिंह सिंधवी उपस्थित थे।

ANCHOR | रेल यात्रियों को मिली सुविधा

# कोटा-आगरा के बीच 18 माह बाद पैसेंजर ट्रेन शुरू, विंडो से हाथो-हाथ मिलेगा टिकट, लेकिन एक्सप्रेस का होगा किराया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**हिंडौन सिटी।** उपखंड क्षेत्र सहित आसपास के शहरों के लोगों के लिए अच्छी खबर है। कोरोनाकाल में बंद हुई ट्रेनों का संचालन रेलवे की ओर से अब धीरे-धीरे शुरू किया जा रहा है। करीब 18 माह से बंद कोटा से आगरा के बीच चलने वाली यमुना ब्रिज पैसेंजर ट्रेन का संचालन रेलवे की ओर से शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। यह ट्रेन शुक्रवार को पहले दिन अपने निर्धारित समय एक बजकर 33 मिनट से दो मिनट पहले ही रेलवे स्टेशन पर आ गई। हालांकि पहले दिन यात्रीभार कम रहा। इस ट्रेन का किराया भी एक्सप्रेस श्रेणी का रखा गया है।

पहले जहां हिंडौन से गंगापुर या बयाना का सफर 10 रुपए में होता है, लेकिन अब 30 रुपए किराया लगेगा। यदि किसी स्टेशन की दूरी 5 किमी है तो उसका किराया भी 30 रुपए देना होगा। रेलवे की ओर से इसमें यह सुविधा दी गई है कि इसका टिकट स्टेशन के टिकट काउंटर से हाथों हाथ लिया जा सकेगा, जबकि अन्य एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में सफर तय करने के लिए पहले रिजर्वेशन कराना जरुरी होता है।

#### यह रहेगा ट्रेन का शिड्यूल

स्टेशन अधीक्षक अशोक शर्मा ने बताया कि गाड़ी संख्या 05912 जमुना ब्रिज से रतलाम स्पेशल जमुना ब्रिज से प्रतिदिन शाम को 6:15 बजे प्रस्थान करके दूसरे दिन प्रात: 5:15 बजे कोटा आ कर कोटा से 5:35 बजे प्रस्थान करके दोपहर 3:45 बजे रतलाम पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 05911 रतलाम से आगरा फोर्ट स्पेशल आगामी 3 अक्टूबर से प्रतिदिन रतलाम से प्रात: 8:45 बजे प्रस्थान करके शाम को 7:15 बजे कोटा आकर 7:35 बजे कोटा से प्रस्थान करके तड़के 4:40 बजे आगरा फोर्ट पहुंचेगी। हिंडौन में 05913 ट्रेन का आगमन कोटा से आगरा जाते समय दोपहर एक बजकर 23 मिनट और प्रस्थान एक बजकर 28 मिनट पर होगा। जबकि आगरा से कोटा जाते समय हिंडौन में ठहराव रात 10 बजकर 29 मिनट और प्रस्थान 10 बजकर 34 मिनट पर होगा।

#### इन स्टेशनों पर होगा ट्रेन का ठहराव

इस ट्रेन का ठहराव रतलाम, नामली, जावरा ढोढर, कचनारा, दलोदा, मंदसौर, पिपलिया, मल्हारगढ़, हरकियाखाल, नीमच, बिसलवासकलां, जावदरोड, निंबाहेड़ा, गंभीरीरोड, शंभूपुरा, चित्तौडगढ़, चंदेरिया, बस्सीबेरीसाल, पारसोली, बरूंदनी, मांडलगढ़, जालंधरी, श्रीनगर, बूंदी, तालेड़ा, कोटा, केशोरायपाटन, कापरेन, लबान, लाखेरी, इंद्रगढ़, आमली, रवांजनाडूंगर, सवाईमाधोपुर, रणथंभौर, मखौली, मलारना, निमोदा, नारायणपुर टटवाड़ा, लालपुर उमरी, गंगापुरसिटी, पीलोदा, खंडीप, श्रीमहावीरजी, हिंडौनसिटी, फतेहसिंहपुरा, बयाना, बैरमबाद, बंदबरेठा, नगलातुला, बंसीपहाड़पुर, बनाखेड़ली, रूपवास, औलेंडा, फतेहपुर सिकरी, सिंगारपुर, किरावली, मीढ़ाकुर, पथौली ईदगाहहिल, आगरा फोर्ट स्टेशनों पर होगा। इस ट्रेन में 2 एसएलआर के कोच, 9 द्वितीय श्रेणी सामान्य कोच, तथा 3 शयन यान श्रेणी के कोच सहित कुल 14 कोच रहेंगे।

#### लोकल ट्रेन नहीं चलने से 10 हजार भक्तों को हो रही है लंबे समय से परेशानी

मथुरा व गोवर्धन से उपखंड क्षेत्र के अलावा आसपास शहरों के करीब 10 हजार लोग हर माह पूर्णिमा पर गोवर्धनधाम जाते हैं। भक्त मंडल के सुतीक्षण शर्मा व गोपाल गर्ग ने बताया कि कोरोना से पहले कोटा से मथुरा के बीच चलने वाली इस ट्रेन का इन सभी भक्तों को लाभ मिल रहा था, क्योंकि हिंडौन से मथुरा का किराया भी मात्र 25 से 30 रुपए था, लेकिन ट्रेन बंद होने से अब बस या डग्गेमार में सफर करने की मजबूरी बनी हुई हैं।

## जागरूक खबरें

### बिरला कॉर्पोरेशन ने 2027 तक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य 30 मिलियन टन किया तय

**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड 2027 तक अपनी वार्षिक सीमेंट उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 मिलियन टन कर देगा। ये बात एमपी बिरला समूह के चेयरमैन श्री हर्ष वी लोढ़ा ने कंपनी की वार्षिक आम बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि यह कंपनी के लिए निर्धारित एक नया लक्ष्य है, क्योंकि पहले कहा गया था कंपनी 2025 तक अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 25 मिलियन टन कर देगी। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वर्तमान उत्पादन क्षमता 15.6 मिलियन टन है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 20 मिलियन टन हो जाएगी, जब नागपुर के पास मुकुटबन में इसका 3.9 मिलियन टन का ग्रीनफील्ड प्लांट उत्पादन शुरू कर देगा। लोढ़ा ने शेयरधारकों से कहा कि अलग अलग परियोजनाएं 2027 तक 30 मिलियन टन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के विवरण की घोषणा तब की जाएगी जब उन्हें निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित और पारित किया जाएगा। आक्र ामक विस्तार योजना कंपनी की बेहतर लाभप्रदता और नकदी प्रवाह को दर्शाती है। लोढ़ा ने कहा कि बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड उन बाजारों में विस्तार करेगा जहां कंपनी को प्रतिस्पर्धा में बढ़त है और वहां पर सीमेंट की मांग मजबूत होने का अनुमान है। कंपनी की पुरानी एसेट्स की तुलना में, नए संयंत्र अधिक कुशल और लाभदायक होने जा रहे हैं। लोढ़ा ने कहा कि आरसीसीपीएल प्रा. लिमिटेड बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी के तौर पर, ऑपरेटिंग मापदंडों के आधार पर भारत में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। लोढ़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उद्योग के औसत से अधिक आक्र ामक और तेजी से बढ़ने के बावजूद, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऋण लेने को लेकर "नीतिगत तौर पर, काफी सोच-समझ कर" आगे बढ़ेगा। कच्चे माल के बारे में बात करते हुए, कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरविंद पाठक ने कहा कि बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास अपने मौजूदा संचालन के पैमाने पर पिछले दशकों के लिए पर्याप्त चूना पत्थर का भंडार है। शेयरधारकों को जवाब देते हुए, पाठक ने कहा कि कंपनी की कुंदनगंज इकाई की क्षमता को 2 मिलियन टन से बढ़ाकर 3 मिलियन टन करने की योजना अपरिवर्तित बनी हुई है; "केवल पूंजीगत व्यय कम हुआ है। कंपनी ने हाल ही में राजस्थान में अपने न्यू चंदेरिया सीमेंट वर्क्स की क्षमता को लगभग आधा मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए एक परियोजना को पूरा किया है।

### प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित, खिले चेहरे



**खारिया खंगार/पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** खारिया खंगार स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह बिरला व्हाइट सीएसआर विभाग राजश्री नगर की ओर से आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 10 व 12 के सत्र 2020-21 के प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए मंगलवार विद्यालय में आयोजित हुए समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण हेतु टेबलेट वितरित किए गए। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में विधालय के टॉपर विद्यार्थियों के चेहरे अतिथियों से सम्मान पाकर खिल उठे। समारोह के मुख्य अतिथि बिरला व्हाइट महाप्रबंधक साइबिल सरकार व विशिष्ट अतिथि पीपाड़ शहर प्रधान सोनिया चौधरी, संयंत्र के सिविल मैनेजर रामनिवास खुडखुड़िया, सीएसआर प्रबंधक रामकुमार सिंह शेखावत, समाजसेवी जयंत चौधरी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक नंदकिशोर राजपुरोहित ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधान सोनिया चौधरी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का भी जायजा लिया और कहा कि विद्यालय के सम्पूर्ण विकास, खेलकूद, पुस्तकालय और सर्वागीण विकास में प्रधान व बिरला व्हाइट की और से हर संभव मदद और भी बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। बिरला व्हाइट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज शर्मा के मार्गदर्शन मे चलाए गये कार्यक्र म के अन्तर्गत यह आयोजन रखा गया।समारोह के अंत में प्रधानाचार्य देवाराम ने सभी अतिथीयो का स्वागत कर इस सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

### शिक्षक राठौड़ को मिला शिक्षा पद्म अवॉर्ड-2021, क्षेत्र में खुशी की लहर



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** निकटवर्ती धानसा गाँव के सरस्वती विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विक्रमसिंह राठौड़ को ऑल इण्डिया प्रिंसिपल एसोसिएशन द्वारा शिक्षा पद्म अवॉर्ड-2021 प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार भीनमाल के प्रवक्ता टीकमाराम भाटी ने बताया कि 2 अक्टूबर को पंजाब के मोहाली में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र के साथ यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। विक्रमसिंह राठौड़ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह अवॉर्ड प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में पूरे भारत से सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड तथा स्टेट बोर्ड के चयनित विद्यालयों के प्रिंसिपल ने भाग लिया। वर्तमान समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले बदलावों तथा नई टैक्नोलोजी के साथ विद्यालयों को तैयार करने और उन्हें अपनाते हुए विद्यालयों में लागु करने के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। विक्रमसिंह राठौड़ ने ऑल इण्डिया प्रिंसिपल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवदीप भारद्वाज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल हंस सहित पूरी टीम का शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कई शिक्षाविद उपस्थित थे। इस प्रकार के अवार्ड मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान में बांटे 41 पट्टे



**परबतसर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर कार्यालय नगरपालिका परबतसर में प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 का शुभारंभ किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के 41 पट्टे, 07 नामान्तरण, 01 भवन निर्माण स्वीकृति, 01 पुनर्वेध पट्टा सहित कुल 50 पट्टे/नामान्तरण का वितरण किया गया और आमजन से अपील की गई की कैम्प के दौरान अधिकाधिक पट्टे लेने हेतु कार्यालय नगरपालिका परबतसर में आवेदन करे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पट्टे/नामान्तरण इत्यादि प्राप्त करें। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सैन अध्यक्ष नगरपालिका परबतसर, रामनिवास दिवाकर उपाध्यक्ष नगरपालिका परबतसर, देवीलाल बोचल्या अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परबतसर, पालिका कार्मिक नोरतमल डूडी, विरेन्द्र डूडी, रमेश चन्द्र बोहरा एडवोकेट परबतसर, समस्त पार्षद गण, पालिका कार्मिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## 5 गांवों के किसानों ने मूंगफली-बाजरा की फसल छोड़ी; 12 बगीचों में 1 लाख पौधे

# धोरों में चमकी अनार की लालिमा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** पश्चिमी राजस्थान के किसानों अब मूंगफली, बाजरा और ग्वार की फसल छोड़ अनार की खेती शुरू कर दी है। रेगिस्तान में किसानों का यह प्रयोग सफल भी रहा। किसान एक साल में 1 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर रहे हैं। सिरोही, जालोर और बाड़मेर जिले के बाद अब बीकानेर के किसान अनार की खेती से करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। यहां के 5 गांवों के 12 बगीचों में एक लाख पौधों से अनार की बंपर पैदावार हो रही है।

बीकानेर के देशनोक, पलाणा, मान्याणा, देशलसर और नपासार के किसानों ने 4 साल पहले परंपरागत खेती को छोड़ दिया था। किसानों ने अनार की खेती शुरू की। किसान बताते हैं कि पारंपरिक खेती की एक बुवाई से 50 हजार रुपए तक की कमाई होती थी, लेकिन इन खेतों को अनार के बगीचों में तब्दील कर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। मान्याणा गांव के ही ओम प्रकाश भांभू ने कुछ पौधों के रूप में अनार का बगीचा लगाया था। पहली बार में ही कुछ टन अनार पेड़ से उतरी तो उन्हें इस खेती में उम्मीद नजर आई। इसके बाद तो पौधों की संख्या बढ़ाई गई। जो अब चार हजार तक पहुंच गई है। उनका कहना है कि एक पौधा कम से कम 25 साल तक फल देता है। अकेले भांभू ही नहीं बल्कि बीकानेर में देशनोक के आसपास ही आधा दर्जन खेत अब अनार के बगीचों में बदल गए हैं।

#### बीकानेर में अनार सफल क्यों?

बीकानेर में अनार की सफलता का सबसे बड़ा कारण यहां का गर्म तापमान है। आमतौर पर राजस्थान में बाडमेर और जोधपुर से भी ज्यादा गर्म बीकानेर रहता है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि बीकानेर के अनार बाडमेर, जोधपुर और जैसलमेर के बगीचों से भी ज्यादा मीठी है और बड़ी है। भांभू का दावा है कि उनके बगीचे में 300 से 400 ग्राम तक वजन के अनार हैं।

#### सिंदूरी अनार का गढ़ बन रहा है बीकानेर

देश के अनार बाजार पर पश्चिमी राजस्थान ने कब्जा करना शुरू कर दिया है। जालोर, सिरोही, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर के बाद अब बीकानेर में अनार की बंपर फसल देश की कुल अनार फसल का बड़ा हिस्सा है। किसानों को उम्मीद है कि वो दिन दूर नहीं जब अनार की सर्वाधिक खेती राजस्थान में हो रही होगी। दरअसल, महाराष्ट्र में किसानों के पास जमीन कम है, इसलिए उनके अनार के बगीचे छोटे हैं। यहां एक किसान के पास दस से पंद्रह बीघा जमीन का बगीचा है। महाराष्ट्र में एक-दो बीघा जमीन वाले किसान है। जोधपुर और सिरोही में तो कई किसानों के पास दस से पंद्रह हजार पौधों के बगीचे भी हैं। बीकानेर में भी अब ये ट्रेंड बढ़ रहा है।



## जोधपुर में उत्कर्ष क्लासेज ने रचा नया कीर्तिमान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जिंदगी में सफल होने का एक ही रास्ता है, सही समय पर सही करियर चुनना। लेकिन अक्सर देखा गया है कि छात्र इस बात को लेकर सबसे ज्यादा परेशान रहते है कि हम किस फील्ड का चुनाव करें और किसका नही। किस परीक्षा की तैयारी कैसे करे? यूपीएससी, आरएएस, बैंक, नीट, रेलवे, पीओ, जैसी परीक्षा में किस प्रकार के सवाल आएंगे ऐसे सवाल बच्चों के साथ माता पिता के जहन में भी घुमते रहते हैं। इन सभी सवालों के जवाबो और सफलता के मुल मंत्र को लेकर रेडियो पर 51 घंटो तक लगातार उत्कर्ष क्लासेज के फाउंडर और सीईओ निर्मल गहलोत ने On-Air Career Counselling में देश के अलग-अलग कोने से आए कई सवालों के बड़ी बेबाक़ी से जवाब दिए और 51 घंटे तक लगातार बने रहे। इस दौरान एक नया मैराथन का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के डॉ मनीष विश्नोई व जोधपुर नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड दिया गया।

शिक्षाविद निर्मल गहलोत के द्वारा एक रेडियो चैनल पर 51 घंटे ऑन एयर कैरियर कॉउंसलिंग मैराथन का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर और निर्मल गहलोत व जोधपुर जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल ही में आयोजित हुई रीट परीक्षा जोधपुर में 60,000 परीक्षार्थियों को स्वादिष्ट शुद्ध भोजन दिया गया। इस नेक कार्य के लिए पूरे जोधपुर में शानदार प्रबंधन कर सेवा के तौर जोधपुरी अपणायत का अनूठा उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर निर्मल गहलोत और तरूण गहलोत का माली सैनी समाज सेवा संस्थान द्वारा साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मान किया गया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सांखला, अनन्ता योग संस्थान जोधपुर के योगाचार्य श्याम भाटी, अर्जुन गहलोत, प्रेम सिंह गहलोत, विनीत भाटी, सज्जन गहलोत सहित अनेकों युवाओं और संस्था के पदाधिकारियों ने निर्मल गहलोत का मुंह मीठाकरा बधाई प्रेषित की।

## सेवानिवृत्त पर रोहतास को दी भावभिनी विदाई



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कनीना।** राजकीय कन्या हाई स्कूल कनीना के मुख्य अध्यापक रोहताश कुमार अपनी सेवाए पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने लगभग 35 वर्ष शिक्षा विभाग में कार्य किया। अनेक स्कूलों में गणित अध्यापक, मिडिल हेड मास्टर रहते हुए कनीना हाई स्कूल से हेड मास्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान राव मोहर सिंह, पार्षद दलीप सिंह ने कनीना नगर की तरफ से सम्मानित किया। विरेंद्र सिंह कैमला स्कूल के हेडमास्टर, यादवेंद्र गोमला, मॉडल संस्कृति स्कूल के प्राचार्य सतपाल सिंह सहित अनेकों लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों व अन्य लोगो की ओर से उन्हें भेट प्रदान की गई।

## हेमलता परिषद महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव नियुक्त



**निम्बाहेड़ा / शंभूपुरा @ जागरूक जनता।** चित्तौड़गढ़ के नगरपालिका कॉलोनी निवासी हेमलता कैलाश वैष्णव को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी महिला प्रकोष्ठ परिषद प्रदेश अध्यक्ष वीणा वैष्णव ने हेमलता वैष्णव को प्रदेश महासचिव नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी। इस पर नवनियुक्त प्रदेश महासचिव हेमलता ने शीर्षनेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन की मजबूती के लिए हर समय तत्पर रहने की बात कही।

## केवड़िया संग्रहालय निर्माण केंद्र का ऐतिहासिक कदम-दीयाकुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**राजसमन्द।** सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि गुजरात स्थित केवड़िया संग्रहालय के माध्यम से रजवाड़ों के गौरवशाली इतिहास को जानने और समझने का अवसर मिलेगा वहीं आने वाली पीढ़ियों तक इसे सुरक्षित तरीके से सहेज कर रखा जा सकेगा। सांसद ने कहा कि इतिहास, संस्कृति और पर्यटन को संरक्षित रखने की दिशा में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। अवसर था, गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया स्थित %स्टेच्यू ऑफ यूनिटी% परिसर में बनने वाले संग्रहालय के लिए आवंटित



भूमि का अवलोकन किया। इस दौरान संग्रहालय के निर्माण की कार्ययोजना और रूपरेखा के संदर्भ में चर्चा की। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों ही केंद्र सरकार द्वारा सांसद दीयाकुमारी को इस संग्रहालय का सदस्त मनोनीत किया गया था। यह संग्रहालय 562 देशी रजवाड़ों के विलीनीकरण से एक अखंड भारत के निर्माण की गाथा बताने के साथ रजवाड़ों के वैभव, त्याग व बलिदान के गौरवपूर्ण इतिहास का जीवंत बखान करेगा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की यहां सबसे ऊंची प्रतिमा है। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एस.एस. राठौड़, पद्मश्री रघुवीर सिंह सिरोही, मानदाता सिंह राजकोट, मेहरानगढ़- जोधपुर निदेशक करणी सिंह जसोल, गुजरात सरकार में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक पंकज शर्मा भी उपस्थित थे।

## जयंती पर बापू, शास्त्री को किया याद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** भारतीय जनता पार्टी पीपाड़ शहर मंडल द्वारा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के अवसर पर स्थानीय शास्त्री घाट पर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा,पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह द्वारा दोनों महान नेताओं के साधारण जीवन पर प्रकाश डाला व उनके आदर्शो को जीवन में उतारने पर बल दिया। पूर्व चैयरमेन महेन्द्रसिंह कच्छावाह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महात्मा गांधी के त्याग और बलिदान से हर कोई वाकिफ है कि कैसे उन्होंने बिना हथियार उठाए भारत को अंग्रेजो की गुलामी से आजाद करवाया था। सत्य और अहिंसा के राह पर चलते हुए कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से पूरे किए जा सकते हैं। उनका कहना था कि, %जब भी आपका सामना किसी विरोधी से हो, तो उसे प्रेम से जीतें। लाल बहादुर शास्त्री एक कुशल नेतृत्व वाले गांधीवादी नेता थे और सादगी भरी जीवन व्यतीत करते थे। सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले शास्त्री जी एक शांत चित्त व्यक्तित्व भी थे। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टॉक, वरिष्ठ नेता जगदीश दवे, बंसीलाल जीनगर, मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह, दिनेश दवे, पारसमल छिपा, जेठाराम सांखला, गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, जितेंद्र प्रजापत, पार्षद कैलाश सेन, पीयूष शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि रामकिशोर कच्छावाह, खीवराज जीनगर, सीपी मारोठिया ,सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सोनेल, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रफीक खोखर, अल्पसंख्यक जिला मंत्री सतार खोखर, अल्पसंख्यक जिला प्रवक्ता असलम छिपा, सलाम कुरेशी, सत्तार भाई तेली, सुरेंद्र टाक, रामकिशोर टाक, दिलखुश जीनगर, देवीलाल छिपा, राजेंद्र कच्छावाह,संतोष सेन, महेंद्र कच्छावाह आदि कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## उदयपुर में दिखा भारत का पहला 'ल्यूसिस्टिक किंगफिशर'

### विश्व में तीसरी बार साइटिंग का भी मिला गौरव

### पक्षीप्रेमी भानुप्रताप और विधान को मिली उपलब्धि



**उदयपुर/जयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर जिले के दो पक्षीप्रेमियों को भारत में पहली बार और विश्व में तीसरी बार %ल्यूसिस्टिक कॉमन किंगफिशर% पक्षी की साइटिंग करने की उपलब्धि हासिल हुई है। शहर के नीमच माता स्कीम निवासी भानुप्रताप सिंह और हिरणमगरी सेक्टर 5 निवासी विधान द्विवेदी को थूर गांव में %ल्यूसिस्टिक कॉमन किंगफिशर% की दुर्लभ साइटिंग हुई है, जबकि इसका नेस्ट गांव के ही तालाब पर मिला है। उन्होंने बताया कि यह किंगफिशर उन्होंने सुबह 6 बजकर 19 मिनट पर पहली बार देखा। इसके बाद उन्होंने इस किंगफिशर के फोटो और विडियो क्लिक कर जानकारी जुटानी प्रारंभ की और नेस्टिंग की तलाश की। कई दिनों की खोज के बाद इसके यहीं रहने और नेस्टिंग करने की पुष्टि हुई तब इन्होंने विशेषज्ञों की सहायता से रिसर्च पेपर तैयार कर इंडियन बर्ड वेबसाइट पर भेजा है।

## बिरला कॉर्पोरेशन प्रबंधन द्वारा समर्थित प्रस्ताव पारित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधन द्वारा समर्थित सभी प्रस्ताव, जिन्हें कंपनी की वार्षिक आम बैठक में मतदान के लिए रखा गया था, सभी को स्वीकार कर पारित कर दिया गया। समूह प्रबंधन ने इस पर हर्ष व्यक्त किया है। इन सभी प्रस्तावों को भारी बहुमत द्वारा पारित किया गया, और एक शेयरधारक द्वारा संदेहास्पद इरादों के साथ पेश किया गया एकमात्र प्रस्ताव, व्यापक रूप से खारिज हो गया है। अन्य सभी प्रस्ताव 99 प्रतिशत से अधिक मतों के पक्ष में पड़ने के साथ पारित किए गए हैं। हालांकि लगातार की जा रही कोशिशों के तहत, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रोफेशनल प्रबंधन को उलटने के उद्देश्य से अवैध रूप से वोट डालने के लिए धोखाधड़ी के प्रयास किए गए थे। इस प्रक्रि या में, नकली तौर पर मतदान करने और साइबर ट्रैसपासिंग जैसे बड़े अपराध ऐसे लोगों द्वारा किए गए जो मतदान के लिए अधिकृत नहीं थे, लेकिन इन धोखाधड़ी का समय पर पता चला और गैरकानूनी मतदान के प्रयास निष्प्रभावी हो गए। फॉक्स एंड मंडल के पार्टनर देबंजन मंडल ने कहा, "ये धोखेबाज अब साइबर घुसपैठ, चोरी और संपत्ति के दुरुपयोग के लिए अभियोजन का सामना करने के लिए उत्तरदायी हैं।" "यह स्पष्ट है कि ये अपराध आसामाजिक तत्वों द्वारा किए गए थे जो हर साल बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एजीएम से पहले नए स्तर पर पहुंच जाते हैं। साथ ही कुछ सोसायटियों के ट्रस्टी, जो बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयरधारक हैं, ने भी नियमों का उल्लंघन कर वोट डालने का प्रयास किया। इन समाजों ने अपने ट्रस्टियों द्वारा पारित गैरकानूनी प्रस्तावों के आधार पर मतदान करने का प्रयास किया- उनमें से कुछ को अवैध रूप से पहली जगह में नियुक्त किया गया- जबकि नियमों के लिए प्रबंध समितियों द्वारा निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। दूसरी ओर, इन सोसायटियों की प्रबंध समितियों के अधिकांश सदस्यों ने, विनियमों के अनुपालन में, मतदान पर अपने निर्णयों के बारे में अलग से बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सूचित किया था। इसके बाद, इन न्यासियों ने समितियों द्वारा रखे गए शेयरों के समान सेट के संबंध में प्रबंध समितियों के सदस्यों के रूप में वोट डालने की मांग की। वित्तीय संस्थानों और खुदरा निवेशकों में से अधिकांश शेयरधारकों ने बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधन के समर्थन में मतदान किया और कंपनी के संचालन को बाधित करने के प्रयासों को विफल करने में मदद की। मंडल ने कहा, "निवेशकों ने अध्यक्ष हर्षवर्धन लोढ़ा के नेतृत्व में अपना विश्वास स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है।

ANCHOR | भारतमाला परियोजना

# एक प्रोजेक्ट से बदलेगा 7 राज्यों के यात्री सफर का अनुभव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली से मुम्बई तक बनाए जा रहे 8 लेन एक्सप्रेस-वे निर्माण के समानान्तर रेलवे के मिशन रफ्तार प्रोजेक्ट ने भी गति पकड़ ली है। रेलवे ने मिशन रफ्तार के तहत दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार 160 किमी प्रति घंटे करने की योजना को दिसम्बर 2023 में पूरा करने लक्ष्य तय किया है। ऐसे में जनवरी 2024 से दिल्ली से मुंबई पहुंचने में 12 घंटे का समय लगेगा। अभी राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली से मुंबई पहुंचने में 15 घंटे 40 मिनट समय लगता है। कोटा से मुंबई पहुंचने में 10 घंटे 50 मिनट का समय लगता है। गति बढने के बाद कोटा से 8 घंटे से कम समय में मुंबई पहुंच जाएंगे।

#### सात राज्यों में मिलेगा लाभ

**दिल्ली-मुंबई** मार्ग 1,483 किलोमीटर लंबा है जो 7 राज्यों से गुजरता है। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं। इससे नई



दिल्ली-मुंबई के बीच लगने वाले यात्रा समय में 3.5 घंटे की कमी आएगी।

#### निजी ट्रेनें भी रफ्तार भरेंगी

**प्रोजेक्ट** पूरा होने के बाद राजस्थान के भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा और झालावाड़ जिले को नई आधुनिक रेल सुविधाएं मिलेगी। स्पीड बढने के साथ माल ढुलाई में तेजी आएगी। इस मार्ग पर वंदेमातरम श्रेणी की निजी लक्जरी ट्रेनों का भी संचालन होगा। मिशन रफ्तार पूरा होने के बाद रेलवे वायु मार्ग से सफर करने वाले यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने के लिए लुभाएगा।

#### ट्रेक की सुरक्षा ऐसे बढ़ाएंगे

**रेलवे** की मिशन रफ्तार परियोजना के तहत वाया कोटा होकर नागदा से मथुरा के बीच रेलवे लाइन के दोनों ओर करीब 1086 किमी दीवार का निर्माण करेगा, ताकि मवेशी या जंगली जानवर ट्रेक पर नहीं जा सके हैं।

#### पैसेंजर ट्रेनों की औसत गति 60 प्रतिशत बढ़ेगी

**दिल्ली-मुंबई** सेक्शन की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा बढ़ाने से पैसेंजर ट्रेनों की औसत गति में भी 60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी और मालभाड़ा यातायात की औसत गति भी दोगुनी हो जाएगी।

#### पूरी योजना पर 6806 करोड़ रुपए खर्च होंगे

**मिशन** रफ्तार के एक हिस्से के रूप में भारतीय रेलवे अपने पूरे नेटवर्क में ट्रेनों की औसत गति में सुधार लाने के लिए एक मिशन के रूप में काम कर रही है। इस परियोजना पर करीब 6806 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

#### कोटा मंडल में ढाई हजार करोड़ से ज्यादा खर्च होंगे

**ट्रेनों** की रफ्तार 160 किमी करने के लिए कोटा मंडल में 2664.14 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें रेलपथ से जुड़े कार्य पर 1311.19 करोड़, विद्युत से जुड़े कार्य पर 874.21 करोड़, सिग्नल और टेलीकॉम से जुड़े कार्यों पर 428.26 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं यांत्रिक से जुड़े कार्यों पर 50.48 करोड़ खर्च होंगे।

#### योजना में ये तकनीकी बदलाव शामिल

**परियोजना** में ट्रेक की फेसिंग करना, स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार और स्वचालित और यंत्रीकृत नैदानिक प्रणालियां शामिल हैं। इनसे सुरक्षा और विश्वसनीयता में काफी बढ़ोतरी होगी।

#### रोजगार बढ़ाने में मिलेगी मदद

**यह** परियोजना के निर्माण चरण के दौरान रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। इससे प्रत्यक्ष रूप से 3.6 करोड़ से अधिक कार्य दिवसों का सृजन होगा। इससे आर्थिक गुणक शुरू करने में मदद मिलेगी और सभी राज्यों में विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से मार्ग की प्रवाह क्षमता में 30-35 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

**दिल्ली-मुंबई** रेलमार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार 160 किमी प्रतिघंटे होने के बाद वायुमार्ग के यात्री भी ट्रेन में सफर करने में रुचि दिखाएंगे। इस प्रोजेक्ट के दिसम्बर 2023 तक पूरा करने के प्रयास हैं।

-**पंकज शर्मा**, डीआरएम, कोटा

**राहतः** देश में बिहार के बाद राजस्थान में सबसे कम मरीज

# 20 जिलों में कोरोना का एक भी केस नहीं

**प्रदेश में केवल 57 एक्टिव केस**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच अच्छी खबर है। राज्य में संक्रमित केस कम आने और मरीजों के लगातार रिकवर होने के कारण अब एक्टिव केस की संख्या 57 ही रह गई। पिछले साल मार्च 2020 में कोरोना के केस आने के बाद एक्टिव केस की संख्या में आई गिरावट में ये सबसे कम है। बिहार के बाद राजस्थान देश का दूसरा बड़ा राज्य है, जहां एक्टिव केस सबसे कम है। बिहार में एक्टिव मरीजों की संख्या में केवल 37 ही रह गई। एक्सपर्ट का कहना है कि आने वाला समय संक्रमण फैलने के नजरिए से बेहद खतरनाक है, क्योंकि 7 अक्टूबर के बाद से देश में बड़े त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसके अलावा स्कूल भी अब पूरी तरह से खुल गए हैं, जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ेगा। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को अब ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही उनको जिन्होंने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। हालांकि प्रदेश में एक बड़े वर्ग ने वैक्सीन की पहली डोज ले ली है।

### नया वैरिएंट नहीं आने तक थर्ड वेव मुश्किल



**जयपुर** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर डॉ. रमन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में लोगों में हर्ड इम्यूनिटी डवलप हो गई है। इसके दो कारण हैं। पहला नेचुरल और दूसरा वैक्सीनेशन। हजारों-लाखों लोग ऐसे हैं, जिनको कोरोना होकर खत्म भी हो गया, उनमें नेचुरल इम्यूनिटी डवलप हो गई है। वहीं देश में वैक्सीनेशन प्रोग्राम बहुत तेजी से चल रहा है, अधिकांश लोग वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा चुके हैं। इससे लोगों में एंटीबॉडी इस तरह की बन गई है कि यहां मौजूदा वैरिएंट डेल्टा के नेचर की है। अमेरिका में डेल्टा का वैरिएंट नया है, जिस कारण वहां लोग अब ज्यादा इफेक्ट हो रहे हैं। पॉजिटिव केस के साथ-साथ डेथ केस भी बढ़ गए हैं। जिस समय भारत में कोई नया वैरिएंट आ जाएगा, उसके बाद केस तेजी से बढ़ने लगेंगे। आने वाला समय त्योहारी सीजन का है, ऐसे में लोगों को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए, वरना यह घातक साबित हो सकता है।

### सितंबर में आए सबसे कम मरीज

**राजस्थान** में कोरोना मरीजों के आने की शुरुआत मार्च 2020 में जयपुर से हुई थी। मार्च 2020 में पूरे राज्य में कुल 93 मरीज सामने आए थे। इसके बाद से हर महीने मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी होने लगी थी। अप्रैल 2020 में लगभग 2400 से ज्यादा मरीज मिले थे। इस साल अगस्त ही ऐसा गया है, जब पूरे महीने में 500 से भी कम (428) नए मरीज मिले थे, लेकिन इस बार सितंबर का महीना सबसे अच्छा रहा। बीते महीने सितंबर में पूरे राज्य में कुल 232 नए केस मिले थे, जबकि एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। लगातार यह दूसरा महीना था, जब कोरोना से एक भी मरीज नहीं मरा।

### 33 में से 20 जिले कोरोना मुक्त

**राजस्थान** में वर्तमान में 33 में से 20 जिलों में कोरोना का एक भी केस नहीं है। इनमें बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, करौली, कोटा, नागौर, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही, टोंक और उदयपुर शामिल हैं। वहीं सवाई माधोपुर, पाली, धौलपुर और भीलवाड़ा ऐसे जिले हैं, जहां केवल एक-एक एक्टिव केस बचा है। सबसे ज्यादा एक्टिव केस राजधानी जयपुर में 19 बचे हैं।

**6 दिन में 5वीं बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम**

# जयपुर में 100 रुपए 42 पैसे डीजल, 109 रुपए 66 पैसे पेट्रोल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम और बढ़ गए हैं। भारतीय तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया है। मंगलवार को जयपुर में डीजल की कीमत में 32 पैसे और पेट्रोल की कीमत में 26 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। इसके बाद जयपुर में एक लीटर पेट्रोल 109 रुपए 55 पैसे, जबकि डीजल 100 रुपए 42 पैसे प्रति लीटर की कीमत पर पहुंच गया है। जो इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है।

### कच्चा तेल महंगा

दुनियाभर में क्रूड ऑयल के दाम फिर बढ़ने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के लेवल को पार कर गए हैं। कच्चा तेल 3 साल के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। इससे पहले सितंबर 2018 में ये 80 डॉलर पर पहुंचा था। ऐसे में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम और बढ़ सकते हैं।

### आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं दाम

IIFL सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता कहते हैं कि कच्चे तेल की मांग बढ़ने के कारण आने वाले दिनों में ये 80 डॉलर तक जा सकता है। इससे पेट्रोल-डीजल की कीमत में 2 से 3 रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 26 राज्यों में पेट्रोल और 6 राज्यों में डीजल 100 के पार

देश के 26 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, नागालैंड, पोंडेचेरी, तेलंगाना, पंजाब, सिक्किम, उड़ीसा, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश के सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है। वहीं उत्तर प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल और उत्तराखंड में भी कई जगहों पर पेट्रोल 100 रुपए लीटर के पार है। वहीं डीजल की बात करें तो राजस्थान, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में कई जगहों पर ये अभी भी 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

Computer Paradise
Desktop / Laptop / Printer Sale & Service
All Type Accessories • Antivirus Software
Toner Cartridge Refilling • Computer Peripherals
hp lenovo acer intel Tally Canon EPSON DELL
Bhupendra Singh Tanwar
computer.paradise@hotmail.com
9352566707
G-3, Plot No. B-23, L. S. Nagar, Naya Khera, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302039

9649981711, 9649829804
युवराज फर्नीचर हाऊस
एल्युमिनियम के दरवाजे, प्लास्टिक के दरवाजे
किचन कैबिनेट

वॉलपेपर
एल्युमिनियम पार्टिशन
PVC फॉल सीलिंग
सभी प्रकार की लकड़ी का संतोषजनक कार्य भी किया जाता है
बी-180, जे.पी. कॉलोनी, 16 नं. बस स्टैण्ड, आरपीए रोड, विद्याधर नगर, जयपुर

ArvinD
Raymond
FABRIC FOR SHIRTS TROUSERS, SUITS, JACKETS KURTA & PAYJAMA
DESIGN & CUSTOM TAILORING ALSO AVAILABLE
G-16-17, Vrindavan Complex
Central Spine
Vidhyadhar Nagar, Jaipur
Mo. : 9828084878
Ph. : 0141-2339890


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com



"May Maa Durga bless you and your family with 9 forms of blessings- fame, name, wealth, prosperity, happiness, education, health, power and commitment"
जनहित लोक मंच
A Project by Janhit Lok Mahch
A Reg. Govt of INDIA NCT New Delhi An ISO : 9001:2008 CERTIFIED
JAIPUR : S-30, Second Floor, Dwarika Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur (Raj.)
M.P. : Office Number 213, 2nd Floor Btc Tower Mg Road, Indore (MP)
Web : www.janhitlokmanch.com | Email : info@janhitlokmanch.com | HELPLINE : +91 9352810000


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
"जब कभी आप दुविधा में हों या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आज़मा कर देखिएगा। अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हों और अपने आप से पूछिए कि क्या आपकी करनी उसके किसी काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा? क्या उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधाएं दूर हो जाएंगी।"
–महात्मा गांधी
प्रदेश के जन–जन के हित में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
2 अक्टूबर, 2021 से शुभारम्भ

प्रशासन शहरों के संग अभियान
2 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022
अभियान की विशेषताएं
• 10 लाख पट्टा वितरण का लक्ष्य
• राहत के लिए विभिन्न नियमों एवं प्रावधानों का सरलीकरण
• आवेदन की तकनीकी सहायता हेतु स्वैच्छिक नगर मित्र की सुविधा
• कार्यों के शीघ्र निस्तारण के लिए निकाय स्तर पर एम्पावर्ड कमेटी का गठन कर शक्तियों का प्रत्यायोजन
• नागरिकों की सहायता हेतु हैल्पडेस्क नम्बर 18001806127
• 213 नगरीय निकाय, 3 विकास प्राधिकरण, 14 नगर सुधार न्यास, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, बीडा सहित 8 विभाग होंगे शामिल

प्रशासन गांवों के संग अभियान
2 अक्टूबर, 2021 से 17 दिसम्बर, 2021
अभियान की विशेषताएं
• प्रत्येक ग्राम पंचायत पर शिविरों का आयोजन
• कार्यों की सुगमता के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को शक्तियों का प्रत्यायोजन
• अभियान की प्रत्येक स्तर पर सतत् मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण
• शिविरों में ई-मित्र केन्द्रों पर सभी सुविधाएं निःशुल्क

"राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है 'प्रशासन गांवों और शहरों के संग अभियान–2021' जिसके माध्यम से आमजन से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान के लिए जटिलताओं को दूर करते हुए विभिन्न नियमों का सरलीकरण किया गया है। जिससे वर्षों से लंबित कार्यों के पूर्ण होने में सुगमता होगी। इस अभियान के लिए मेरी शुभकामनाएं।"
अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री

राजस्थान संवाद
अभियान अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा दी जा रही शिथिलताओं का लाभ उठायें
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

जयपुर, बुधवार

वर्ष-7, अंक-32, 6 अक्टूबर - 12 अक्टूबर, 2021



# जागरूक खबरें

## ग्रामीण विकास को लेकर प्रधान एवं सहायक विकास अधिकारी ने की बैठक



**सरनाऊ @ जागरूक जनता।** सरनाऊ में मंगलवार को पंचायत समिति मुख्यालय पर साधारण सभा की बैठक प्रधान शांयति देवी बिश्नोई की अध्यक्षता एवं सहायक विकास अधिकारी जय किशन बिश्नोई के सानिध्य में आहूत की गई। जिसमें प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण एवं पुनर्निर्माण,प्रशासन गांव के संग कैंप की जानकारी, हर घर पौधारोपण, मॉडल तालाब निर्माण,खेल मैदान कार्य, नरेगा के कार्यों संबंधित भुगतान में समाधान आदि अभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी ने जय किशन बिश्नोई मैं बैठक में ग्रामीण विकास पंचायत राज योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश बिश्नोई, पूर्व सरपंच भीकाराम बिश्नोई, उप प्रधान प्रतिनिधि आदूराम मेघवाल, अभियंता ओम प्रकाश सुथार,सुरेश सियाक, ऐलची देवी, सूवटीदेवी, भगराज मांजू दांता, रामलाल बिश्नोई महादेवा राम मेघवाल, बलवंता राम, वरधाराम देवासी समेत ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत समिति स्टॉप ने भाग लिया।

## पट्टे का सपना हुआ साकार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर जिले की झोटवाड़ा पंचायत समिति की कालवाड ग्राम पंचायत में ग्राम कालवाड के रामस्वरूप को पट्टा मिलने पर अपार खुषी हुई। उसने बताया कि वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है। वह ग्राम पंचायत कालवाड पंचायत समिति झोटवाड़ा में दैनिक समाचार पत्र वितरण का कार्य करता है तथा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति है। रामस्वरूप ने दिनांक 20.04.2017 को पुश्तैनी उत्तराधिकारी की गुवाडी/ घर 92.00 वर्गगज के पट्टे का आवेदन राजस्थान पंचायत नियम 1996 के नियम 157 (1) में ग्राम पंचायत कालवाड़ में प्रस्तुत किया था। पिछले कई वर्षो से पट्टे के लिए प्रयास किया। जो आज पूरा हो पाया। उसने राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## साथिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बताया कि जयपुर जिले की बस्सी, सांगानेर एवं दूदू पंचायत समितियों से चयनित साथिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत समिति बस्सी स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में साथिनों को ई मित्र प्लस मशीन के उपयोग के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। ई मित्र प्लस मशीन से विभिन्न विभागों की विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं, योजनाओं की जानकारी, लाभार्थियों की सूचना कैसे प्राप्त की जा सकती है, ई मित्र प्लस मशीन के उपयोग तथा ग्रामवासी इन मशीनों का प्रभावी रूप से किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं, इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी साथिनों को दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्सी पंचायत समिति प्रधान इंद्रा देवी ने की। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अतिरिक्त निदेशक आर के शर्मा और महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त रश्मि गुप्ता ने भी साथिनों को ई-मित्र प्लस मशीनों के उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में सिविल सोसायटी के निखिल डे द्वारा साथिनों को गीतों के द्वारा ओर प्रेरक उद्बोधन द्वारा समाज में अपनी उपयोगिता ओर सहयोग के लिए उद्बोदित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक हरी मोहन गुप्ता एवं उप निदेशक ऋतेश कुमार शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# समाजसेवी गहलोत बने विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति में सदस्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** समाजसेवी अशोक गहलोत को राजकीय उच्च माध्य. विद्यालय पूंजला जोधपुर में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार अशोक गहलोत की अनुशंसा पर विधायक प्रतिनिधि के तौर पर विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति में सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया। इस मौके पर कई सामाजिक कार्यकर्ताओ व मित्रमण्डल, जनप्रतिनिधि गणो ने गहलोत को फोन कर सोशल मीडिया के माध्यम से और व्यक्तिगत साफा,माला पहना,मुंह मीठा करवा कर शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की।

ऐसे काम करेगी SDMC समिति माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने राज्य की सरकारी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने व विद्यालय भवन का विकास करने के लिए विद्यालय विकास कोष एवं प्रबध समिति एसडीएमसी का गठन करने के सभी संस्था प्रधानों को निर्देश दिए है। जारी आदेशो में सभी संस्था प्रधानों को निर्देश दिए गए है कि बैंको मे अब तक विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति द्वारा छात्र निधि जो कि बॉयज फण्ड के नाम से जमा की जाती थी अब स्टूडेंट फण्ड के नाम से संचालित किए जाए ताकि विद्यार्थियों का समिति से जुड़ाव हो। इस समिति को छात्र निधि राशि के पुनर्निधारण का अधिकार भी होगा। विद्यालय विकास कोष एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष संबंधित शाला के संस्था प्रधान होगें तथा संस्था प्रधान द्वारा एक अध्यापक को सदस्य सचिव मनोनीत किया जाएगा। अध्यक्ष व सदस्य सचिव के हस्ताक्षरों से बैंक से लेनदेन किया जाएगा। एसडीएमसी में स्थानीय लोगों का प्रतिनिधित्व होगा।

### ये होंगे कार्य

विद्यार्थियो के माता पिता या संरक्षक विद्यार्थी कोष की राशि की जानकारी कर सकेगे विद्यालय मे शैक्षिक वातावरण निर्माण के लिए निर्णय ले सकेगें विद्यालय भवन का विकास का निर्णय ले सकेगी। विद्यार्थी कोष वर्तमान में वार्षिक लिया जाता है समिति निर्णय लेकर इसे मासिक रूप से वसूल कर सकेगी। समिति द्वारा छात्रों से वसूली गई व खर्च की गई राशि की पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी। कार्य योजना के अनुसार राशि व्यय की जाएगी।

# शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्र




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में मंडल सदस्य मनोज कुमार यादव के जन्मदिन पर जीवनदाता ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं के द्वारा 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर एएसपी रामकुमार कस्वां, डीएसपी दिनेश कुमार यादव, सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा, समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमोद भारद्वाज, राकेश सोनी, महेंद्र पायला, सुरेन्द्र सैन, कपिल शर्मा, रोहित सैनी, अमित मीणा, निकेन्द्र सिंह, महेंद्र, सुरेन्द्र पंडित, सचिन सिंह तंवर, महेश सिंह, लोकेंद्र सिंह, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

रीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों का विरोध

# भाजपा युवा मोर्चा ने विरोध-प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** रीट परीक्षा में हुई अनियमितता के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा भी मैदान में आ गया है। अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट में हुई अनियमितताओ के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी उपखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया तथा मुख्यमंत्री के नाम 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। सैंकड़ो कार्यकर्ता पैदल रैली के रूप में राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए उपखंड कार्यालय की ओर निकल पड़े। भाजपा युवा मोर्चा जोधपुर देहांत दक्षिण के जिला अध्यक्ष अरविंद चौधरी के निर्देशानुसार पीपाड़ भाजपा नेता अजय सिंह टाक के नेतृत्व में उपखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी दुदाराम हुड्डा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवा नेता अजय सिंह टाक ने कहा की रीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है उसके विरोध में 26 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य को देखते हुए सोमवार युवा मोर्चा द्वारा पूरे राजस्थान के उपखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया किया गया है। जिसमें 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया तथा कहा कि रीट परीक्षा में हुई धांधली को देखते हुए मुख्यमंत्री को शिक्षामंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा से इस्तीफा लेना चाहिए अन्यथा उन्हें पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए । शिक्षाविद भवानीसिंह कच्छावाह ने कहा की रीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई द्वारा जांच कराई जानी चाहिए तथा 26 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य को देखते हुए रीट परीक्षा को रद्द करते हुए पुन परीक्षा आयोजित कारवाई जानी चाहिए। ज्ञापन के दौरान एबीवीपी छात्र नेता रामकिशोर टाक, चेनाराम गहलोत, ठाकुर डालडा, सीपी मारोठिया, कल्याण टाक, दुदाराम पूनिया, भारमल चौधरी, तिलोक सिंह, जीतू, राकेश, रविंदर, सुनील, प्रवीण, माही टाक, दिनेश, सीतू भाणु विवेक सोलंकी,संजय सहित शिक्षाविद, विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

पटवारी भर्ती में पद बढ़े

# बोर्ड ने 951 पदों में किया इजाफा

## 23 और 24 अक्टूबर को दो पारी में होगा पेपर; 3 घंटे की होगी परीक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड में पटवारी भर्ती परीक्षा में 951 पदों में इजाफा किया है। अब 23 और 24 अक्टूबर को 5 हजार 378 पदों के लिए सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें 3 घंटे की दो-दो पारियों में परीक्षा का आयोजन होगा। बोर्ड के चेयरमैन हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि 23 अक्टूबर को पहली पारी की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह, 24 अक्टूबर को भी इसी समय पर दो पेपर होंगे।

### 5378 पदों के लिए होगी पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा

चेयरमैन हरिप्रसाद शर्मा के मुताबिक बोर्ड द्वारा परीक्षार्थी अपने ई प्रवेश पत्र राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाइट या फिर खुद के SSO ID (Single Sign On) से डाउनलोड कर सकते हैं। अलग प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक खबर या जानकारी पर विश्वास नहीं करें। चयन बोर्ड द्वारा क्षेत्रीय स्तर के मीडिया में जारी खबरों और बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञप्ति को ही अधिकृत माना जाए। परीक्षार्थी किसी भी तरह की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in देख सकते हैं। बता दें कि पहले पटवारी भर्ती 4421 पदों के लिए आयोजित होने वाली थी, लेकिन सरकार ने पदों की संख्या बढ़ाकर 5378 कर दी थी। इसके लिए 15 जुलाई से 29 जुलाई 2021 तक आवेदन मांगे गए थे।

### सिर्फ अंतिम आवेदन ही मान्य होगा, बाकी रद्द किए जाएंगे

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 8,169 ऐसे अभ्यर्थियों को चिन्हित किया है, जिन्होंने पटवारी भर्ती परीक्षा में एक से अधिक आवेदन किए थे। RSMSSB ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर बुधवार को एक नोटिस जारी कर कहा है कि पटवारी भर्ती परीक्षा में बैठने वाले इन अभ्यर्थियों का सिर्फ अंतिम आवेदन ही मान्य होगा। इन अभ्यर्थियों द्वारा पहले भरे गए सभी आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। अंतिम आवेदन के आधार पर ही परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी होगा। निरस्त किए गए और स्वीकार किए गए आवेदनों की सूचना भी नोटिस में प्रकाशित की गई थी। चयन बोर्ड ने कहा है कि अगर किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह बोर्ड ऑफिस में बिना देरी किए संपर्क कर सकता है।

पर्यटन मैग्जीन ट्रेवल एंड लेजर का वर्ल्ड बेस्ट सिटी अवार्ड सर्वे

# उदयपुर नंबर 2, जयपुर 17वें पायदान पर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोविड 19 के बाद बेपटरी हुए पर्यटन को लेकर बड़ी खुशखबरी मिली है। विश्व की 25 बेस्ट सिटीज में प्रदेश के दो शहर शामिल हुए है। विश्व में पर्यटन के लिहाज से मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर प्रदेश का उदयपुर है, वहीं वर्ल्ड हेरिटेज सिटी जयपुर 17वें स्थान पर है। विश्व की पर्यटन क्षेत्र की प्रतिष्ठित पर्यटन मैग्जीन ट्रेवल एंड लेजर का वर्ल्ड बेस्ट सिटी अवार्ड सर्वे में उदयपुर को 91.32% अंक मिले है, वहीं राजधानी जयपुर को 88.68 प्रतिशत अंक मिले है। जबकि मैक्सिको 93.54 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर है।

### सर्वे में पर्यटन के लिहाज से वर्ल्ड बेस्ट

25 सिटी की रैंकिंग जारी की है। बेहतर कोरोना प्रबंधन, व्यवस्थित नगरीय विकास और विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के चलते राजस्थान के उदयपुर शहर को दूसरी रैंकिंग मिली है, वहीं जयपुर को 17वीं रैंकिंग मिली है। सर्वे अंकों के हिसाब से देखें तो उदयपुर सर्वे में नंबर वन रहे मैक्सिको से सिर्फ 1.91 प्रतिशत अंक ही पीछे रहा है। हालांकि जयपुर में भी अंकों के हिसाब से बेहतर स्कोर हासिल किया है।

### जनवरी से मई के बीच वोटिंग

**रीडर्स** सर्वे के लिए गत 1 जनवरी से मई के बीच वोटिंग हुइ। इसमें उदयपुर और जयपुर की बसावट, यहां के पर्यटक स्थल, कला व संस्कृति, लोगों का पर्यटकों से दोस्ताना व्यवहार, खरीददारी व अन्य अनुभवों पर अपनी रेटिंग दी है। ज्यादातर पर्यटकों ने राजस्थान में बेहतर कोरोना प्रबंधन के हिसाब से अपनी वोटिंग की।

# मानसी बनीं मिस राजस्थान 2021

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जगमगाती रोशनी, खूबसूरत परिधान, ज़बरदस्त परफॉर्मेंस, ये नजारा था मंगलवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में हुए मिस राजस्थान के ग्रैंड फिनाले में, जहां राज्य भर से खूबसूरत चेहरों ने अपने मॉडलिंग पैशन को आखिरकार फाइनल टच के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। मिस राजस्थान के इस मंच पर 5300 गर्ल्स को चुनौती देकर टॉप 28 ने अपने सपनों को पंख दिए, इनमें से मानसी विनर रही वही कशिश फर्स्ट रनरअप, अर्जलि जोधा सेकेंड रनरअप, प्रेक्षा थर्ड रनरअप और भावना फोर्थ रनरअप रहीं। पीजेंट के आयोजक योगेश मिश्रा और निमिशा मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान के ग्रैंड फिनाले मे टॉप 28 मॉडल्स ने रेम्प पर पहले राउंड में पनघट के निर्मल सराफ़ का फ्यूजन कलेक्शन शोकेश किया। उनमें से चुनी गई 12 मॉडल्स ने अगले राउंड में निर्मल सराफ़ का सेमी ब्राइडल कलेक्शन लॉन्च किया।

# 50 वर्ष पुराने प्रकरण का पटाक्षेप

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर जिले की पावटा पंचायत समिति के द्वारिकपुरा ग्राम पंचायत पर मंगलवार को प्रशासन गाँवों के संग अभियान 2021 में 50 वर्ष पुराने एक प्रकरण का पटाक्षेप किया गया। शिविर स्थल ग्राम पंचायत हरिकापुरा में शिविर प्रभारी राजवीर यादव (उपखण्ड अधिकारी) के समक्ष एक वृद्ध व्यक्ति जिनकी उम्र लगभग 80 वर्ष थी, ने अपनी व्यथा से शिविर प्रभारी को अवगत कराया कि जब वे छोटे थे लगभग 50-60 वर्ष पूर्व उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था। जब से उनकी जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में उनके पिता का नाम गंगूसिंह के स्थान पर सवाई सिंह दर्ज चला आ रहा है। शिविर प्रभारी द्वारा उनकी व्यथा को सुनकर मौके पर ही प्रार्थना पत्र तैयार करवाकर संबंधित पटवारी/ ICR/ तहसीलदार को तलब कर प्रार्थी रावत सिंह निवासी हरिकपुरा (पावटा) के राजस्व रिकॉर्ड में उनके पिता का नाम सवाई सिंह के स्थान पर गंगूसिंह शुद्ध करने के आदेश प्रदान किए। मौके पर ही अविलम्ब शुद्धिपत्र दर्ज कर प्रार्थी रावत सिंह के पिता का नाम शुद्ध कर 50 वर्ष पुराने प्रकरण का पटाक्षेप किया गया। प्रार्थी रावत सिंह को मौके पर ही अवगत कराया गया कि उनकी भूमि में पिता के नाम को शुद्ध कर दिया गया है। प्रार्थी जो पिछले काफी वर्षों से शुद्धि का प्रयास कर रहा था। प्रशासन गाँवों के संग अभियान ने संजीवनी की तरह अपने उद्देश्यों एवं त्वरित न्याय के रूप में कार्य कर प्रार्थी को अनुतोष प्रदान किया।

# भलाई का जमाना है



डॉ. टीना राव
लेखक
@jagrukjanta.net

**एक** दिन जब मेरे पिताजी को पता चला कि मेरे बड़े पापा की बेटी के ससुर जी का देहांत हो गया है, तब मेरे पिताजी सांत्वना देने के लिए घर से जाने की तैयारी करने लगे ,तभी मेरी बड़ी दीदी ने कहा कि पापा आप मुझे भी अपने साथ ले चलो बड़े पापा के घर, मैं भी उनसे मिल लूंगी काफी समय हो गया है बड़े पापा एवं उनके परिवार से मिलना नहीं हुआ है। तो पापा ने दीदी को भी साथ ले जाने का निर्णय लिया और दोनों तैयार होकर बुलेट गाड़ी (मोटरसाइकिल) पर रवाना हो गए,रास्ते में जाते जाते पापा और दीदी में काफी बातें हुई और लोगों पर चर्चाएं हुई समय बीतता है और बातें याद रहती है, इसी तरह अनगिनत बातें वह करते ही जा रहे थे उन्हें यह जरा भी अहसास नहीं था की दीदी उनकी गाड़ी पर नहीं बैठी हुई है क्योंकि वो रास्ते में गिर चुकी थी, पापा बात करते-करते काफी दूर निकल गए तब पीछे से आए एक बस चालक ने पापा की बुलेट रोकते हुए कहां कि आपके साथ जो थी वह नीचे गिर गई है, तब पापा के होश उड़ गए उन्हें समझ में नहीं आया कि वह अब क्या करें ना वह कुछ कर पा रहे थे ना वह रो पा रहे थे उनके हाथ पैर जैसे ठंडे हो गए हो ,और वह बस हक्का-बक्का रह गए तभी बस और बस में सवार सभी राहगीर नीचे उतरे और पापा की मदद की ।तब ही बस के चालक ने पापा से दीदी को पानी पिलाने को कहा तो पापा को कुछ समझ में नहीं आया कि वह क्या करें तब चालक खुद दौड़कर पास में से पानी लेकर आया दीदी बेसुध जख्मी हालत में जमीन पर गिरी हुई थी ,कुछ होश नहीं था तब पापा और ड्राइवर ने दीदी पर पानी गिरा कर उन्हें होश में लाने की कोशिश की, फिर बस ड्राइवर ने उन्हें अपनी गाड़ी में बिठाकर महिद्पुर जहां पापा और दीदी को जाना था वहां छोड़ा और पापा को भी हिम्मत दी और सब कुछ ठीक हो जाएगा कहकर पापा को शांति दी, गंतव्य पर जाकर चालक ने अस्पताल में बस रोककर दीदी को अस्पताल में भर्ती करवाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करवाई ।बदले में वह सिर्फ दुआएं लेकर गया और अच्छाई अभी जिंदा है यह बात सिद्ध कर गया और हमारे ह्रदय पटल पर अविस्मरणीय अमिट छाप छोड़ गया।

*यह घटना सत्य घटना पर आधारित है अंत में इतना ही कहूंगी कि की भलाई का जमाना है।*

(लेखक पाली से है, उय उनके अपने विचार है)

शिक्षक के जन्मदिन पर वृक्षारोपण की परम्परा का हुआ निर्वाहन

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**खारिया आनावास/पीपाड़ शहर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय, खारिया आनावास में एक अनूठी पहल चलाकर समाज में एक नया उदाहरण पेश किया जी हा इस स्कूल में प्रत्येक शिक्षक और बालक के जन्मदिन पर वृक्षारोपण की परम्परा है, यहां जब भी किसी छात्र-छात्राओं या शिक्षक का जन्मदिन होता है तो केक काटने के बजाय विद्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाता है।

प्रधानाध्यापक प्रकाश देवासी ने बताया कि यह परंपरा पिछले दो साल से निरंतर चल रही है इसी कड़ी में आज विधालय के वरिष्ठ शिक्षक हरदीन खदाव के 44 वें जन्मदिन पर पांच पौधे लगाकर विद्यालय की इस परंपरा को निभाया और बच्चों को टॉफियां बांटकर जन्मदिन मनाया गया ।

हर बालक व शिक्षक के जन्मदिन को यादगार बनाने के साथ साथ पर्यावरण की दृष्टि से प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए व उसकी संभाल करे। आज का स्वार्थी मानव पेड़ तो काटता गया, लेकिन पेड़ लगाना भूल गया। इससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या आज बहुत उग्र हो गई है। इसी कर्तव्य को याद करवाने व युवा पीढ़ी को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए भी यह एक अनुपम पहल है। विधालय परिवार इस परम्परा का निर्वहन करते हुए अब तक विद्यालय में दो दर्जन पौधे लगाये जा चुके है। आगे भी इस परंपरा को बरकार रखते हुए हरित विद्यालय योजना में विद्यालय को हराभरा बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षक कवि श्रवण शून्य ने अपने पर्यावरण संदेश में कहा कि विकास की दौड़ में कहीं न कहीं हम सभी प्रकृति की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है। इसे संरक्षित करना होगा। भारतीय संस्कृति में पेड-पौधे,नदी आदि पर्यावरण से संबंधित प्राकृतिक संसाधनों की पूजा की जाती है। इसके पीछे इन सभी का महत्व समझने का संदेश छिपा होता है। उन्होंने युवा वर्ग से अपील की कि सभी पौधारोपण के लिए आगे आएं और अपने गांव, शहर को हरा-भरा बनाएं। कार्यक्रम के दौरान माणक पटेल, अणदाराम चौधरी, पाबूराम पीटीआई, भंवर बिश्नोई, मगराज पंवार, एन के यादव, डीके जोधा, निर्मला कवंर, चंद्राराम सहित छात्र छात्राओं ने बधाई देते हुए अपनी उपस्थिति दी।

# राजस्थान में दीपावली पर इस बार भी नहीं चलेंगे पटाखे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोरोना संक्रमण मरीजों को देखते हुए राजस्थान सरकार ने इस बार भी दीपावली पर पटाखे नहीं छुड़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में गृह विभाग के प्रमख सचिव अभय कुमार ने आदेश जारी किए। कोरोना संक्रमित व्यक्तियों को आतिशबाजी से होने वाले वायु प्रदूषण से श्वसन तंत्र में होने वाली संभावित खराबी के कारण आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया गया। अब प्रदेश में 31 जनवरी 2022 तक पटाखे बेचने और चलाने पर प्रतिबंध लागू किया जाना आवश्यक है। इसलिए प्रदेश में दीपावली पर अस्थाई लाइसेंस जारी नहीं किए जाएं। बता दें कि पिछले साल भी सरकार ने दिवाली पर पटाखों की खरीद-बिक्री और आतिशबाजी करने पर रोक लगाई थी। इस बार भी दशहरे और दिवाली पर आतिशबाजी नहीं होगी। यह लगातार दूसरा साल है, जब सरकार ने ऐसा निर्णय लिया है।

ANCHOR | प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

# आमजन के लम्बित प्रकरणों का हो रहा है शीघ्र निस्तारण -जिला कलक्टर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** दो अक्टूबर गांधी जयन्ती से शुरू हुये प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को चौदह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को जिले में चौदह ग्राम पंचायतों पर शिविर लगाये गए।

नेहरा ने मंगलवार को आमेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चन्दवाजी में लगाये जा रहे शिविर भी निरीक्षण किया। उन्होंने आवेदकों को जॉबकार्ड, सॉईल हैल्थ कार्ड प्रदान किये। श्री नेहरा ने संबंधित अधिकारियों को शिविर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। नेहरा ने कहा कि शिविरों में आने वाले ग्रामीणों के कार्य कर उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविरों के प्रति आमजन का खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को सांगानेर पंचायत समिति के राजीव गांधी सेवा केन्द्र कपूरावाला, बस्सी पंचायत समिति की रा.उ.मा. वि. रामरतनपुरा, चाकसू पंचायत समिति के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र आजमनगर, आमेर पंचायत समिति की राजीव गांधी सेवा केन्द्र लबाना, राजीव गांधी सेवा केन्द्र चिताणुकला, आंधी पंचायत समिति की राजीव गांधी सेवा केन्द्र आंधी, गोविन्दगढ़ पंचायत समिति की भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र उदयपुरिया, किषनगढ़ रेनवाल ग्रा पंचायत लूणियावास व मलिकपुर दूदू पंचायत समिति की गहलोता ग्राम पंचायत, कोटपूतली पंचायत समिति की जयसिंहपुरा, विराटनगर पंचायत समिति की अहीरान पंचायत समिति, शाहपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मनोहरपुर एवं पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत द्वारिकापुरा में षिविर लगाये गये।

आंधी पंचायत समिति में मंगलवार को आयोजित शिविर में 6 आवेदकों को पट्टा दिया गया एवं तीन लम्बित पेंशन प्रकरणों को निराकरण कर मौके पर ही आवेदकों को पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किये। इसी प्रकार सांगानेर पंचायत समिति के अन्तर्गत लगाये गये शिविर में पन्द्रह नये जॉब कार्ड जारी किये गये एवं 125 जाति, मूल निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र जारी किये गये।

# जागरूक खबरें

## महिलाओं के लिए निःशुल्क कराते प्रशिक्षण शुरू



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पोहानी ओर उपाध्यक्ष कमांडो सुनील नायल ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से चलाए जा रहे इस निःशुल्क शिविर में 200 से ज्यादा लड़कियों ने अपना नाम लिखवाया ओर इस प्रशिक्षण में रुचि ली आज के वक़्त की जरूरत है हर लड़की अपनी रक्षा खुद कर सके क्योंकि हर समय कोई साथ हो जरूरी नहीं। ट्रस्ट की नेशनल टीम की तरफ से ओर बाकी सदस्ययो के सहयोग से ये कर्यक्रम रखा गया है। जिसमे कमांडो सुनील नायल, मंजू राठौर, मिस्टर राजेस्थान सुनील कुमार प्रतिदिन अपनी सेवाएं देंगे और सारे हुनर सिखाएंगे जिससे बेटियों को ओर हिम्मत मिले आगे बढ़ने की। वहाँ मेहमानों में नवीन मित्तल, हिमांशु, शिल्पा नेगी, एथेलीट संगीता विश्नोई, विक्रम यादव, ललित लालवानी, भूपेंद्र डांगी, आरएसएस सेकूरिटी, निश्चल, राज सिसोदिया, द ब्लैक कैट अकेडमी, विमलेश सोलंकी, ओमेश सोनी, जागृति आसनानी, शीतल भट्ट, कोमल चारण, रॉयल प्रॉपर्टी आदि सभी का सहयोग रहा।

## ईसीबी में गांधी दर्शन समारोह का आयोजन



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय बीकानेर में महात्मा गांधी की 152 वी जयंती के उपलक्ष में गांधी दर्शन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन तथा महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ जयप्रकाश भामू, डॉ मनोज कुरी, आयोजन प्रबंधक डॉ प्रीति नरूका एवम आयोजन सह प्रबंधक डॉ महेंद्र भादू सभी ने गांधी दर्शन पर अपने विचार प्रेषित किए तथा छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विनोद चंद्रा ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व में आयोजित ई गेम्स प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कोरोनाकाल को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम ऑनलाइन संचालित किया गया।

## बीएसफ स्कूल में "गांधीजी को जानो" कार्यक्रम में विजेता पुरस्कृत



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** गांधी जयंती के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीएसएफ बीकानेर में कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए 'गांधी जी को जानो' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में इंटर्नशिप कर रही छात्राध्यापिका प्रियंका निंबल, पूजा राठौड, प्रति, सीमा, सोनू आदि के द्वारा किया गया। गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डालने वाले इस कार्यक्रम में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिसमें प्रथम पुरस्कार सुरेश हुड्डा, दूसरा पुरस्कार वर्षा राय, तीसरा पुरस्कार लवली, चौथा पुरस्कार पुनीता व पांचवा पुरस्कार राधाकिशन को दिया गया।

## अगदतंत्र विभाग एनआईए मे हुआ 6 दिवसीय सीएमई का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि के अगदतंत्र विभाग द्वारा आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा समन्वयक राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के तत्वावधान मे 6 दिवसीय सीएमई का आयोजन हुआ। जिसमे देशभर के करीब 30 आयुर्वेदिक चिकित्सक /अध्यापक गण भाग लेगे। अगदतंत्र विभागाध्यक्षा डॉ अनिता शर्मा ने बताया कि सीएमई का शुभारंभ संस्थान कुलपति प्रो.संजीव शर्मा ने किया 7सीएमई का उदेश्य आयुर्वेद चिकित्सकों व छात्रो को आयुर्वेद चिकित्सा व शिक्षा,विषो का ज्ञान व चिकित्सा तथा विभिन्न कानूनो की जानकारी से अवगत करवाना है। मंगलवार को सीएमई मे मुख्य अतिथि वक्ता के तौर पर डॉ अश्विन भारती व डॉ ममता ने उपस्थित चिकित्सकों व छात्रो को विभिन्न विषो का परिचय, निदान, लक्षण, घातक मात्रा-काल,चिकित्सा दृष्टि से शव परीक्षा का ज्ञान तथा चिकित्सा दृष्टि से विभिन्न कानूनो की जानकारी, आयुर्वेद चिकित्सा व शिक्षा विषय पर सम्बोधित किया। सीएमई मे डॉ शरद पोर्टे, डॉ अमोल कूडू,डॉ दिनेश कुमावत ,डॉ नरसिंह पटेल,डॉ चन्द्रदेव पांडे, डॉ रिंकेश बिश्नोई,डॉ पूजा गौरा, डॉ रेणू शर्मा,डॉ प्रियंका काटरु, डॉ सुनीता यादव, डॉ पूजा वर्मा,डॉ तरुण कुमार,डॉ सुशील कुमार जांगिड़, डॉ पियूष गुप्ता,पीजी छात्रसंघ महासचिव डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास व अन्य पीजी/ पीएचडी स्कॉलर्स भी शामिल हुए।

# यूजीसी नेट परीक्षा अब 6 से नहीं, 17 अक्टूबर से एक फेज में होगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 अक्टूबर से होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित कर नई डेट जारी कर दी है। पहले ये परीक्षा 6 से 8 और 17 से 19 अक्टूबर दो फेज में होनी थी। अब NTA ने इसे 17 से 25 अक्टूबर तक एक फेज में करने का निर्णय लिया है। यूजीसी ने बताया कि 6 से 8 अक्टूबर तक कई अन्य परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली थीं। ऐसे में छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे बीते शुक्रवार दोपहर तक एडमिट कार्ड जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में कन्फ्यूजन था, जो अब परीक्षा की तारीख बदलने के बाद स्पष्ट हो गया है। यूजीसी नेट इस बार दिसम्बर 2020 और जून 2021 क्रम की परीक्षा एक साथ करवा रहा है। पहले दिसम्बर 2020 क्रम की परीक्षा मई 2020 में होनी थी। कोरोना के चलते इसे स्थगित कर दिया था। ऐसे में NTA ने 2021 जून क्रम के लिए आवेदन मांग लिए थे। अब दोनों क्रम के लिए एक ही परीक्षा होगी। नेट की यह परीक्षा अब 17 से 25 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित है। मगर किस सब्जेक्ट की परीक्षा 17 से 25 अक्टूबर वाले फेज में होनी है, यह फ़िलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है।

### राजस्थान में 9 सेंटर

यूजीसी-नेट की पिछली परीक्षा सितम्बर 2020 में हुई थी। उसके बाद से सालभर से ज्यादा समय बीत चुका है। मगर परीक्षा नहीं हुई है। इस बार 81 विषयों में यूजीसी-नेट परीक्षा होनी है। राजस्थान से भी हजारों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। राजस्थान में 9 सेंटर्स पर यह परीक्षा होनी है। इनमें जयपुर, अजमेर, अलवर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर, श्रीगंगानगर शामिल हैं।

# राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान पर हुआ कई रक्तवीरो का सम्मान



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** भारत में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस हर वर्ष एक अक्टूबर को व्यक्ति के जीवन में रक्त की आवश्यकता और महत्व को साझा करने के लिये मनाया जाता है। ये पहली बार वर्ष 1975 में एक अक्टूबर को इंडियन सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रॉसफ्यूजन एण्ड इम्यूनोहैमेटोलॉजी द्वारा मनाया गया। इंडियन सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रॉसफ्यूजन एण्ड इम्यूनोहैमेटोलॉजी की स्थापना 22 अक्टूबर 1971 में डॉ. जेजी जौली और मिसीज के. स्वरुप क्रिसेन के नेतृत्व में हुई।

### राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्त दान दिवस के मुख्य उद्देश्य

- 100 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान प्राप्त करना, ताकि जरूरतमंद रोगियों को जरूरत के अनुसार रक्त दिया जा सके.
- इसका उद्देश्य लोगों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.
- किसी भी स्थिति के लिए हमारे ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त स्टॉक रहे.
- उन लोगों को धन्यवाद देने के लिए जो नियमित रूप से रक्तदान करते हैं.
- जिन लोगों ने अभी तक रक्तदान नहीं किया है उनको इसके लिए प्रेरित करने के लिए.

कई बार सही समय खून न मिलने पर लोगों की जान तक चली जाती है, लेकिन कई ऐसे भी लोग हैं जो अब तक न जाने कितनी बार रक्तदान कर कई जिंदगियां बचा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब जोधपुर व पारस ब्लड बैंक द्वारा मारवाड़ क्लब उम्मेद हेरिटेज में आयोजित सम्मान समारोह में कोरोना काल के दौरान आम जनता के लिए किए गये रक्तदान शिविर व समाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई संगठन और उनके पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधीपति विनीत माथुर के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान कार्यर् म में लॉयन्स क्लब जोधपुर के संयोजक दिलीप माथुर व पारस ब्लड बैंक के मुख्य ट्रस्टी सुखराज मेहता उपस्थित रहे। जिसमें करण सिंह राठौड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान जोधपुर , हैप्पी संस्थान के दिनेश सिंह कच्छावाह और प्रकाश मारोठिया, समाजसेवी रामस्वरूप देवड़ा भोपालगढ़, विरेन्द्र देवड़ा साई सेवा संस्थान जोधपुर सहित समारोह में कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अब तक 25 रक्तदान शिविर किए आयोजित

**पीपाड़शहर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर हैप्पी सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिनेश सिंह कच्छावाह और उपाध्यक्ष प्रकाश मारोटिया को जोधपुर उम्मेद हेरिटेज पैलेस में न्यायधीश विनीत माथुर द्वारा सम्मानित किया गया। छोटी उम्र में रक्तदान के प्रति जागरूक होकर एक युवा शहर में रक्तदान की एक लहर लेकर आया। संस्था हैप्पी सेवा संस्थान नाम से जागृत हुई और 2012 से अब तक 25 रक्तदान शिविर करवा कर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान की एक किरण जगाई। पीपाड़ निवासी दिनेश सिंह कच्छावाह द्वारा एक टीम बनाकर पिछले 10 वर्षों से रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक करते आ रहे है। इसके लिए टीम द्वारा समय समय पर रक्तदान जैसे अनेक सामाजिक कार्यो का आयोजन करवा कर लोगो को प्रोत्साहित किया गया। संस्था लंबे समय जरूरतमंद लोगो को रक्त संबंधित सुविधाओं एक फ़ोन पर उपलब्ध करवाती है। डेंगू और कोरोना जैसी महामारी के दौरान संस्था द्वारा 4 शिविरों में 600 यूनिट से अधिक रक्तदान करवाया गया। इसके साथ ही प्लेट रेट और प्लाज्मा ब्लड देने के लिए रक्तदाताओं को जागरूक कर उपलब्ध करवाया। संस्था द्वारा कोरोनकाल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए आम जनता हेतु एक ऑक्सिजन कंस्ट्रेसन मशीन निःशुल्क उपलब्ध करवाई गयीं।इसके साथ संस्था जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान करती आयी है। संस्था के सदस्य प्रकाश, बबलू, विक्रम, पवन, गजेंद्र, सुखदेव, रामकिशोर, माधु सिंह, श्रवण, बंशी ओर पर्वत टाक का सहयोग भी हमेशा रहता है

**प्रशासन गावों व शहरों के संग अभियान**

# आमजन के लिए वरदान साबित होगा अभियान-लोढा



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सिरोही।** विधायक संयम लोढा ने कहा कि आमजन के लिए वरदान साबित होगा प्रशासन गांवों व शहरों के संग अभियान ऐसी उपेक्षा है। वे सिरोही नगर परिषद में आयोजित प्रशासन शहरों के संग में पट्टे वितरण करते हुए यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण इस बात का प्रयास करें कि राज्य सरकार की मंशा के मुताबिक अधिकतम लोगों को इन शिविरों का लाभ मिले, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। विधायक संयम लोढा ने पट्टे, ऋण आवेदन स्वीकृतियां, पेंशन इत्यादी लाभांर्थियों को प्रदान की। तत्पश्चात् प्रशासन गांवों के संग अभियान अन्तर्गत ग्राम गोल पहुंचकर पात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र देकर लाभांवित किया गया और ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों को लाभंवित करें।

### प्रभारी सचिव ने शहरों के संग अभियान के तहत लगे शिविरो का अवलोकन किया

**सिरोही @ जागरूक जनता।** जिले के प्रभारी सचिव एवं अल्पसंख्यक मामलात एवं पंचायतीराज के प्रमुख शासन सचिव पूरणचन्द्र किशन, जिला कलक्टर भगवती प्रसाद एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने सिरोही नगर परिषद में लगे शिविर का अवलोकन करने के पश्चात् पट्टे भी वितरण किए। शिविर में सभापति महेन्द्र मेवाडा, उप सभापति जितेन्द्र सिंघी व पार्षदगण की मौजूदगी में पट्टे एवं विभिन्न योजना में पात्र लोगों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। नगर परिषद आयुक्त महेन्द्र सिंह ने बताया कि विभिन्न तरह के करीब 37 पट्टे, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के 04 ऋण आवेदन, स्ट्रीट वेण्डर प्रमाण पत्र 05 तथा सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशन 04 तथा भवन निर्माण स्वीकृति 08 जारी किए गए जिसे विधायक सयम लोढा, प्रभारी सचिव के हाथों से वितरण किए। उन्होंने बताया कि शिविर के लाभार्थियों ने शिविर स्थल पर बनाये गए सेल्फी बूथ भी अपनी फोटो खिंचवाई।

### जरूरत इस बात की है कि आमजन जागरुक होकर इन शिविरों का लाभ उठाएंः प्रभारी सचिव

**सिरोही @ जागरूक जनता।** जिले के प्रभारी सचिव एवं अल्पसंख्यक मामलात एवं पंचायतीराज के प्रमुख शासन सचिव पूरणचन्द्र किशन, जिला कलक्टर भगवती प्रसाद एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने प्रशासन गांवों के संग अभियान्तर्गत पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत गोल शिविर पहुंचे। शिविर में जिले के प्रभारी सचिव पूरणचन्द्र किशन व जिला कलक्टर भगवती प्रसाद ने शिविर में विभिन्न काउटरों का अवलोकन किया। शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी सचिव पूरणचन्द्र किशन ने कहा कि राज्य सरकार की विशेष पहल पर आमजन को राहत देने के लिए राज्य में प्रशासन गांव के संग और प्रशासन शहरों के संग अभियान आज से शुरू किये गए हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि लोगों के विभिन्न विभागों में अटके हुए काम आसानी से हों और उनको अधिकतम राहत मिले। ऐसे में हम सभी का यह दायित्व बन जाता है कि हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने बताया कि शिविरों में ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न नियमों और प्रर्ि याओं का सरलीकरण किया गया है। जरूरत इस बात की है कि आमजन जागरूक होकर इन शिविरों का लाभ उठाएं। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद ने कहा कि अंतिम छोर बैठे लोगों को राहत प्रदान करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करें ताकि इन शिविरों की सार्थता साबित हो। अधिकारीगण ग्रामीणों की पूरी बात सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर किया जाए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने पंचायतीराज की योजनाओं की जानकारी दी और लाभांवित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण स्वीकृतियां, शौचालय निर्माण, लेबर कार्ड, पेंशन स्वीकृतियां की प्रतियां अतिथियों द्वारा लाभांर्थियों को प्रदान की गई।

**प्रमुख शासन सचिव ने दिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश**

# मसालों की ब्रांडिंग कर घर-घर तक पहुंचाए कॉनफैड

### उपभोक्ता भण्डार की दुकानों के साथ अन्य दुकानों पर भी उपलब्ध कराएं मसाले

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सहकारिता विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने कॉनफैड को निर्देश दिए हैं कि वह राज्य के मसालों की ब्रांडिंग कर उन्हें घर घर तक पहुंचाए। इन्हें उपभोक्ता भंडार के साथ अन्य दुकानों पर भी उपलब्ध करवाया जाए। शुक्रवार को पंत कृषि भवन में कॉनफैड की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मार्केट में सहकारिता के मसालों की डिमाण्ड को पूरा करने के लिए विस्तृत प्लान बनाया जाए। उन्होंने कॉनफैड से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव सहकारिता नारायण सिंह, उप शासन सचिव सहकारिता बालूराम, अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रथम जीएल स्वामी, अतिरिक्त रजिस्ट्रार उपभोक्ता धन सिंह देवल, प्रबंध संचालक कॉनफैड वीके वर्मा, महाप्रबंधक कॉनफैड अनिल कुमारए प्रबंधक प्रशासन एवं कार्मिक राजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स के केंद्रीय समिति में बने महासचिव पीपाड़ शहर के दाऊलाल टाक



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स यूनियन के केंद्रीय समिति में संपन्न हुए चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद पर किशोर कुमार अड्डपा, उपाध्यक्ष परमानंद काग पीपाड़ शहर उपखंड के ग्राम पंचायत नानण के दाऊलाल टाक को बैंक ऑफ बड़ौदा की ऑफिसर्स यूनियन केंद्रीय समिति की दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान केंद्रीय समिति में महासचिव पद पर निर्वाचित हुए। टाक पिछले 8 वर्षों में युनियन के कई पदों पर कार्यरत रहे। ज्ञात रहे कि दाऊलाल टाक मात्र 31 वर्ष की उम्र में महासचिव बने जो बैकिंग क्षेत्र के इतिहास में एक रिकार्ड है उन्होंने कहा कि बैंक इम्पलॉई को उनकी मेहनत के बदले जितना हो उतना फायदा दिलाने का प्रयास करेंगे और साथ ही बैंक में आने वाले प्रत्येक ग्राहक को सम्मान पूर्वक कार्य कर संतुष्ट करने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर टाक को सभी साथी बैंक कर्मचारी नेताओ और परिवार सहित कई संगठन व मित्र मंडल ने फोन कर व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई और शुभकामनाए प्रेषित की।

**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित**

# तकनीकी शिक्षा के विकास के साथ प्रदेश में अग्रणी बनेगा बीटीयू-कुलपति विद्यार्थी



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर-बीकानेर।** हाल ही में प्रतिष्ठित मीडिया ग्रुप एरडोरकॉम दुवारा गुडगाँव में आयोजित उच्च शिक्षा की लीडरशिप समिट-2021 में बीकानेर तकनिकी विश्विद्यालय को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने इस अवार्ड को ग्रहण किया। एरडोरकोम मीडिया ग्रुप के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्दन आनंद दुवारा कुलपति को एवार्ड प्रदान किया गया। 20 सदस्यी वक्ताओं के पैनल में प्रो. विद्यार्थी नें अपने विचार प्रकट किए। विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2018 में स्थापित बीकानेर तकनीकी विश्विद्यालय ने अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचारो के साथ सम्पूर्ण प्रदेश की तकनीकी शिक्षा में अभिनव योजनाओ का क्रियान्वयन किया हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विद्यार्थी ने कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान राज्य का सीरेमौर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य कर रहा हैं, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के विकास हेतु कृतसंकल्प है।

उच्च शिक्षा की लीडरशिप समिट-2021 में कुलपति प्रो. विद्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा में शोध, अनुसन्धान और अकादमिक उत्कृष्टता के साथ देश के विश्विद्यालयों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। हमें शैक्षणिक गुणवत्ता की और विश्वविद्यालय की रैंकिंग की और ध्यानाकर्षित करना होगा साथ ही हमें विधार्थियों के कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास के लिए भी काम करना हैं। विश्वविद्यालय में सभी के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही छात्र सुविधाओं पर विशेष जोर देना प्राथमिकता होगी। विद्यार्थियों के लिए अच्छा शैक्षणिक माहौल तैयार करने के उद्देश्य के साथ विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा में नव अकादमिक योजनाओं का सृजन कर उन्हें पेशावर रूप से सशक्त करने की नीतिगत योजनाओं पर कार्य कर रहा हैं। राजस्थान प्रदेश तेजी से विकास कर रहे राज्यों में से एक है और विकास में वृद्धि करने हेतु यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रदेश में उपलब्ध जनशक्ति, तकनीकी रूप से प्रशिक्षित एवं विश्व-स्तरीय माँग के अनुरूप हो। सर्वविदित है कि सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित, कुशल एवं दक्ष मानव शक्ति की भूमिका सर्वोपरि है और इसी माँग को पूरा करने के लिए बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय इस संकल्पना के साथ वृहत कार्य योजना पर कार्य करते हुए प्रदेश में तकनीकी शिक्षा का सिरेमौर बनने के दिशा में आग्रसर हो रहा हैं।

**ANCHOR** | **एक नई पहल का आगाज**

# चाय पर चर्चा का विषय बना बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान

### बैनर व चायपत्ती के पैकेटों पर लिखा गया स्लोगन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लक्ष्मणगढ़ (सीकर)।** कस्बें के मुख्य बस स्टैंड स्थित श्री श्याम फर्नीचर की ओर से बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए एक नई पहल का आगाज किया गया। यह जानकारी देते हुए रविकांत क्याल ने बताया कि समाज में फैल रही कुरूतियों को मिटाने व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक बनाने के लिए कस्बें के युवा कवि हरीश शर्मा द्वारा चलाये जा रहे बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान का संदेश जन मानस तक पहुँचाने व आज के युग के समस्त अभिभावकगणों को जागरूक करने के लिए इस अभियान का स्लोगन श्याम फर्नीचर की ओर से श्री श्याम की जय हनुमान टॉप चायपत्ती के पैकेटों पर प्रकाशित कर यह संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए इस नई पहल का आगाज किया गया हैं।






### बैनरों के माध्यम से भी दिया जा रहा हैं बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान का संदेश

श्री श्याम फर्नीचर स्टोर लक्ष्मणगढ़ श्री श्याम की जय हनुमान टॉप चायपत्ती के पैकेटों के माध्यम से ही नही बल्कि बाजारों में लगने वाले बैनरों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने व लोगों में जागरूकता लाने व सभी की सोच में परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास करते नजर आ रहा हैं। यह जानकारी देते हुए राजेश क्याल ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का स्लोगन तो सभी जगह देखने को मिलता हैं पर सोचने वाली बात यह हैं कि समाज व देश में फैल रही कुरीतियों व गलत मानसिकता वालें लोगों से बेटियों को कैसे बचाया जाए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ करने से अब बेटियां नही बचने वाली अगर बेटियों को सच मे बचाना हैं और उनको पढ़ाना हैं तो पूरे देश को आवश्यकता है बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की। याद रखें अगर बेटा पढ़ा लिखा व संस्कारित होगा तो आवश्यकता ही नही होगी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की। अगर बेटे पढ़े लिखे व संस्कारित होंगे तो मेरा मानना है कि देश की हर एक बहिन बेटी अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी। क्याल ने बताया कि चायपति का यह नया कारोबार शुरू किया गया हैं और हमारी कोशिश यह है कि समाज में अगर किसी भी प्रकार की नई पहल का शुभारंभ किया जाता है तो देश के हर एक व्यक्ति का दायित्व बनता हैं कि उस पहल को लेकर अपनी ओर से अथक प्रयास करें। बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान को सार्थक बनाने में श्याम फर्नीचर स्टोर की ओर से जो अथक प्रयास किये जा सकते हैं वह अथक प्रयास निरंतर किये जायेंगे। अब जरूरत है देश के हर एक व्यक्ति व सम्मानीय प्रबुद्धजनों को आगे आने की।

## जागरूक खबरें

### मुकेश बिस्सा को "महात्मा गांधी साहित्य सम्मान 2021"



**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** स्वर्ण नगरी जैसलमेर के केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल जैसलमेर में कार्यरत प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित) तथा कवि व साहित्यकार मुकेश बिस्सा को गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर इनके शिक्षा व साहित्य में अभूतपूर्व योगदान के लिए डी.डी. भारती नेटवर्क के द्वारा "महात्मा गांधी साहित्य सम्मान 2021 "से शुशोभित किया गया हैं। इससे पूर्व भी इनको देश विदेश की साहित्यिक व शैक्षणिक संस्थओं के द्वारा सम्मानित किया गया है। इनकी इस विशिष्ट कामयाबी पर इनके मित्रों,शुभचिंतको व सहकर्मियों ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की है।

### वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** सुखधाम भवन मे वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम मे (सेक्टर 9 क्षेत्र के 45 बुजुर्गो (अनमोल रत्नों) का सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। सुखधाम के अनिल कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथी प्रताप राय चुग, भगवान दास छाबडिया, खानचंद मंगवानी, अम्बालाल पाहुजा रहे एव दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियो एवं समिति सदस्यो द्वारा बुजुर्गो को माला एवं उपरणा पहना कर सम्मान दिया गया। नन्ही बालिकाओं द्वारा आगन्तुको को तिलक लगाकर सुखधाम मे प्रवेश कराया। बुजुर्गो ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी मनपसंद के गीत भजन आदि की प्रस्तुतिया पेश की। कार्यक्रम मे सुरेश कलवानी ने सदाबहार गीत प्रस्तुतिया पेश कर वातावरण को संगीतमय बना दिया। गीत सुनकर उपस्थित अतिथी, समिति के सदस्यगण व बुजुर्ग नाचने लगे व आनंद लिया। कार्यक्रम मे सुखधाम सेवा समिति के जगदीश निचलानी, हरीश तनवानी, कमलेश राजानी, रमेश चान्दवानी, जितेन्द्र भम्भाणी, महेश भम्भाणी, किशन तलरेजा, गोपाल हरचन्दानी, अनिल कटारिया, गिरीश इशरवानी, पवन आहुजा,एवं महिला संगठन की हर्षा चावला, कीर्ति इशरवानी, भावना आहुजा, मुस्कान कालरा, रिना बजाज, विनीता आहुजा, मीरा देवी, हेमा देवी, भावना त्रिलोकानी सहित कई कार्यकर्ता भाई एवं बहनो ने अपार मेहनत से कार्यर्र म को सफल बनाया।

### पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा महात्मा गांधी स्मृति साहित्यिक सप्ताह आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "महात्मा गांधी स्मृति साहित्यिक सप्ताह" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'महात्मा गांधी और उनकी शिक्षाएं' रखा गया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में इंदु नांदल (बावेरिया, जर्मनी) सहित देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा महात्मा गांधी जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित अपनी उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर महात्मा गांधी जी के प्रति अपने अटूट स्नेह तथा आदर भाव को प्रकट किया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में सरोज कंचन (कानपुर, उत्तर प्रदेश) तथा इंदु नांदल (बावेरिया, जर्मनी) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "राष्ट्रपिता स्नेही रचनाकार" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस स्मृति साहित्यिक सप्ताह में अपनी उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम सरोज कंचन, इंदु नांदल, प्रतिभा तिवारी, अनुपमा कडवाड़, डॉ. उमा सिंह बघेल, डॉ. ऋतु नागर, मीता लुनिवाल, डॉ. पद्मावती, मुकेश बिस्सा रचनाकारों के रहे।

सर्वाधिक 8 एनबीए एक्रेडिटेशन साथ आरटीयू बना प्रदेश का प्रथम तकनीकी विश्वविद्यालय

# आरटीयू के बीटेक पाठ्यक्रम की 8 ब्रांचों का एक्रेडिटेशन

**प्रदेश के आरटीयू इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को मिलेगी अंतराष्ट्रीय मान्यता**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** The National Board of Accreditation ने Rajasthan Technical University, Kota के बीटेक इंजीनियरिंग प्रोग्राम की मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग की तीन ब्रांचों को एक्रेडिटेशन प्रदान किया गया है।

#### पांच ब्रांचों को पहले मिल चुकी है मान्यता

**जानकारी** के मुताबिक इससे पहले विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल तथा प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल सहित 5 ब्रांचों को एनबीए की मान्यता मिल चुकी है। अब तीन और ब्रांचों को एक्रेडिटेशन मिलने के साथ ही आरटीयू राज्य का सबसे अधिक 8 एनबीए एक्रेडिटेशन वाला पहला तकनीकी विश्वविद्यालय बन गया है। प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के गुणवत्ता निर्धारण और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की वैश्विक पहचान और अंतराष्ट्रीयकरण की दिशा में राजस्थान तकनीकी विश्विद्यालय ने जो मानक निर्धारित किए हैं जिससे विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता बढ़ेगी।

#### यह मिलेगा फायदा

- » प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के प्रति माहौल विकसित होगा
- » अन्य राज्यों के युवा तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आकर्षित होंगें।
- » विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।
- » सरकार की लाभाकारी नीति से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

#### कुलाधिपति ने भी दी बधाई

कुलाधिपति और राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी कुलपति प्रो. आरए गुप्ता के नेतृत्व में विश्वद्यालय इसी तरह से गुणवत्ता में न केवल प्रदेश में बल्कि देश भर के अग्रणी तकनीकी संस्थाओं में अपना स्थान बनाएगा। उन्होंने आरटीयू के सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

लेखिकाओं के साहित्य सृजन को निखारने का माध्यम संपर्क संस्थान

# 51 लेखिकाओं का कहानी संकलन 'कारवां मंजिलों की ओर' विमोचित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** संपर्क संस्थान के तत्वाधान में लेखिका हिमाद्री समर्थ द्वारा 51 लेखिकाओं के संपादित कहानी संकलन कारवां मंजिल की ओर का विमोचन जयपुर के होटल सफारी में समारोहपूर्वक हुआ। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य अतिथि राजनारायण शर्मा कार्यकारी निदेशक आमेर विकास एवं प्रबंध जयपुर, अध्यक्ष डॉ अखिल शुक्ला हिंदी प्रचार प्रसार के अध्यक्ष, संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा विशिष्ट अतिथि डॉ.बबीता वर्मा, प्रदेश समन्वयक रेनू शब्दमुखर, संस्थान के वरिष्ठ संरक्षक विमल चौहान ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारभ किया। संपर्क संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने संपर्क संस्थान के मिशन सेव बेटी सेफ़ बेटी की जानकारी देते संस्थान के 21 वर्षों की निरंतर यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। समन्वयक रेनू शब्दमुखर ने संपर्क साहित्यिक संस्थान की अब तक किए गए साहित्यिक कार्यों का विस्तृत परिचय देते हुए कहा कि संपर्क साहित्यिक गतिविधियों में हमेशा बढ़ चढ़ कर व लेखिकाओं के साहित्य सृजन को सबके सामने लाने का कार्य करता है और आजीवन इस पुनीत कार्य मे लगा रहेगा।

लेखिका हिमाद्री समर्थ ने कहा कि कारवां मंजिल की ओर जीवन से प्रभावित है समाज में रहकर एक समूह में रहकर कार्य करना और विचारों को जानना समझना बहुत ही जरूरी है। हमारे समाज में हर घर में कोई-न-कोई कहानी जन्म लेती है या आसपास कोई कहानी है जिन्हें महिलाएँ देखती है, महसूस करती है। महिलाओं के मन में छुपी उन कहानियों को पुस्तक के माध्यम से पाठकों तक पहुंचाना यही मेरा उद्देश्य रहा है। मुख्य अतिथि राजनारायण शर्मा ने कहा कि आज के आयोजन में लेखिकाओं ने जो कहानियां प्रस्तुत की है ऐसा प्रतीत हो रहा है आने वाले समय में देश को अच्छे साहित्यकार उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्यकार पूरे विश्व में अपना वर्चस्व रख रहे हैं। हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिल शुक्ला ने कहा के संस्थान पूरे देश की साहित्यकारों को एक मंच पर लाने का कार्य कर रहा है आज 51 लेखिकाओं के कहानियों को जो कहानी संग्रह के रूप में विमोचन किया गया है इसमें पूरे देश के नवोदित कहानीकारों को एक अच्छा सम्मान मिला है। साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ-साथ समाजसेवा के पुनीत कार्यों में भी तन मन धन से संलग्न है। कार्यक्रम की अतिथि डॉ. बबीता वर्मा ने साहित्य को जीवन की दिशा बताते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा का लेखन सशक्त माध्यम है। संस्थान के वरिष्ठ संरक्षक विमल चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती भदौरिया ने किया। इस अवसर पर हिमाद्री समर्थ का अभिनंदन व पुस्तक में कहानी विजेता प्रथम डॉ. सुनीता सियाल अजमेर, द्वितीय डॉ. समृद्धि शर्मा जयपुर व तृतीय संध्या बक्शी जयपुर को संपर्क साहित्य सम्मान साथ ही चयनित लेखिकाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मुंबई निवासी किशन सिंह राठी की पुस्तक जिंदगी की जंग जीतेगा हौसला प्रेरणादायी पुस्तक का विमोचन उनके भाई विजय सिंह राठी की उपस्थिति में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के साहित्यकारों की भव्य उपस्थिति रही।

अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय

# 1008 श्री महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयन्ती पर इंद्रधनुष महोत्सव आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** प्रथम स्थान वृहत्तर कोलकाता (पश्चिम बंगाल) को द्वितीय स्थान मैसूर ज़िला इकाई कर्नाटक को तृतीय स्थान कटक शाखा उड़ीसा को सांत्वना पुरस्कार जयपुर राजस्थान इकाई को मिला साथ ही सभी प्रतिभागी संस्था को भी प्रोत्साहन स्वरूप धन राशि प्रदान की गयी।

कार्यक्रम कि शुरुआत स्वागत नृत्य पलक मोदी और साक्षी गुप्ता चेन्नई ने प्रस्तुत किया अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संस्थापक अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने भगवान अग्रसेन को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय संस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा भिवानी वाला ने मुख्य अतिथि विश्वनाथ सिंघानिया (कोलकाता) एवं मुख्य सलाहकार कमल अग्रवाल कोलकाता का स्वागत कर संस्था के नाम अपना शुभ सन्देश दिया। उसके बाद मुख्य अतिथि विश्वनाथ सिंघानिया (कोलकाता) एवं मुख्य सलाहकार कमल अग्रवाल ने अपना प्रतिवेदन दिया। निर्णायक मण्डल राय पालित (कोलकाता) सारिका बहेती (चेन्नई) सुखप्रीत सिंह (कोलकाता) ने अपना परिचय दिया कार्यक्रम की शुरुआत शंख नाद से की गयी प्रथम प्रस्तुति गणेश वंदना कटक उड़ीसा राज्य इकाई द्वारा दी गयी।

द्वितीय प्रस्तुति राधा कृष्ण संग रास छत्तीसगढ़ महिला राज्य इकाई ने दी,तृतीय प्रस्तुति अग्रसेन के 18 गोत्रों पर अभिनय नागपुर महाराष्ट्र राज्य इकाई ने दी,चौथी प्रस्तुति नव दुर्गा पर वृहत्तर कोलकाता ने दी,पाँचवी प्रस्तुति राजस्थान की लोक गाथा पर जयपुर राजस्थान राज्य इकाई ने दी, छठी प्रस्तुति धरती बचाओ पर कालाहांडी उड़ीसा इकाई ने दी। सातवी प्रस्तुति कोरोना काल में संघर्ष पूजा हावरा (कोलकाता) एवं राखी अग्रवाल मुंबई आठवीं प्रस्तुति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शशि पोद्दार हावरा (कोलकाता) नवी प्रस्तुति बेटी हमारी शान पर मैसूर जिला इकाई कर्नाटक ने दी अंतिम प्रस्तुति नेत्रदान महादान पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मीना गोयल ने दी। कार्यक्रम में मंच संचालन राष्ट्रीय संयोजक सांस्कृतिक कार्यक्रम उषा केडिया (मैसूर) ने किया मंच संचालन में उनका साथ उपधायक्ष मैसूर जिला इकाई पूजा मोदी ने दिया धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय संस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा भिवानी वाला ने किया। मुख्य अतिथि विश्वनाथ सिंघानिया (कोलकाता) को सम्मान स्वरूप चाँदी का शो पीस दिया गया मुख्य सलाहकार कमल अग्रवाल (कोलकाता) एवं निर्णायक मण्डल को स्मृत चिन्ह से धन्यवाद के साथ विदाई दी गयी।

# घर बैठे सरल तरीके से गाना और बजाना सिखाते है संगीतकार- मनीष राज्यगुरु

**लर्न म्यूजिक एट फोर होम भारत में ये पहला प्रोजेक्ट हे जिसमें गाना और बजाना दोनों एक ही फॉर्मेट में**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**पालनपुर/गुजरात।** सीखने का हो तो टेक्नोलॉजी के द्वारा घर बैठे सरल तरीके से गाना और बजाना दोनों साथ में सिखाते हैं। संगीत सिखना कोई बच्चो का खेल नहीं हे ये कला सीखने के लिए कोई निष्णांत गुरु की जरुरत होती हे लेकिन हम आप को एक ऐसे गुरु का परिचय कराने जा रहे जो आप को अपने घर पर रह के अपने कम्प्यूटर स्कीन या मोबाइल स्कीन पे आप को संगीत का ज्ञान दे तो पेश है ऐसे ऑनलाइन गुरु हे पालनपुर गुजरात के मनीष राज्यगुरु मनीष भाई पिछले 40 सालो से संगीत के क्षेत्र में हे वो अलग अलग राज्यो की स्कूलों में संगीत सिखाने जाते है और

विद्यार्थियों को ताल और स्वर का ज्ञान देते हे। विद्यार्थियों को संगीत में रूचि देख के मनीष भाई ने सोचा की

अगर विद्यार्थियों अपने आप संगीत सीखने लगे तो केसा रहे पिछले 8 सालो से संगीत में संसोधन कर रहे हे की किस तरह से विद्यार्थियों आसानी से अपने आप संगीत में गाना और बजाना सिख सके, इसके लिए पहले उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर का अभ्यास किया। फिर विद्यार्थियो को संगीत सीखने में कहा पे तकलीफ आती हे उसे जानने के लिए प्रैक्टिकल विद्यार्थियों के साथ संगीत सिखाते तब पता चले उसके लिए उन्होंने 9 साल संगीत शिक्षक की सेवा की और काफी बारीकी से ये देखा की क्या तकलीफ आती हे बच्चो को और संगीत शिक्षक को संगीत सिखना और सीखने में ये अनुभव के बाद उन्होंने एक अपने हसाब से एक सॉफ्टवेयर बनवाया और उस सॉफ्टवेयर के द्वारा भारत और विदेशो में रहते भारतीयों के अलग अलग स्कूलों और संगीत संस्थानो का उनका राग और गीतों का प्रोजेक्ट बनाके देते है।

भारत में ये पहला प्रोजेक्ट हे जिस में गाना और बजाना दोनों एक ही फॉर्मेट में शिखने का हो मनीष राज्यगुरु के म्यूजिक प्रोजेक्ट गुजरात के स्कूलों में युनिसेफ संस्था जो वर्ल्ड में बच्चो के आरोग्य और शिक्षण में कार्य करती हे और गुजरात गोवेर्मेंट के सहयोग से प्रार्थना और देश भक्ति गीति का म्यूजिक प्रोजेक्ट पिछले 2 सालो से चल रहा है।जिसमे अब तक 3000 विधार्थीयो को सुर और ताल से साथ गाना और बजाना अपने आप शिखे हे जो ये प्रोजेक्ट की उपलब्धि है। मनीष भाई राज्यगुरु का कहना हे की ये प्रोजेक्ट के द्वारा उस स्कूलों तक भी संगीत की कला दे सकते हे जहा पे संगीत शिक्षक नहीं हो और शहर से काफी दूर तक जो काफी छोटे गांव हे वह तक कला का ज्ञान इस प्रोजेक्ट के द्वारा देना चाहते हे उसके लिए वो पिछले 10 साल से कार्य कर रहे है। मनीष भाई राज्यगुरु फेसबुक के द्वारा लोगो को संगीत का शिक्षण दे रहे हे जिसमें स्कूल प्रार्थना समय में बोली जाने वाली प्रार्थना अल्लाह तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम, गीत तेरी पनाह में हमे रखना, सीखे हम नेक रहा पर चलना, राग भैरवी डगर चलते छेड़े श्याम कविता टिंकल टिंकल लिटिल स्टार जैसी प्रमुख है।

# पुलिसकर्मी और उनके परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी-डॉ. मालानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पिलानी।** समाजसेवी डॉ. मधुसुदन मालानी की ओर से शुरू किया गया पुलिस निरोगी, सुरक्षा सहयोग कार्यक्रम का समापन आज पिलानी थाना परिसर में किया गया। समाजसेवी डॉ. मधुसुदन मालानी ने कहा है कि पुलिसकर्मी हमारी सुरक्षा के लिए दिन–रात सेवा करते है। इसके कारण वे अपने परिवार को भी समय नहीं दे पाते और साथ ही खुद के स्वास्थ्य का भी ध्यान नहीं रख पाते। लेकिन अब इनके और इनके परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी होगी। हर पुलिसकर्मी के पास स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से बिरला सार्वजनिक अस्पताल पिलानी के सहयोग से पुलिस निरोगी, सुरक्षा सहयोगी कार्यक्रम चलाया गया। जिले में पांच जगहों पर छह कैंपों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस लाइन झुंझुनूं से कैम्प की शुरुआत की गई फिर 27 सितंबर को उदयपुरवाटी मे 30 सितंबर को खेतड़ी नगर, 3 अक्टूबर को मुकुन्दगढ़ एवं 5 अक्टूबर को पिलानी थाना में शिविर का आयोजन व समापन कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूरजगढ़ एसडीएम दीपांशु सांगवान थे। पिलानी थाना सीआई इंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि डॉ मलानी के द्वारा पुलिस के लिए किए गए इस कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया व साथ ही डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ को भी मोमेंटो और प्रसस्ति पत्र देखर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पिलानी नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल नायक, बीईटी पीआरओ सौकत अली, विद्याविहार नगरपालिका चेयरमैन कमलेश रणवा, बिरला सार्वजनिक अस्पताल प्रबंधक जीआर सैनी, डॉ.संजय सोनी, डॉ. सृष्टि जैन, डॉ.धर्मवीर आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने समाज निर्माता शिक्षकों का किया सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के मार्ग दर्शन एवं अंतरराष्ट्रीय संयोजिका बेब सेमिनार मीनाल शाह देवड़ा के सामाजिक कार्यो में ज्यादा रुचि को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार हमेशा चाहता है कि एक अच्छे समाज का निर्माण करें सामाजिक जागरूकता के काम करें जिसमें हमारे शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि वह हमारे समाज का निर्माण करते हैं। यानी कि हमारे उन छोटे बच्चों के साथ डील करते हैं जो कि आगे चलकर इस समाज का एक अभिन्न अंग बनने वाले है। देवड़ा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे तमाम शिक्षकों को मैं नमन करती हूं शैक्षिक आगाज़ और रेडियो मेरी आवाज़ की तरफ से अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के संस्थापक सदस्य डॉक्टर सुरेश अग्रवाल झारखंड, सिंगापुर से शीतल केजरीवाल एवं ऋषि अग्रवाल को ग्लोबल अवार्ड्स देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कन्हैया गोयल और संस्थापक अध्यक्ष महाराष्ट्र ईकाई राम चरण बंसल नें अपनी शुभ कामना प्रेषित की है।

# RPSC के परीक्षार्थियों को नि:शुल्क यात्रा कराएगा रोडवेज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग के परिक्षार्थियों को नि:शुल्क यात्रा कराएगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग 11 अक्टूबर को प्रधानाध्यापक प्रवेशिका विधालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) की परीक्षा लेने जा रहा है। ऐसे में परिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र आने और वापस जाने के लिए नि:शुल्क यात्रा की अनुमति प्रदान की गई है। राजस्थान रोडवेज मुख्यालय से सभी मुख्य प्रबन्धकों को परीक्षार्थियों की अधिक संख्या होने के कारण पाबन्द किया गया है कि प्रधानाध्यापक प्रवेशिका विधालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा के लिए 11 अक्टूबर, 2021 तक साधारण एवं द्रुतगामी बसों में परीक्षार्थीयों को आने व जाने के लिए प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त आईडी के आधार पर नि:शुल्क यात्रा सुविधा परीक्षा के एक दिन पूर्व और परीक्षा समाप्ति के एक दिवस बाद तक दी जाएगी।

#### कर सकेंगे कनेक्टिंग

**राजस्थान** रोडवेज ने परीक्षार्थी के गांव और शहर से परीक्षा केन्द्र तक जाने और वापस आने के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने पर एक से अधिक कनेक्टींग बस का उपयोग करने की भी सुविधा दी है। परीक्षार्थियों को यह सुविधा एक बार निवास से परीक्षा केन्द्र पर जाने एवं एक बार परीक्षा केन्द्र से निवास स्थान तक आने के लिए ही देय होगी।

ANCHOR | कोरोनाकाल

# देहदान में जागृति, पिछड़ गया नेत्रदान

**आने वाले एक माह तक नेत्रदान की दूर-दूर तक कोई उम्मीद नहीं**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** कोरोना ने देहदान और नेत्रदान को काफी प्रभावित किया है। देहदान के प्रति तो फिर भी लोगों में जागृति बनी रही, लेकिन नेत्रदान नहीं हो पाया। अप्रेल 2020 से लेकर सितम्बर 2021 तक यानी पिछले 18 माह में जोधपुर में जहां 11 देहदान हुए, वहीं नेत्रदान मात्र 2 हो पाए हैं। मार्च-अप्रेल 2020 से कोरोना ने तेज रफ्तार पकड़ ली थी। ऐसे में देहदान व नेत्रदान बंद हो गए। बाद में जब-जब कोरोना की रफ्तार ढीली पड़ी तो देहदान शुरू हो गया, लेकिन नेत्रदान ठप रहा। फिलहाल नेत्र तकनीशियन नहीं होने से अक्टूबर में भी नेत्रदान नहीं हो पाएगा।

#### जोधपुर में देहदान का यूं बढ़ता गया जज्बा

जोधपुर में सबसे पहले वर्ष 2004 में देहदान हुआ था। इसके बाद वर्ष 2012 तक इसकी रफ्तार बहुत ही धीमी रही। जनवरी 2013 में 'राजस्थान पत्रिका' ने 'देहदान करो हो जाओ अमर' अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से शहरवासियों को देहदान के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा देहदान काउंसलर मनोज मेहता पिछले लम्बे समय से देहदान जागृति में जुटे हैं।

जोधपुर में अब तक कुल देहदान--293 एम्स--136 मेडिकल कॉलेज--157

**कम उम्र में**

-6 जून 2019 को तीन वर्षीय बेबी ज्योति का देहदान हुआ।

**अधिक उम्र में...**

-21 दिसम्बर 2019 को भी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी 100 वर्षीय मोहनदास का देहदान

#### अब लक्ष्य हर साल 100 देहदान का

देहदान के प्रति जबरदस्त क्रेज है। वर्ष 2018 व वर्ष 2019 में तो आंकड़ा 40 देहदान तक पहुंच गया। देहदान केवल मेडिकल छात्रों की पढ़ाई में काम नहीं आता है, बल्कि दान के प्रति आपकी सोच भी बताता है। अब यही कोशिश यही है कि आने वाले वर्षों में जोधपुर में हर साल देहदान का आंकड़ा 100 पहुंचे।

**-मनोज मेहता,** देहदान काउंसलर

#### फिलहाल नेत्रदान बंद

**इन** दिनों नेत्रदान बंद है। पहले कोराना के कारण बंद रहा है। अब सोसायटी के पास जो नेत्र टैक्नीशियन था, नया रखा है। उसे ट्रेनिंग दे रहे हैं। अक्टूबर अंत तक ही जोधपुर में नेत्रदान की सुविधा मिल पाएगी।

**- राजेन्द्र जैन,** अध्यक्ष, आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जोधपुर चैप्टर

बॉक्स लंगडी प्रतियोगिता

# हरियाणा में पहली बार आरकेवाई स्कूल में आयोजित



**कनीना।** आरकेवाई स्कूल मे तीन दिवसीय खेलो का समापन आरकेवाई स्कूल में नेशनल स्तर पर आयोजित बॉक्स लंगडी प्रतियोगिता का आयोजन तीन दिन तक रहा। पहले दिन के मुख्य अतिथि एसडीएम सुरेंद्र यादव रहे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अभय राम यादव रहे। दड़ोली आश्रम के उत्तराधिकारी अभय देव महाराज की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इनके साथ प्रधान बाबूलाल, सूबे सिंह चौहान एवं ओमरती देवी भी उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बॉक्स लंगडी प्रतियोगिता हरियाणा में पहली बार आरकेवाई स्कूल में आयोजित की गई,ऐसी प्रतियोगिता कृष्ण सुदामा अपने मित्रों के साथ द्वापर युग में किया करते थे। उन्होंने बताया कि आरकेवाई स्कूल में द्वापर युग की संस्कृति को एक बार फिर से जीवित कर दिया। इस खेल के साथ- साथ आरकेवाई स्कूल में स्थापित शूटिंग रेंज पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि शूटिंग में राज्य स्तर पर चल रही प्रतियोगिता में पहला स्थान खुशी यादव ने प्राप्त कर फी नेशनल में अपना स्थान बनाया। खुशी यादव को सम्मानित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। यह उक्ति इस विद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं पर सिद्ध होती है। विद्यालय की प्राचार्या रूपरेखा ने मुख्य अतिथियों का जोरदार भाषण के साथ स्वागत किया। होनहार छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खिलाड़ी और उनके कोच ऑफिसरों को सम्मानित किया गया।

### अंडर -14 गर्ल्स में आरके वाई (हरियाणा ) और अंडर -14 बॉयज में तेलंगना टीम ने मारी बाजी।

**सीनियर** बॉयज एंड गर्ल्स में महाराष्ट्र टीम ने चमचमाती ट्रॉफी पर अपना दबदबा जमाया। कार्यक्रम में आसपास के गणमान्य व्यक्ति पटवारी शमशेर सिंह, धर्मवीर पंच, लंबरदार भाग सिंह, पूर्व सरपंच विजय पाल, सूरजभान, आर्य समाज के प्रधान बलवान सिंह और राव मोहर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक सुरेश कुमार, राजकुमार, ने इस खेल की तारीफ की और कहा कि ऐसे प्राचीन खेलों से बच्चों में ज्ञान की वृद्धि और शारीरिक विकास होता है। ऐसे खेल समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए।

### क्या होती है बॉक्स लँगड़ी प्रतियोगता

आरकेवाई स्कूल संचालक सुरेश यादव व राजकुमार संयुक्त रूप से बताया कि बॉक्स लंगडी प्रतियोगिता 14 मिनट का खेल होता है। 7, 7 मिनट होते है दोनों पक्ष की टीमों के पास समय होता है। एक टीम के खिलाड़ी 7 मिनट तक रेड ही डालकर प्वाइंट लेंगे। वही दूसरी टीम के खिलाड़ी अपना बचाव करते हैं। वो रेड डाल रहे खिलाड़ी को पकड़ नही सकते केवल अपना बचाव करके ही प्वाइंट गवाने से बच सकते हैं। यह खेल एक तरह से कबड्डी प्रतियोगिता की तरह ही खेला जाता है। लेकिन इसमें खिलाड़ी एक पैर पर रेड डालने के लिए जाता है ओर मैदान में मौजूद खिलाड़ियों में से एक को चुनता है। अगर उस खोलाड़ी को छू लेता है तो प्वाइंट मिल जाता है। अगर रेड डालने वाला ही खिलाड़ी नियंत्रण खो देता है ओर पैर धरती पर रख लेता तो पॉइंट गवा देता है।

# श्री बाघंबरी गद्दी के नए मुखिया बने बलवीर पुरी

चादर विधि संपन्न, पंच परमेश्वरों ने किया तिलक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**प्रयागराज।** बलवीर पुरी प्रायगराज की बाघंबरी गद्दी मठ के नए महंत बन गए हैं। पूरे देश से आए पंच परमेश्वर और कई अखाड़ों के महामंडलेश्वरों ने उन्हें चादर ओढ़ाई और तिलक कर आशीर्वाद दिया। महंत बलवीर को बाघंबरी गद्दी के साथ ही लेटे हनुमान मंदिर की जिम्मेदारी भी मिल गई है। चादर विधि संपन्न होने के बाद बलवीर पुरी सबसे पहले अपने गुरु नरेंद्र गिरि की समाधि पर गए और उनका आशीर्वाद लिया। बलवीर पूरी के महंत बनने के बाद बाघंबरी गद्दी मठ में महंत नरेंद्र गिरि की षोडशी का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसकी शुरुआत महंत बलवीर ने 16 संन्यासियों को दान-दक्षिणा और भोजन करवाकर की।

### मौत का सच जल्द सामने आएगा- बलवीर पुरी

बलवीर पुरी चादर विधि के बाद पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि गुरु नरेंद्र गिरि के पदचिन्हों पर चलते हुए मठ को आगे ले जाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मठ में सभी को सम्मान मिले, इसका प्रयास होगा। नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में उन्होंने कहा कि देश की बड़ी एजेंसी जांच कर रही है। उनकी मौत से हम सभी बहुत दुखी हैं। उम्मीद है कि जांच एजेंसी जल्द ही सच का पता लगाएगी।

### निरंजनी अखाड़े ने जारी किया बयान

बलवीर के महंत बनने के बाद निरंजनी अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने कहा कि महंत नरेंद्र गिरि की मौत को ज्यादा तूल न दिया जाए। अभी तक की जांच में यह साबित हो गया है कि नरेंद्र गिरि ने आत्महत्या की है। अब नए महंत बलवीर पुरी महाराज हैं तो उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि आज से यह मठ बलवीर पुरी के हवाले है। मुझे उम्मीद है कि वे मठ की गरिमा और वैभव को बनाए रखेंगे।

### बलवीर 'पुरी' से हुए 'गिरि'

बलवीर शुरू से ही अपने नाम में 'पुरी' लगाते आ रहे थे। लेकिन अब श्री बाघंबरी गद्दी के नए महंत बनने के बाद उनके नाम के साथ 'गिरि' जुड़ गया है। दरअसल, श्री बाघंबरी गद्दी मठ की स्थापना 1982 में श्री निरंजनी अखाड़े के महात्मा बाबा बाल किशन गिरि ने की थी। यह गिरि नागा संन्यासी की गद्दी मानी जाती है। इसी वजह से अब महंत बनने के बाद बलवीर के नाम में 'गिरि' टाइटल जुड़ गया है।

### पंच परमेश्वर की बैठक में तय हुआ था नाम

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की इच्छा थी कि उनकी षोडशी के दिन यानी आज बलवीर पुरी को बाघंबरी गद्दी मठ का नया महंत बनाया जाए। इसी वजह से उनकी मौत के ठीक 10 दिन बाद बिल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत बलवीर पुरी को बाघंबरी गद्दी का महंत घोषित किया गया। यह घोषणा हरिद्वार में 30 अगस्त को हुई पंच परमेश्वर की बैठक में की गई थी। तय किया गया था कि 5 अक्टूबर को नरेंद्र गिरि की षोडशी के दिन उनकी चादर विधि होगी।

### श्री निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वर बने साक्षी

अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज और सचिव रवींद्र पुरी की मौजूदगी में चादर विधि कार्यक्रम हुआ। श्री निरंजनी अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने बताया कि जब किसी अखाड़े का नया उत्तराधिकारी घोषित किया जाता है, तो उसे चादर विधि से महंत बनाया जाता है। हमारे अखाड़ों की यही परंपरा रही है। जिस दिन अखाड़े के महंत की षोडशी होती है, उसी दिन नए महंत की चादर विधि भी करते हैं।

### नरेंद्र गिरि ने तीन बार बदली थी वसीयत

नरेंद्र गिरि की मौत के बाद से ही उत्तराधिकार को लेकर तमाम कयास बाजी चल रही थीं। उन्होंने अपने वसीयतनामा में बलबीर पुरी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। हालांकि, यह वसीयत तीन बार उन्होंने बदली थी। पहले नरेंद्र गिरि ने बलवीर पुरी को 2010 में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। 2011 में आनंद गिरि को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। बीते साल आनंद गिरि से विवाद होने के बाद उन्होंने 2 जून 2020 को बलबीर पुरी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया।

### कौन हैं बलवीर पुरी

- » बलवीर पुरी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि के करीबी शिष्यों में शामिल रहे।
- » 1998 में वह निरंजनी अखाड़े के संपर्क में आए।
- » नरेंद्र गिरि से उनका संपर्क 2001 में हुआ। उस वक्त नरेंद्र गिरि निरंजनी अखाड़े के कारोबारी महंत थे।
- » इसके बाद बलवीर पुरी ने अखाड़े में नरेंद्र गिरि से दीक्षा ग्रहण की और उनके शिष्य हो गए।
- » धीरे-धीरे नरेंद्र गिरि के घनिष्ठ और विश्वासपात्र सहयोगी के तौर पर पहचान बनी।
- » नरेंद्र गिरि जब निरंजनी अखाड़े की ओर से बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बन कर प्रयागराज आए, तो बलवीर भी उनके साथ यहां आ गए।
- » सहयोगी के तौर पर नरेंद्र गिरि ने बलवीर को जो भी जिम्मेदारी सौंपी, उसे उन्होंने पूरी कर्मठता और निष्ठा से निभाया।
- » नरेंद्र गिरि उन पर पूरी तरह निर्भर थे और विश्वास करते थे। कुंभ और बड़े पर्व के दौरान अखाड़े व मठ की ओर से खर्च को आने वाले लाखों रुपए बलवीर के पास ही रखे जाते थे।
- » ये रुपए बलवीर की देख-रेख में खर्च किए जाते थे। इस साल हुए हरिद्वार कुंभ के दौरान भी उन्होंने इस भूमिका को बखूबी निभाया।
- » आनंद गिरि से विवाद और बढ़ती दूरी ने बलवीर पुरी को नरेंद्र गिरि का और करीबी बना दिया।

# इंटरनेशनल आइडल बने लिटिल स्टार भौतिक



### सिनेमा और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुंबई।** लिटिल स्टार भौतिक को इंटरनेशनल आइडल 2021 अवार्ड से सम्मानित किया गया। सिने एवम टीवी आर्टिस्ट भौतिक को सिनेमा और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय टाइटल से नवाजा गया है। आदित्य हॉल में आयोजित समारोह में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्स क्वीन शिल्पी अवस्थी अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय गुने बिस्साउ प्रतिनिधि साणासी बाइडेन ने ट्राफी और सम्मान पत्र देकर लिटिल स्टार को सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों की कई जानी मानी हस्तिया उपस्थित रही । सम्मान समारोह का आयोजन निर्वाण फॉउंडेशन के तत्वधान में किया गया था। निर्वाण फॉउंडेशन और अवार्ड सलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष नीलेश यशवंत ने बताया कि लिटिल स्टार भौतिक को सिनेमा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ज्यूरी ने इंटरनेशनल आइडल 2021 चुना है।

इंटरनेशनल आइडल सम्मान के लिए चुने जाने पर भौतिक ने अपनी प्रतिकिया देते हुए कहा कि ये उनके लिए बेहद गौरव का विषय है, इस सम्मान के लिए मै ज्यूरी के साथ साथ अपने प्रसंसको को शुक्रिया कहना चाहुगा । लिटिल स्टार ने कहा कि पब्लिक फिगर होना बेहद चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है, लोग आपको देखते है प्यार करते है ये सही है पर वो आपकी जीवनशैली को फॉलो भी करते है ऐसे में हमें अपने लुक्स के साथ साथ बहुत सी बातों का खास ध्यान रखना पड़ता है इसमें कैरेक्टर बहुत महत्वपूर्ण है। मै हमेशा कोशिश करता हु कि अच्छे से अच्छा काम करू और लोगो को प्रेरित कर सकूँ। प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज़ नहीं होती और ना ही इसका दायरा सीमित होता हैं बस सच्ची लग्न, मेहनत और दृढ़ इच्छा हो असंभव कुछ भी नहीं। इसी बात को साबित किया है भौतिक को इससे पहले 2020 में यंग लीडरशिप अवार्ड के साथ साथ ग्लोबल पीस अम्बेस्डर अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। नन्हे सितारे मास्टर भौतिक ने माया नगरी में अलग पहचान बना चुके लिटिल स्टार भौतिक ने कला प्रतिभा के दम पर वर्ष 2020 के सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का ख़िताब अपने नाम किया है। मॉडलिंग की दुनिया से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले भौतिक अभी तक टीवी से लेकर हॉलीवुड तक के प्रोजेक्ट में नजर आ चुके है । इन दिनों वो ज़ी टीवी के प्राइम शो अपना टाइम भी आएगा में दिखाई दे रहे है जहाँ उनके किरदार को बहुत पसंद किया जा रहा है। जहाँ उनके किरदार को बहुत पसंद किया जा रहा है।

कोरोना काल में उदयपुर के पर्यटन में हुए नवाचार

# मेवाड़ में कई पर्यटन स्थलों पर शुरू हुई एडवेंचर एक्टिविटीज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** लेकसिटी हाल ही दुनिया भर के बेहतरीन शहरों में दूसरे स्थान पर रहा है और ये खिताब पर्यटकों की पसंद पर ही दिया गया है। यहां आने वाले पर्यटकों को अब एडवेंचर टूरिज्म की सौगात भी मिल रही है, जिससे भी इसकी ख्याति बढ़ेगी। दरअसल, पर्यटन अब केवल परंपरागत तरीकों तक ही सीमित नहीं रह गया है, जिसमें केवल लोग घूम-फिर कर चले जाते हैं। अब पर्यटन में भी पर्यटक एडवेंचर ढूंढते हैं। उन्हें रोमांच की तलाश रहती है और ये रोमांच मिलता है एडवेंचर एक्टिविटीज में। कोरोना काल में मेवाड़ में पर्यटन विभाग ने इसी का दरवाजा पर्यटकों के लिए खोला है। इस कारण अब मेवाड़ में आने वाले लोगों का मजा दोगुना हो जाएगा।

### झाड़ोल में शुरू हुई एडवेंचर एक्टिविटीज

उदयपुर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर सांडोल माता एनीकट दो पहाड़ों के बीच में स्थित है। दोनों पहाड़ों पर 650 मीटर लंबी जिप लाइन बनाई गई है। हरे भरे पहाड़ों के बीच से जिप लाइन पर्यटकों को लुभाता है। जिप लाइन के अलावा वॉटर रोलर भी आकर्षण का केंद्र है। यहां स्थानीय, गुजरात एवं उदयपुर शहर से दर्जनों पर्यटक पहुंचने लगे हैं। सुरम्य पर्वतमालाओं के बीच स्थित साण्डोल माता एनीकट को एक नई पहचान मिल गई है।

### राजसमंद में लुभा रहा वॉटर स्पोर्ट्स

राजसमंद में भी कोरोना काल में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू हो चुकी हैं। इसमें पैरासिलिंग, कयाकिंग, स्पीड बोट, बंपर राइड, किड्स बंपर बोट, एक्वा साइकिल, एक्वा रोलर जैसी गतिविधियां शुरू की गई हैं। वहीं, नाथद्वारा में हेलिकॉप्टर राइड भी शुरू की गई है जो भी एक नया आकर्षण है।



### उदयपुर में अब 3 जगहों पर जिप लाइन, कुंभलगढ़ को मिलाकर 4

उदयपुर में फतहसागर झील के किनारे एडवेंचर एक्टिविटीज शुरू होने को है। इसमें बंजी जंपिंग और स्काई साइकिल जैसी एडवेंचर एक्टिविटी होंगी। इन्हें शुरू करने के लिए प्रस्ताव पारित हो गया है। यूआईटी इसके लिए टेंडर जारी करेगा। वहीं, इसके शुरू होने से यहां के पर्यटन में और मजा आएगा। साथ ही पर्यटकों का ठहराव भी बढ़ेगा।

पिछले वर्षों में उदयपुर में पर्यटकों के आगमन में रिकॉर्ड बने हैं और आने वाले समय में भी यही ट्रेंड रहने की प्रबल संभावना है। किन्तु इस ट्रेंड के परिप्रेक्ष्य में हमें टूरिस्ट्स की संख्या ही नहीं बल्कि उनको अधिक से अधिक इस क्षेत्र में ठहरने के लिए नए पहलुओं पर फोकस करके नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करना होगा। मॉडर्न टूरिस्ट केवल घूमना नहीं चाहता वो पर्यटन की गतिविधियों से सीधे जुडकर अनुभव करना चाहता है। इसके लिए एडवेंचर रूरल और नाइट टूरिज्म जैसे नए आयाम स्थापित करने का समय है।
- **शिखा सक्सेना,** उपनिदेशक, पर्यटन विभाग

शारदीय नवरात्र

# संगीतमय रामकथा कल से शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** शारदीय नवरात्रों में जब भगवान श्री राम की कथा का गुणगान हो जब भगवान श्री राम का गुणगान रामकथा में हो तो देवता और श्री वीर हनुमान जी भी इस कथा का आनंद लेने के लिए आते हैं। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा जो इस अवसर का लाभ ना ले। आपको बता दें कि 7 अक्टूबर से पुरोहितो का मोहल्ला स्थित श्री जानकी नाथ जी के मंदिर में चौमूं के कथावाचक महेश कुमार हवेलीवाले जी के सानिध्य में संगीत में राम कथा का आयोजन 7 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे तक किया जाएगा। कथा वाचक महेश कुमार हवेलीवाले ने बताया कि इस अवसर पर 7 अक्टूबर से कलश स्थापना, गणेश पूजन व राम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर को फुलो से सजाया जाएगा। साथ ही भगवान जानकी नाथ जी की फुल बंगले की झाँकी सजाई जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है। कथा के दौरान महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था भी की गई है। राम कथा में सभी भक्तजनो से निवेदन है कि राज्य सरकार द्वारा आदेशित कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए मास्क जरूर पहनकर कर आए।

लखीमपुर खीरी घटना का विरोध

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** लखीमपुर खीरी में हुई घटना के विरोध में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी राहुल जैन आईएएस को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि लखीमपुर खीरी की हिंसक घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश है, लखीमपुर खीरी में शांति पूर्ण विरोध कर रहे किसानों पर गाड़ी चढ़ा कर हत्या कर दी गई जिसमें 4 किसानों सहित अन्य 8 लोगों की मौत हो गई। भाजपा सरकार कृषि कानूनों के नाम पर किसानों का शोषण कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों का उत्पीड़न करने में अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया है भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर हो चुकी है। पूर्व विधायक सैनी ने मांग की मृतक किसानों के परिवार को एक-एक करोड़ रूपए मुआवजा सरकार के द्वारा दिया जाए व मृतकों के परिवार एक सदस्य को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए। केंद्रीय गृहमंत्री अजय मिश्रा टेनी व उनके पुत्र आशीष मिश्रा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो व घटना के दोषी कर्मचारियों को भी सजा मिले, तीन कृषि कानूनों को अविलंब निरस्त किया जाए। जिससे देश को किसानों को न्याय मिल सके। इस मौके पर डीसीसी महासचिव गिरिराज देवंदा, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवंदा, सरपंच गिरधारी लाल मीणा, महावीर प्रसाद जांगिड़, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल गढ़वाल, अशोक यादव, वरिष्ठ नेता अर्जुन लाल निठारवाल, पूर्व सरपंच सेवाराम मावलिया, रामचंद्र रोलानिया, झाबर देवंदा, कैलाश बुटोलिया, शंकरलाल जाट, एड.मुकेश मोदी, गुलाराम यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जागरूक खबरें

### नगर कांग्रेस कमेटी चौमू के अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय के नेतृत्व में किया स्वागत



**चौमू @** जागरूक जनता। नगर कांग्रेस कमेटी चोमू के अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय के नेतृत्व में किया गया सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अभिषेक सैनी, राजस्थान युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर महेंद्र लांबा सीमेंट व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राजकुमार शर्मा का साफा, माला एव मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चोमू के पूर्व नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र चौधरी पार्षद कन्हैयालाल था। पार्षद उत्तम गोठवाल, पार्षद महेश मीणा पार्षद प्रतिनिधि संजय योगी, एनएसयूआई के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे शुभकामना देने वाले एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रवि सैनी, ताराचंद सैनी, सूरज प्रजापति, मुकेश जी, लाला जी राजेंद्र भात्रा, तुषार सैनी शामिल थे।

### अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज चौमू कर रहा है अनेक कार्यक्रम आयोजित



**चौमू @ (सुशील अग्रवाल) जागरूक जनता।** अग्रवाल समाज चोमू अध्यक्ष रमेश धमोड़ व् महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल ने बताया की इस बार अग्रसेन जयंती 7 अक्टूबर को मनाई जाएगी और अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज चोमू द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चल रहे है, जैसे 7 दिवसीय योग शिविर, पेंटिंग, सुलेख, मेहंदी, संगीतमय सुंदरकांड, श्री महालक्ष्मी पूजन आदि। अग्रवाल समाज चोमू में 7 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक युवा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया की योग शिविर 28 सितम्बर 2021 से शुरू हुआ था जिसका समापन आज दिनांक 04 अक्टूबर 2021 को दीक्षा समारोह के साथ किया गया। योग शिविर गुरु अभिषेक गुप्ता ने रोज सुबह 05:30 बजे से 08:00 बजे तक योग व मैडिटेशन के बारे में समझाया। युवा महामंत्री शिव गुप्ता ने बताया की अभिषेक गुप्ता श्री श्री रविशंकर महाराज के शिष्य है और पुरे भारत वर्ष में अनेकों जगह अपने योग और मैडिटेशन के बारे में लोगो निःशुल्क जानकारिया उपलब्ध करा रहे है, इनके द्वारा करवाए जा रहे योग क्रियाओं में 3 स्टेप प्राणायाम, उज्जैयि स्वांश क्रिया, सुदर्शन क्रिया, चरों दिशाओ की क्रियाये, आदि शामिल थी । लोगो ने उनसे प्राप्त ज्ञान का भरपूर आनंद लिया साथ ही अभिषेक गुप्ता जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

ANCHOR | रियायत

# अब घर बैठे बनवाइए रोडवेज का नि:शुल्क यात्रा कार्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम कहीं से भी स्मार्ट कार्ड बनाएगा। राज्य सरकार के निर्देश के बाद निःशुल्क और रियायती यात्रा सुविधा के लिए यह व्यवस्था की गई है। अब सभी 41 श्रेणी के व्यक्तियों तथा वरिष्ठ नागरिक,विशेष योग्यजन, विधार्थी, पुरस्कृत शिक्षक, पत्रकार सहित अन्य के बनाये जाने वाले आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड का रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कर दिया गया है। इससे अब आवेदक कहीं से भी रजिस्ट्रेशन कर आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड बनवा सकेंगे। राजस्थान रोडवेज के सीएमडी ने बताया कि आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड का रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कर दिया गया है, अब आवेदक कहीं से भी रजिस्ट्रेशन कर आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड बनवा सकेंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार निःशुल्क व रियायती यात्रा सुविधा के लिए 41 श्रेणी के व्यक्तियों यथा वरिष्ठ नागरिक, विशेष योग्यजन, विधार्थी, पुरस्कृत शिक्षक, पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी, मानसिक रोगी, गेलेण्ट्री अवार्ड विजेता, अन्तर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पद्क विजेता इत्यादि के आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड अभी तक राजस्थान रोडवेज के काउण्टर्स पर बनाए जा रहे थे।

### ऐसे बनेगा नि:शुल्क एवं रियायती यात्रा कार्ड

सीएमडी रोडवेज ने बताया कि निःशुल्क एवं रियायती यात्रा के लिए पात्र व्यक्ति आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड के लिए https://rsrtcrfidsystem.co.in/SelfService/SelfLogin.asp& पर रजिस्ट्रेशन कर पात्रता के आधार पर सम्बन्धित दस्तावेजो (फोटो, पात्रता सम्बन्धी दस्तावेज, जन्म/आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र, राजस्थान मूल निवास से सम्बन्धी प्रमाण पत्र) को अपलोड कर पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड का शुल्क आगार कार्यालय से प्राप्त करने पर रू0 40/- एवं स्वयं के पते पर स्मार्ट कार्ड की डिलीवरी हेतु पोस्टल चार्जेज रू0 75/- आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड शुल्क के अतिरिक्त देय होंगे। प्राप्त प्रार्थना पत्र को आगार स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करने पर मुख्यालय स्तर से आरएफआईडी स्मार्टकार्ड बना सम्बन्धित आगार में या आवेदक द्वारा दिये गये पोस्टल पते पर भेज दिया जाएगा।

### प्रशासन शहरों और गांव के संग अभियान में भी बनाएगा कार्ड

राजस्थान रोडवेज प्रबन्धन द्वारा 02 अक्टूबर, 2021 से प्रारम्भ होने वाले प्रशासन शहरो के संग और प्रशासन गांव के संग अभियान में भी निःशुल्क एवं रियायती यात्रा के लिए पात्र व्यक्तियों के आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड भी बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि राजस्थान रोडवेज द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न श्रेणी के व्यक्तियों के निःशुल्क एवं रियायती यात्रा के लिए 2013 से आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड रोडवेज के काउण्टर्स पर रजिस्ट्रेशन कर व्यक्तिशः बनाए जा रहे थे। 2013 से अब तक 13 लाख से ज्यादा आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड जारी किया जा चुके है, इनसे निःशुल्क एवं रियायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## जागरूक खबरें

### महिला व बालिकाओं को वितरित किए गये निशुल्क सेनेटरी पैड



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के निकटवर्ती प्रागपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान टीम के तत्वावधान में महिला व बालिकाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किये गये। मंगलवार को प्रागपुरा में मंजू शर्मा,ममता शर्मा की अगुवाई में निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान संयोजक रवि कुमार शर्मा बनेठी ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका व महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की बालिका व महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत हर महिने निशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई जाएगी।पैडमैन जागरूकता अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने इस पहल व अभियान की प्रशंसा की है।

### कोटपूतली जनहित मंच के अध्यक्ष जौहरी मल वर्मा के नेतृत्व में एक्सईएन जेपी बैरवा का किया गया स्वागत



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** विद्युत विभाग के एक्सईएन जेपी बैरवा का कोटपूतली जनहित मंच के अध्यक्ष जौहरी मल वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान वर्मा ने क्षेत्र में हो रही विद्युत सम्बन्धित समस्याओं के बारे में भी एक्सईएन बैरवा को अवगत करवाया। वहीं बैरवा ने जल्द ही समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर रवि जांगल, तेजेन्द्र सिंह, फिरोज खान सहित अन्य मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु खुलवाये विगत कई वर्षों से मंदिर के बंद कमरों के ताले



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के बड़ाबास मौहल्ला स्थित राजकीय आईटीआई के पास बने शिव मंदिर के कुछ कमरों को विगत कई वर्षों से आईटीआई प्रशासन के द्वारा सामान रखकर ताला लगाया गया था।आरएलपी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देशराज पायला ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के कमरों के ताले लगे होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पर आईटीआई प्रशासन से बात कर तालों को खुलवाकर कमरों को श्रद्धालुओं के उपयोग हेतु खाली करवाया गया है। इस मौके पर डॉ.नवीन जाँगिड़, संजय जाँगिड़, शैलेन्द्र जाँगिड़,प्रदीप शर्मा,गगन शर्मा, मामचंद, विक्की स्वामी, मोनू जाँगिड़, राहुल लखेरा, जीतू लखेरा, विक्की शर्मा सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

### समाजसेवी स्व.रमेश कुमार बंसल की 6वीं पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान कर की गई श्रद्धांजलि अर्पित



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को टीम रक्तमणि के तत्वावधान में कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में समाजसेवी स्व.रमेश कुमार बंसल की 6 वीं पुण्यतिथि पर 6 युनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दल के संयोजक प्रवीण बंसल ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा अब तक यह 23 वीं बार रक्तदान किया गया है। इस दौरान प्रशांत बंसल, मानवी बंसल,श्रेया बंसल, विक्रम सिंह सैनी व सुरेन्द्र कुमार सैनी ने रक्तदान किया।वहीं इस दौरान रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्वच्छता सेवा दल के गिरवर शर्मा, मुनेश सैनी, ललित सैनी, हनुमान प्रसाद, विक्की कसाना सहित अन्य मौजूद रहे।

### रीट सहित अन्य भर्तियों में धांधली को लेकर युवाओं ने निकाला आक्रोश मार्च



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार द्वारा हाल ही में आयोजित की गई रीट परीक्षाओं सहित अन्य सरकारी भर्तियों में हुई कथित धांधली व गड़बड़ियों को लेकर क्षेत्र के युवाओं में आक्रोश का माहौल है।मंगलवार को कस्बा स्थित पालिका पार्क से बड़ी संख्या में युवाओं ने भर्तियों में धांधली व गड़बड़ियों के विरोध में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व में युवा आक्रोश मार्च निकाला।इस दौरान कार्यकर्ता भारी संख्या में नारेबाजी करते हुए पालिका पार्क से उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम डॉ.टी. शुभमंगला को ज्ञापन भी सौंपा। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, छात्रनेता दीपक गुर्जर,राजेश रावत बाला का नांगल,सुनील फामड़ा, विक्रम पनियाला, कृष्ण रावत, नरेश पनियाला, पंकज शेरावत, प्रदीप कसाना, योगेश मुक्कड़, बाबू छेपट,सुमेर पटेल, लक्खा गुर्जर, दिलीप जैनपुरबास, अजय सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## 18 माह बाद सीएमओ गए गहलोत

# मार्च 2020 के बाद पहली बार ऑफिस में 4 घंटे किया कामकाज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) पहुंचे। उन्होंने सामान्य दिनों की तरह कामकाज निपटाया। वह करीब चार घंटे तक यहां रुके। इस साल 26 जनवरी को गहलोत थोड़ी देर ही सीएमओ जाकर वापस चले गए थे, इसे छोड़ कोरोनाकाल में 18 महीने से वह कार्यालय नहीं गए थे। मार्च 2020 के आखिर में कोरोना की पहली लहर आ गई थी। उस समय लंबा लॉकडाउन रहा। गहलोत ने कोरोना की दोनों लहर में सीएम निवास से ही कामकाज किया। पहली लहर के खत्म होने के बाद जुलाई में सचिन पायलट खेमे की बगावत के बाद सियासी संकट के कारण 34 दिन तक मंत्री और विधायक होटलों में बाड़ेबंदी में रहे। उस दौरान भी गहलोत ने सीएम निवास के ऑफिस से ही काम किया। 2020 के अलावा साल 2021 में भी CMO की जगह सीएम निवास से ही पूरी बैठकें लीं। गहलोत ने कोरोना की दूसरी लहरी में 300 से ज्यादा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उद्घाटन और शिलान्यास के कार्यक्रम भी वर्चुअल ही किए।

#### बीजेपी उठा चुकी है सवाल

**बीजेपी** कई बार मुख्यमंत्री गहलोत के CMO नहीं जाने पर सवाल उठा चुकी है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित कई बीजेपी नेताओं ने गहलोत के वर्चुअल बैठकें लेने पर तंज कसते हुए वर्चुअल सीएम कहा था।

#### गांधीजी से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया

**सीएम** गहलोत ने फील्ड में सक्रिय होने के संकेत दिए हैं। गहलोत सोमवार को गांधीजी से जुड़े दो कार्यक्र मों में भाग लिया। मंगलवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ बैठक करने के बाद गहलोत उन्हें दोपहर भोज देंगे। गहलोत 8 अक्टूबर को धरियावद और वल्लभनगर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# सीबीईओ बड़गुर्जर ने किया ग्राम पवाना अहीर में विद्यालय का निरीक्षण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित सेठ मूलचन्द प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का मंगलवार को सीबीईओ महावीर प्रसाद बड़गुर्जर ने निरीक्षण किया। इस दौरान सीबीईओ ने विद्यालय गतिविधियों, शैक्षिक क्रियाकलापों, कोविड गाईडलाईन, साफ-सफाई, सुविधाओं, हरित वाटिका, पोर्टफोलियो, प्रथम परख, विद्यार्थियों के शिक्षण पाठ्यक्रम, नेशनल अचिवमेंट सर्वे आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। वहीं उन्होंने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने पर चर्चा करते हुए प्रधानाचार्य व शिक्षकों सहित भामाशाहों एवं अभिभावकों की सकारात्मक भूमिका की सराहना की। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से सीबीईओ बड़गुर्जर का साफा पहनाकर स्वागत भी किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान प्रधानाचार्य महेश चंद यादव, व्याख्याता प्रकाश चंद यादव, कन्हैयालाल खींची, रामकरण यादव, सुमन चौहान, अजय कुमार छीपी, सतवीर यादव, माया यादव, सरोज सैनी, शिवपाल यादव, प्रियंका कंवर, अशोक वर्मा, पूरणचंद मीणा, बृजलाल शर्मा, हजारी लाल, रत्तिराम यादव, माडूराम यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# तीन चौथाई से ज्यादा भारतीय चाहते हैं छुट्टियों पर जाना

### कोरोना की लहर से परेशान भारतीय अब चाहते हैं समुद्र में आनंद का गोता लगाना



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत में कोरोना की दूसरी लहर का कहर अब थमने लगा है। बीते कई दिनों से लगातार देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले कम हो रहे हैं। ऐसे में करीब डेढ़ साल से घरों में लॉकडाउन का समय बिता चुके भारतीय अब छुट्टियां मनाने बाहर जाना चाहते हैं। पिछले दिनों इसी संबंध में बिजनेस ऑफ ट्रैवल ट्रेड (बीओटीटी) की ओर से मिलेनीअल यात्रियों पर एक सर्वे किया गया। अगस्त और सितंबर 2021 के दौरान पांच सप्ताह की अवधि के लिए देशभर में 7,800 से अधिक मिलेनीअल (सहस्राब्दी) यात्रियों के साथ किए गए इस सर्वेक्षण में भारतीयों के दिल की बात सामने आई। सर्वे के अनुसार 73 प्रतिशत मिलेनीअल यात्री विदेश यात्रा करने के इच्छुक हैं। हालांकि वे ऐसा देश चुनना चाहते हैं जहां कोरोना संक्रमण के मामले कम आए हैं। वहीं 67 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे ऐसे देशों का चयन करना चाहते हैं, जहां की कोविड नीतियां आसान हों। 83 प्रतिशत लोगों की चाहत है कि वे ऐसे शहर या देश में छुट्टियां बिताने जाएं जहां समुद्री तट हो। वहीं 27 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे अपने शहर से बाहर जाना चाहते हैं।

#### ये हैं मिलेनीअल यात्री

मिलेनीअल यात्री यानी सहस्राब्दी यात्री उन्हें कहा जाता है, जिनका जन्म 1980 से 1990 के दशक के मध्य होता है। इस जनरेशन को 'वाई जनरेशन ' कहा जाता है।

#### बेहतर कनेक्टिविटी हो, आसान नियम हों

सर्वे के अनुसार 61 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे जगह का चयन करते इस बात का ध्यान रंगे कि उस जगह की कनेक्टिविटी बेहतर हो। टूर ऑपरेटर्स का कहना है कि अधिकांश भारतीय समुद्र तट वाले शहरों की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसे में अब हमें पता है कि हमें किस दिशा में काम करना है। इतना ही नहीं लोग अब अच्छे वेलनेस और स्पा रिसोर्ट्स में रहना चाहते हैं। 65 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि उनके होटल में स्पा हो। वहीं 53 प्रतिशत लोग रिसोर्ट्स में रहना चाहते हैं। 43 प्रतिशत लोग बाहर जाकर शॉपिंग करना चाहते हैं।

# बेरोजगारों ने दिया धरना, वार्ता में नहीं निकला नतीजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ की ओर से शहीद स्मारक पर रीट, एसआई और जेईएन भर्ती परीक्षाओं में हुई कथित धांधली की जांच कराने सहित कई मांगों को लेकर धरना दिया। प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव के नेतृत्व में आयोजित धरने मे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान शाम छह बजे सरकार की ओर से वार्ता का प्रस्ताव आया। चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा के निवास पर बेरोजगारों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि रीट भर्ती मामले में तथ्यात्मक सबूत मांगे गए हैं। लेकिन आज की वार्ता से हम संतुष्ट नहीं हुए। यादव ने बताया कि बेरोजगारो को न्याय नहीं मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

### सम्मान समारोह आयोजित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शख्सियत अवॉर्ड सीजन 9 का आयोजन शहर के एक होटल में स्वामी श्री बालमुकुंद आचार्य के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित गुलाबो सपेरा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पद्मश्री गुलाबो सपेरा, फिल्म एक्टर राकेश बेदी, समाजसेवी रश्मि मिश्रा, आईपीएस दिलीप जाखड़, आरएएस पंकज ओझा,नवरत्न प्रजापति, गरिमा जोशी, जीशान और फैजान साबरी ब्रदर्स, हरमन राम, राजा हसन और ममता राय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील तिवारी, विप्र सेनाध्यक्ष सुनील उदैया, फिल्म कलाकार सौरभ राय मौजूद रहे।

**समयपालना में लगातार दूसरे वर्ष प्रथम रहा जोन**

# लोडिंग में उत्तर पश्चिम रेलवे ने देश में पाया पहला स्थान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में माल लदान व समयपालना में उत्कृष्ट कार्यकर देशभर में रेलवे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसको लेकर सीईओ लेफ्टिनेंट शशिकिरण ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2021-22 में सितम्बर माह तक 13.36 मिलियन टन का प्रारंभिक लदान कर 1541.69 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। विगत वर्ष के माल लदान के प्रदर्शन को देखते हुए इस वर्ष अधिक लदान का लक्ष्य प्रदान किया गया है। वर्ष 2020-21 में 22.24 मिलियन टन माल लदान किया गया। इस वित्तीय वर्ष में रेलवे बोर्ड द्वारा 26.50 मिलियन टन का लक्ष्य प्रदान किया गया है। इस सफलता की वजह यह है कि यहां लदान आय बढ़ाने के लिए नवीन प्रयासों के तहत खेमली, बांगड़ ग्राम, अनूपगढ़, अलवर, गोटन, कनकपुरा, थेयात हमीरा, भगत की कोठी, गोटन स्टेशनों पर नई मदों की लोडिंग शुरू की गई है। दूसरी ओर जोन ने मेल-एक्सप्रेस की सितम्बर माह तक समयपालनता 98.66 प्राप्त की है, जोकि भारतीय रेलवे के समस्त रेलों में सर्वाधिक है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में भी प्रथम स्थान पर था।

# झीलों में नहीं चलेगी डीजल की नावें, पेट्रोल में यूरो 6 इंजन तो ही अनुमति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अब जिले की किसी भी झील में डीजल की नावें नहीं चलाई जा सकेंगी, तो पेट्रोल की नाव भी तब ही चल सकेगी जब इसमें इंजन यूरो सिक्स होगा। पेट्रोल नाव संचालकों को आगामी छह माह में नया इंजन लगवाकर नवीनीकरण लेना होगा, तब ही वह नाव चला सकेंगे। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा गठित निगरानी समिति की जिला कलक्ट्रेट में जिला कलक्टर चेतन देवड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। कलक्टर देवड़ा ने निर्देश दिए है कि हर पखवाड़े नगर निगम की पेट्रोलिंग टीम उन्हें इसे लेकर पूरी मुस्तैदी रखकर रिपोर्ट करेगी। यदि इस निर्णय की अनुपालना नहीं होती है, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। साथ ही झीलों के समीपस्थ क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं हो सकेगा।

#### नगर निगम व यूआईटी चलाएगी 1-1 सोलर बोट

फतहसागर व पिछोला में नगर निगम व यूआईटी एक-एक सोलर ऊर्जा की बोट चलाएगी। बैठक में सीएनजी बोट चलाने को लेकर भी चर्चा हुई, लेकिन इसके लिए पम्प लगाने पर बात आकर रुक गई, हालांकि पिछोला के समीप सीएनजी स्टेशन चिह्निकरण की बात सदस्यों ने रखी, लेकिन इस पर निर्णय नहीं हो सका। झीलों के जल को प्रदूषण से बचाने को लेकर लिए गए निर्णय के तहत सभी नाव संचालकों को भी जल्द से जल्द सोलर की नावें चलाने के लिए तैयार करने की बात कही गई।

#### औचक निरीक्षण टीम का गठन

डीजल की बोट नहीं चले इसके लिए एक औचक निरीक्षण टीम का जिला परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में गठन किया गया है। टीम ये देखेगी कि नाव में ऐसा इंजन नहीं लगा हो जो झील के पानी को प्रदूषित करें।

#### ये भी हुए निर्णय

- » गुमानिया नाले से मलबा हटाया जाएगा। जिला कलक्टर ने इसके लिए यूआईटी से पांच लाख रुपए खर्च की स्वीकृति दी है।
- » उदयसागर की जल कुंभी को हटाने के लिए डिविडिंग मशीन खरीद पर चर्चा की गई। इसे लेक र देवड़ा ने कहा कि नगर निगम के पास जो मशीन है उसे दस-दस दिन उदयसागर, फतहसागर व पिछोला में चलाकर सफाई करवाई जाए, साथ ही मेन पावर भी जरूरत पर लगाए जाए।
- » झीलों के सीमांकन के लिए मोटाम लगाने का निर्णय लिया गया।
- » कमल तलाई को लेकर नगर निगम आयुक्त एचएस बारहट ने बताया कि 1.74 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। इस पर सामने आया कि इस खर्च के बावजूद प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी आना बंद हो गया है। इस पर फिलहाल केवल चर्चा हुई कोई निर्णय नहीं हो पाया।


